नई दिल्ली

मंगलवार, 28 अक्टूबर 2025

कार्तिक मास शुक्ल पक्ष,
सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 194
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 36
न्यून. 19

# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com




पटना में गंगा घाट पर जुटे श्रद्धालु

## 'डूबते सूर्य' को दिया अर्घ्य, घाटों पर उमड़ पड़े श्रद्धालु

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश भर में लोक आस्था का महापर्व छठ पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए बिहार, झारखंड और उत्तर प्रदेश सहित देश के कई हिस्सों में घाटों पर भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। पारंपरिक गीतों और पूजा के बीच माहौल आस्थामय नजर आया। इस मौके पर न सिर्फ आम लोगों के साथ ही राजनीति और भोजपुरी इंडस्ट्री के कलाकार भी भक्ति में सराबोर नजर आए। लोग सुबह से ही तैयारी में जुटे रहे और शाम होते ही सूर्य को अर्घ्य देने के लिए घाटों पर पहुंचे। सोमवार को इस पर्व के तीसरे दिन व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य दिया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को दिल्लीवासियों के संग आस्था का महापर्व छठ मनाया। मंगोलपुरी सोनिया विहार, वासुदेव घाट पर मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना की। मुख्यमंत्री ने छठ मैया से राजधानी के लोगों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।




inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### खबर संक्षेप

### क्रिकेटर श्रेयस सिडनी के अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली। भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर सिडनी के अस्पताल में भर्ती हो गए हैं और उन्हें फिलहाल आईसीयू में रखा गया है। श्रेयस को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे वनडे मैच के दौरान फील्डिंग करते वक्त चोट लगी थी। बताया जा रहा है कि श्रेयस को आंतरिक रक्तस्राव हो रहा है। श्रेयस को बाईं पसलियों में चोट लगी थी जिस उन्हें कारण कम से कम तीन हफ्ते तक मैदान से बाहर रहना पड़ सकता है, लेकिन अब लग रहा है कि उनकी मैदान पर वापसी में देरी भी हो सकती है। दरअसल, अय्यर सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज एलेक्स कैरी का कैच लेते समय चोटिल हो गए थे।

### जूता फेंकने वाले वकील पर नहीं होगा केस




नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की एक पीठ ने सोमवार को कहा कि वे मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने की कोशिश करने वाले वकील के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के इच्छुक नहीं हैं। पीठ ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश खुद ही आरोपी वकील के खिलाफ कार्रवाई करने से इनकार कर चुके हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि अदालत में नारेबाजी करने और जूता उछालना यकीनन अदालत की अवमानना है, लेकिन ये संबंधित न्यायाधीश पर निर्भर करता है कि वे कानून के तहत कार्रवाई करते हैं या नहीं। पीठ ने कहा कि अवमानना नोटिस उस वकील को चर्चा ही मिलेगी।

### मतदाता सूची होगी 1 जनवरी 2026 की स्थिति पर आधारित

# छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश समेत 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में होगा एसआईआर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की। यह पुनरीक्षण 1 जनवरी 2026 को पात्रता तिथि मानकर किया जाएगा। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए इसका औपचारिक एलान किया। जिन राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं और ऐसे सभी राज्यों को एसआईआर की परियोजना में शामिल किया गया। मगर, असम को छोड़ दिया गया। असम में भी 2026 में विस चुनाव होने हैं। इस सवाल के जवाब में बताया गया की चुनाव से एसआईआर का कोई लेना देना नहीं। विशेष पुनरीक्षण में उन राज्यों को किया गया है जिनमें 2005 या इससे पहले एसआईआर नहीं हुआ। असम में चूँकि वर्ष 2005 में एसआईआर हुआ है। असम में हाल के वर्षों में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और उससे संबंधित वेरिफिकेशन बेस्ड वोटर रोल रिविजन पहले ही संपन्न हो चुका है। इस वजह से आयोग ने यह माना कि वहाँ अभी किसी विशेष गहन पुनरीक्षण की तात्कालिक आवश्यकता नहीं है।




#### महत्वपूर्ण तिथियाँ और कार्यक्रम

| चरण | कार्य | तिथि |
|---|---|---|
| 1 | तैयारी, प्रशिक्षण एवं मुद्रण | 28 अक्टूबर 3 नवम्बर 2025 |
| 2 | घर-घर गणना (एन्युमरेशन ) | 4 नवम्बर 4 दिसम्बर 2025 |
| 3 | मतदान केंद्रों का पुनर्गठन | 4 दिसम्बर 2025 तक |
| 4 | ड्राफ्ट रोल की तैयारी | 5 दिसम्बर 8 दिसम्बर 2025 |
| 5 | प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन | 9 दिसम्बर 2025 |
| 6 | दावे एवं आपत्तियाँ दाखिल करने की अवधि | 9 दिसम्बर 2025 8 जनवरी 2026 |
| 7 | नोटिस, सुनवाई एवं सत्यापन | 9 दिसम्बर 2025 31 जनवरी 2026 |
| 8 | मतदाता सूची की जाँच व अनुमोदन | 3 फरवरी 2026 तक |
| 9 | अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन | 7 फरवरी 2026 |

#### इन राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में होगी विशेष पुनरीक्षण प्रक्रिया

*अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्य प्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल। आयोग ने सूचना दी कि इस वर्ष के अंत से देश के 12 राज्यों तथा केंद्र-शासित प्रदेशों में मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संचालित की जाएगी। एसआईआर प्रक्रिया के लिए तैयार समय-सारिणी (प्रारंभ, एन्युमेरेशन, दावे-आपत्तियाँ, अंतिम सूची) आयोग द्वारा सार्वजनिक की गई है। अगले चरण में शामिल राज्यों/केन्द्रीय प्रदेशों की सूची जारी की गई — इनमें उत्तरप्रदेश और वेस्ट बंगाल भी शामिल हैं। आयोग ने यह स्पष्ट किया कि आधार कार्ड नागरिकता या स्थायी निवास प्रमाण नहीं है, लेकिन पहचान प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जा सकता है। आयोग ने कहा कि मतदाता-सूची में नाम दो-दो जगह होने का अर्थ नहीं है कि व्यक्ति दो बार मतदान कर सकता है; दायित्व यह है कि सिर्फ एक नाम पर मतदान हो। ज्ञानेश कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि किसी भी राज्य सरकार-विशेष दल के साथ आयोग की "संघर्ष" नहीं है, उनका फोकस नागरिकों को सही-सूची उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि अधिकारी मतदान केंद्रों के बीएलओ घर-घर जाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्र करेंगे। जिन व्यक्तियों के नाम ड्राफ्ट रोल में शामिल नहीं होंगे, उनकी सूची संबंधित पंचायत भवन, नगर निकाय कार्यालय एवं ब्लॉक कार्यालयों में प्रदर्शित की जाएगी। किसी भी मतदाता से एन्युमेरेशन फेज के दौरान कोई दस्तावेज नहीं लिया जाएगा।आयोग ने निर्देश दिया है कि सभी राज्यों के मुख्य सचिव यह सुनिश्चित करें कि निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े अधिकारी (जैसे सीईओ, डीईओ, ईआरओ, बीएलओ आदि) को आवश्यक संसाधन और जनशक्ति उपलब्ध कराई जाए। किसी भी पद को इस अवधि में रिक्त नहीं रहने दिया जाएगा और किसी अधिकारी का तबादला आयोग की पूर्व स्वीकृति के बिना नहीं किया जा सकेगा। आयोग ने राज्यों से यह भी कहा है कि वे नागरिकों को अपने नाम की जाँच के लिए वेबसाइट पर सुविधा उपलब्ध कराएँ। इस बार संशोधित एन्युमरेशन फॉर्म और डिक्लेरेशन फॉर्म जारी किए गए हैं, जिनमें मतदाता का क्यूआर कोड, पूर्व फोटो, और आधार नंबर (वैकल्पिक) जैसे कॉलम शामिल होंगे। प्रत्येक बीएलओ को 30 फॉर्म-6 और डिक्लेरेशन फॉर्म्स साथ लेकर चलने होंगे ताकि नए मतदाताओं को मौके पर ही पंजीकरण की सुविधा दी जा सके।*

### आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों को लगाई लताड़

## देश की इमेज विदेश में खराब हो रही है, मुख्य सचिव तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को हलफनामा दाखिल न करने पर तलब किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कंप्लायंस एफिडेविट फाइल किया है। अदालत ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा बाकी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 3 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया। 22 अगस्त को कोर्ट ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों को नोटिस जारी किया था और आदेश की बड़े पैमाने पर रिपोर्टिंग भी हुई थी। जस्टिस नाथ ने कहा कि लगातार घटनाएं हो रही हैं और देश की इमेज दूसरे देशों की नजर में खराब हो रही है। हम न्यूज रिपोर्ट भी पढ़ रहे हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई

## डिजिटल अरेस्ट मामलों की जांच सीबीआई को सौंपी जाए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



देशभर में बढ़ते डिजिटल अरेस्ट स्कैम को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी करते हुए साइबर अरेस्ट मामलों की पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले की अगली सुनवाई 3 नवंबर को होगी। कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को सौंपी जा सकती है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से इस तरह के मामलों में दर्ज एफआईआर की जानकारी मांगी है।

### मुख्यमंत्री सैनी ने स्टेट प्रगति पोर्टल पर 75 करोड़ रुपए से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा की

## नायब ने दिए निर्देश, महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी हों

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को स्टेट प्रगति पोर्टल पर 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न 7 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी बैठक में ऐसे विभागों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाए, जिनकी परियोजनाएं अंतर-विभागीय मुद्दों के कारण समय पर पूर्ण नहीं हो पा रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसी बैठकों में संबंधित विभागों की उपस्थिति से इन समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सकेगा, जिससे परियोजनाएं समय पर पूरी हों और नागरिकों को उनका लाभ शीघ्र मिल सके। मुख्यमंत्री ने हिसार जिले में मिर्जापुर रोड से राष्ट्रीय राजमार्ग-9 को राष्ट्रीय राजमार्ग-52 से जोड़ने वाली चार लेन सड़क, बुढलाडा–रतिया–फतेहाबाद–भट्टू–भादरा सड़क निर्माण, घोगरीपुर से हरियाणा-दिल्ली सीमा तक दो लेन वाली रिलीफ रोड के निर्माण, नोएडा से फरीदाबाद होते हुए गुरुग्राम तक मास्टर रोड के निर्माण, पश्चिमी फरीदाबाद से पूर्वी फरीदाबाद तक निर्बाध संपर्क प्रदान करने वाली ▶▶ शेष पेज 5 पर

### इन प्रोजेक्ट्स में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) यानी मदरबोर्ड बेस, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर लैमिनेट और पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म्स जुड़े प्रस्ताव शामिल

## केंद्र ने 5,532 करोड़ रुपये के सात नए इलेक्ट्रॉनिक्स प्रोजेक्ट्स को दी मंजूरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली


देश के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के तहत सात नए प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि सरकार को इस योजना के तहत कुल 249 प्रस्ताव मिले थे, जिनमें से प्रारंभिक चरण में 7 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। इन प्रोजेक्ट्स में प्रिंटेड सर्किट बोर्ड (पीसीबी) यानी मदरबोर्ड बेस, कैमरा मॉड्यूल, कॉपर लैमिनेट और पॉलीप्रोपाइलीन फिल्म्स (जो कैपेसिटर और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में उपयोग होती हैं) के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव शामिल हैं। ज्ञात हो कि दस वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन करीब चार गुना बढ़ चुका है। यह 2014 के 2.4 लाख करोड़ रूपये से बढ़कर 2024 में 9.8 लाख करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग अकेले ▶▶ शेष पेज 5 पर

### सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से मांगी रिपोर्ट

## छात्रों में बढ़ती आत्महत्या को रोकने के लिए आपने क्या कदम उठाए?



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली




न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से आठ हफ्तों में छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या रोकथाम से जुड़े दिशानिर्देशों के पालन पर रिपोर्ट मांगी है। अदालत ने केंद्र को भी अनुपालन हलफनामा दाखिल करने के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है। यह मामला 25 जुलाई को दिए गए उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे दो महीने के भीतर निजी कोचिंग संस्थानों के लिए अनिवार्य पंजीकरण, छात्र सुरक्षा मानक और शिकायत निवारण प्रणाली से संबंधित नियम अधिसूचित करें। अब इस मामले की अगली सुनवाई जनवरी 2026 में होगी।

### सुझावों को साझा करने का एक सुनहरा अवसर

## विकसित भारत यूथ लीडर्स डायलॉग 2.0 : प्रधानमंत्री ने युवाओं से किया राष्ट्र निर्माण में भागीदारी का आह्वान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की है। उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2.0' के शुभारंभ की जानकारी देते हुए कहा कि यह पहल युवाओं के लिए अपने विचारों, सुझावों और दृष्टिकोण को साझा करने का एक सुनहरा अवसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संदेश में कहा, "विकसित भारत यूथ लीडर्स डायलॉग 2.0 हमारे युवाओं के लिए एक बेहतरीन अवसर है, जिससे वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें। हमारे युवाओं के विचार और अंतर्दृष्टियाँ विकसित भारत के निर्माण में नई दिशा दिखा सकती हैं।" उन्होंने यह भी बताया कि इस संवाद में भाग लेने का रास्ता एक विशेष क्विज़ प्रतियोगिता से होकर जाता है। उन्होंने सभी युवाओं से आग्रह किया कि वे इस प्रतियोगिता में हिस्सा लें और अपने विचारों के माध्यम से भारत के विकास में सहभागी बनें। ▶▶ शेष पेज 5 पर

#### क्या है विकसित भारत यूथ लीडर्स डायलॉग 2.0

*'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2.0' केंद्र सरकार की एक पहल है जिसका उद्देश्य युवाओं को नीति निर्माण और विकास प्रक्रिया से सीधे जोड़ना है। इसके तहत देशभर के छात्र, युवा पेशेवर और नवाचार में रुचि रखने वाले लोग अपनी भागीदारी दर्ज करा सकते हैं। इस संवाद के माध्यम से युवाओं के विचारों को नीतिगत योजनाओं में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।*

### पैदल यात्रियों के बीच गुजरेंगी गाड़ियां

## ऋषिकेश में बन रहा भारत का कांच का 'पहला सस्पेंशन ब्रिज'

एजेंसी ▶▶ ऋषिकेश



यहां नया बजरंग सेतु ग्लास सस्पेंशन ब्रिज लक्ष्मण झूले की जगह लेगा और पैदल यातायात के लिए बनेगा। बजरंग सेतु की लंबाई 132 मीटर है और इसे 31 दिसंबर 2025 तक लगभग 69 करोड़ रुपए की लागत से पूरा किया जाएगा। पुल पर दोनों तरफ पैदल चलने का रास्ता और बीच में दोपहिया वाहन चलाने के लिए 5.30 मीटर चौड़ी लेन बनाई गई है। यह देश का सबसे अनोखा पुल होगा, क्योंकि इसमें दोनों तरफ यात्रियों के आने जाने पैदल चलने के लिए शीशे का पुल बनाया जा रहा है और बीच में टू व्हीलर के आने-जाने का रास्ता है। ऋषिकेश का बजरंग सेतु जल्द ही पर्यटकों के लिए खुल जाएगा। इंजीनियरिंग का बेजोड़ नमूना बजरंग सेतु लगभग 90 फीसदी बन चुका है। ये ग्लास वाला डिजाइन दिन में गंगा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

### लिव-इन पार्टनर सहित तीन लोगों को किया गिरफ्तार

# महिला ने दो साथियों के साथ मिलकर यूपीएससी अभ्यर्थी को उतारा मौत के घाट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



गांधी विहार इलाके में यूपीएससी (संघ लोक सेवा आयोग) परीक्षा की तैयारी कर रहे 32 वर्षीय अभ्यर्थी का जला हुआ शव मिलने के कुछ दिनों बाद दिल्ली पुलिस ने हत्या के सिलसिले में उसकी 'लिव-इन पार्टनर' (सहजीवन साथी) सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि फोरेंसिक साइंस में बीएससी कर रही 21 वर्षीय महिला, उसके पूर्व प्रेमी और उनके साथी को गिरफ्तार कर लिया गया है। ये सभी उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद के रहने वाले हैं। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि युवक के साथ 'लिव-इन' में रह रही महिला ने दोनों आरोपियों के साथ मिलकर उसकी हत्या की साजिश रची और बाद में उसके शव को आग लगा दी ताकि यह लगे कि यह आग दुर्घटनावश लगी है। मृतक की पहचान रामकेश मीणा के रूप में की गयी है। वह गांधी विहार स्थित एक इमारत की चौथी मंजिल पर रहता था। सूत्र ने बताया कि छह अक्टूबर को पुलिस को एसी में विस्फोट के कारण फ्लैट में आग लगने की सूचना मिली। दमकल की गाड़ियों ने आग बुझाई और कमरे से बुरी तरह जला हुआ शव बरामद किया। शुरुआत में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया और जांच शुरू की गई। सूत्र ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि पांच और छह अक्टूबर की रात को चेहरा ढके दो लोग इमारत में घुसे थे और तड़के लगभग दो बजकर 57 मिनट पर एक महिला उनमें से एक के साथ बाहर निकलती हुई दिखाई दी। सूत्र ने बताया कि उनके जाने के कुछ ही देर बाद आग लग गई।

उन्होंने बताया कि जांच के दौरान महिला के 'कॉल डिटेल रिकॉर्ड' से पता चला कि वह अपराध स्थल के पास मौजूद थी जिससे संदेह पैदा हुआ। मुरादाबाद में कई छापे मारे गए और 18 अक्टूबर को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसने अपना अपराध कबूल कर लिया और अपने दो साथियों के नाम बताए। इसके बाद उसके दो साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

सूत्रों ने कहा कि महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि मीणा ने उसके अश्लील वीडियो रिकॉर्ड कर लिए थे और उन्हें डिलीट करने से इनकार कर दिया था। उसने यह बात अपने पूर्व प्रेमी को बताई जिससे वह आग बबूला हो गया और मीणा को खत्म करने का फैसला कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, तीनों ने मीणा का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी और फिर उस पर तेल, घी और शराब छिड़क दी। महिला के पूर्व प्रेमी ने एक गैस सिलेंडर का वाल्व खोलकर उसमें लगा दी, जिससे विस्फोट हो गया। वह एलपीजी वितरक का काम करता था। इसके बाद वे मीणा की हार्ड डिस्क, लैपटॉप और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से एक हार्ड डिस्क, एक ट्रॉली बैग, मृतक की कमीज और दो मोबाइल फोन बरामद किए हैं। उन्होंने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# चेन झपटमारी के आरोप में बंटी-बबली भाई-बहन अरेस्ट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने नशे के आदी भाई-बहन को गिरफ्तार किया है, जिन्हें बंटी-बबली की जोड़ी कहा जाता है। इन पर दक्षिणी दिल्ली और आसपास के इलाकों में महिलाओं से सोने की चेन झपटने का आरोप है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपियों की पहचान नीलम उर्फ रीता (24) और उसके 17 वर्षीय भाई के रूप में हुई है, दोनों अंबेडकर नगर के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार, दोनों भाई-बहन नशे के आदी हैं और आपराधिक पृष्ठभूमि वाले परिवार से हैं।

उनका पिता कभी 'ठक-ठक' गिरोह का सदस्य था जो 2018 में उत्तर प्रदेश में 40 लाख रुपये की डकैती में शामिल थे, जिसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई थी। बाद में एक मुठभेड़ में घायल होने के बाद, वह अब व्हीलचेयर पर है। उन्होंने बताया कि उनके पास से सोने की चार चेन और अपराध में इस्तेमाल एक स्कूटर बरामद किया गया है।

दक्षिण दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने कहा कि हाल के हफ़्तों में मालवीय नगर, कोटला मुबारकपुर और कर्तव्य पथ से स्कूटर सवार एक लड़के और एक लड़की द्वारा चेन झपटमारी की कई घटनाएं सामने आई हैं। सभी मामलों में, लड़की चेन छीन लेती थी और लड़का तेज़ी से भाग जाता था। पुलिस ने बताया कि 50 से ज़्यादा कैमरों के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज और स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर, संदिग्धों का दक्षिणपुरी इलाके में होने का पता चला। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि एक संक्षिप्त अभियान के बाद उन्हें साकेत के पुष्प विहार से गिरफ्तार कर लिया गया।

# हिस्ट्रीशीटर समेत तीन झपटमार पकड़े

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली पुलिस ने पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन इलाके में तीन कथित झपटमारों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से एक को संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद पकड़ा गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान राजन उर्फ भोला (22), सोनू (33) और करण (20) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर राजन के दाहिने पैर में गोली लगी।

पश्चिम दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) शरद भास्कर दराडे ने एक प्रेस वार्ता के दौरान कहा, ₹वह मुख्य आरोपी है और चोरी, छीनाझपटी, डकैती और शस्त्र अधिनियम के तहत अपराधों समेत 46 मामलों में संलिप्तता के साथ उसका लंबा आपराधिक रिकॉर्ड है।₹ उन्होंने कहा कि ये गिरफ्तारियां जिले में सड़कों पर होने वाले अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए ₹समन्वित छापों की श्रृंखला₹ के बाद की गई हैं। अधिकारी ने बताया, ₹एक टीम झपटमारी के एक मामले की जांच कर रही थी और सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के विश्लेषण से अपराध में इस्तेमाल की गई कार का पता चला। कार सोनू के पास मिली, जिसे बाद में पकड़ लिया गया। पुलिस ने उसके पास से छीने गए 15,000 रुपये बरामद किए।₹ पूछताछ के दौरान सोनू ने कथित तौर पर राजन और करण की संलिप्तता का खुलासा किया और कहा कि वे पकड़े जाने से बचने के लिए मिलने के स्थान अक्सर बदलते रहते थे। अधिकारी के अनुसार, पुलिस ने सूचना के आधार पर करण को गिरफ्तार कर लिया और अपराध में प्रयुक्त स्कूटर भी बरामद कर लिया, जो राजन के नाम पर पंजीकृत है। दराडे ने कहा, ₹रविवार को एक टीम ने बसई दारापुर के पास जाल बिछाया। शाम को राजन चोरी के स्कूटर पर आया। रुकने का इशारा करने पर आरोपी ने पिस्तौल निकाली और पुलिस दल पर गोलीबारी कर दी।₹ उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने की बार-बार चेतावनी दिए जाने के बावजूद उसने टीम पर फिर से गोली चलाई, जिसके बाद टीम ने आत्मरक्षा में जवाबी गोली चलाई, जिससे आरोपी का दाहिना पैर घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि राजन को तुरंत उपचार के लिए गुरु गोबिंद सिंह सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से एक पिस्तौल, दो कारतूस, एक कार, दो स्कूटर (जिनमें से एक चोरी का है) और 15,000 रुपये की लूटी गई नकदी बरामद की गई है। डीसीपी ने बताया कि गिरफ्तारी के साथ ही झपटमारी के पांच मामले सुलझा लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सोनू चोरी की संपत्ति लेता था जबकि करण राजन का करीबी सहयोगी है और झपटमारी के दौरान मदद मुहैया कराता था।

# कबाड़ व्यापारी पर पेपर कटर से हमला मामले में युवक अरेस्ट

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

उत्तर-पूर्व दिल्ली के वेलकम इलाके में एक कबाड़ व्यापारी पर पेपर कटर से हमला करने के आरोप में 22 वर्षीय एक युवक को गिरफ्तार किया गया है और उसका नाबालिग साथी भी पकड़ा गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि 25 अक्टूबर को जनता मजदूर कॉलोनी स्थित अपनी कबाड़ की दुकान पर मोहसिन (33) का आरोपियों से विवाद हो गया था जिसके बाद उस पर पेपर कटर से हमला किया गया। अधिकारी के अनुसार घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। घायल मोहसिन को जग प्रवेश चंद्र अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बाद में इलाज के लिए उन्हें गुरु तेग बहादुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शिकायतकर्ता के अनुसार, दुकान पर आए दो लोग उनसे गाली-गलौज करने लगे और विरोध करने पर आरोपियों ने किसी नुकीले हथियार से उन पर हमला कर दिया। इसके बाद दोनों मौके से फरार हो गए। अधिकारी ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान हमलावरों में से एक की पहचान जनता मजदूर कॉलोनी निवासी फरदीन (22) के रूप में हुई, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके नाबालिग साथी को भी हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने बताया कि हमले में इस्तेमाल किया गया पेपर कटर बरामद कर लिया गया है।

एक अधिकारी ने कहा कि पूछताछ के दौरान आरोपियों ने अपराध कबूल कर लिया है। फरदीन पहले भी हत्या के प्रयास के एक अन्य मामले में शामिल रहा है। पुलिस ने कहा कि घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ने और हमले की वजह का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

## 20 लाख रुपये की चोरी के आरोप में एक गिरफ्तार

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने चोरी के एक मामले में 54 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी के 20.33 लाख रुपये बरामद किए हैं। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। आरोपी की पहचान हरप्रीत सिंह मारवाह के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, बिजली के तारों की आपूर्ति का कारोबार करने वाले शिकायतकर्ता प्रवीण बंसल ने बताया कि उनके कर्मचारी अमित कुमार ने बृहस्पतिवार को पूरी दिल्ली से बिजली की दुकानों से 20.73 लाख रुपये जमा किए थे। हालांकि, पीतमपुरा में उनके स्कूटर से नकदी वाला बैग गायब हो गया। बाद में, शिकायतकर्ता को पुलिस का फोन आया जिसमें बताया गया कि एक व्यक्ति ने गुम हुआ बैग जमा कर दिया है। पुलिस ने बताया कि थाने पहुंचने पर शिकायतकर्ता ने पाया कि बैग में केवल दस्तावेज थे, जबकि नकदी गायब थी। उसने बताया कि बैग ढाबा संचालक मारवाह ने जमा कराया था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान, मारवाह के घर की तलाशी ली गई और नकदी बरामद कर ली गई। आरोपी ने लालच में आकर चोरी की थी।

# सीमापुरी इलाके में गोलीबारी करने के आरोप में युवक दबोचा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के सीमापुरी इलाके में कुछ दिन पहले निजी विवाद को लेकर एक मकान पर गोलीबारी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर 23 वर्षीय आदित्य को रविवार शाम आनंद विहार स्थित क्रॉस रिवर मॉल के पास से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों के अनुसार, बुधवार को आदित्य और उसके साथियों ने सीमापुरी स्थित सलीम के आवास पर कथित तौर पर पांच गोलियां चलाई और फिर गाजियाबाद की ओर भाग गए। इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। पुलिस ने बताया कि गोलीबारी एक निजी विवाद का नतीजा थी। एक दिन पहले आदित्य और सलीम के भतीजे शाहरुख के बीच बहस हुई थी। अधिकारी ने कहा कि इस झगड़े से गुस्साए सलीम और उसके साथियों ने कथित तौर पर आदित्य के परिवार को धमकी दी थी। इसका बदला लेने के लिए आदित्य और उसके साथियों ने उन्हें सबक सिखाने के लिए हमला किया।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रेखा पत्नी लंकुश निवासी:** 842, टी–हट्स मीरा बाग, नई दिल्ली ने **FIR No. 190/2021 U/s 160 IPC थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रेखा** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रेखा** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 190/2021 U/s 160 IPC थाना: पश्चिम विहार ईस्ट, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **रेखा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **23.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
भारती गर्ग
जेएमएफसी-II, (वेस्ट), कमरा नं. 31
तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14363/OD/2025
(Court Notice)


### छात्रा पर एसिड अटैक को लेकर एलजी एक्शन में, पुलिस आयुक्त को दिए आरोपी को जल्द पकड़ने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाली द्वितीय वर्ष की एक छात्रा पर रविवार सुबह हुए एसिड अटैक के बाद उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना एक्शन मोड़ में हैं। राजनिवास द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार एलजी ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गहरा दुख व्यक्त किया और दिल्ली पुलिस आयुक्त सतीश गोलचा को तत्काल और कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एलजी ने आयुक्त को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द आरोपियों को पकड़े और कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। एलजी ने कहा कि इस तरह की घटनाएं समाज के लिए शर्मनाक हैं और इन्हें किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। वहीं एलजी ने दिल्ली में आसानी से तेजाब की उपलब्धता पर भी जबाब मांगा है। एलजी ने आयुक्त से घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगते हुए पूछा है कि शहर में तेजाब की बिक्री पर प्रतिबंध होने के बावजूद हमलावरों ने इसे कैसे हासिल किया। यह सवाल तेजाब की खुदरा बिक्री पर लागू नियमों की प्रभावशीलता पर गंभीर चिंताएं पैदा करता है.। उन्होंने निर्देश दिया कि पुलिस इस पहलू की गहराई से जांच करें और तेजाब की अवैध बिक्री पर रोक लगाने के लिए प्रभावी तंत्र स्थापित करे। इसके अलावा एलजी सक्सेना ने पीड़ित छात्रा और उसके परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया है। एलजी ने अस्पताल अधिकारियों से आग्रह किया है कि पीड़िता का सर्वोत्तम इलाज सुनिश्चित किया जाए। बता दें कि दिल्ली में एसिड की खुली बिक्री नहीं हो सकती। पकड़े जाने पर या नियमों के उल्लंघन होने पर संबंधित उप जिलाधिकारी 50 हजार रुपये तक का जुर्माना लगाने का अधिकार रखता है।

### एसिड बिक्री पर रोक लगाने हेतु सभी राज्य एवं केंद्र सरकार एक साथ काम करे : मालीवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली से राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल ने सोमवार को दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा पर हुए एसिड अटैक को बेहद दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि एसिड बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी राज्य की सरकारें एवं केंद्र सरकार एक साथ काम करें। एसिड किसी भी बेटी की जिंदगी बर्बाद ना कर पाए। स्वाति मालीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर सोमवार को लिखा कि दिल्ली यूनिवर्सिटी की 20 वर्षीय छात्रा पर एसिड अटैक किया गया। ये घटना बेहद दुखद एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। इस हमले को अंजाम देने वालों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। अपने जीवन में एसिड अटैक सर्वाइवर्स के साथ बहुत काम किया है और उनके दर्द को करीब से महसूस किया है। एसिड बिक्री पर पूर्णतः रोक लगाने हेतु सभी राज्य एवं केंद्र एक साथ काम करें। एसिड किसी भी बेटी की जिंदगी बर्बाद ना कर पाए।

# मुठभेड़ के बाद हथियार आपूर्तिकर्ता गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

दिवाली की रात तैमूर नगर में गोलीबारी की घटना के मामले में वांछित एक व्यक्ति को दक्षिण पूर्व दिल्ली में पुलिस से हुई मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि बीते पांच दिन से फरार हथियारों का आपूर्तिकर्ता तेजस उर्फ भरत (28) आस्था कुंज पार्क इलाके में है, जिसके बाद उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया गया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पुलिस टीम ने जब तेजस को रोकने की कोशिश की तो उसने उस पर गोली चला दी। एक हेड कांस्टेबल की बुलेट प्रूफ जैकेट पर गोली लगी। अधिकारी ने कहा कि पुलिस टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए आत्मरक्षा में गोली चलाई, जो उसकी बाईं टांग में लगी। उन्होने कहा कि उसे काबू में करके इलाज के लिए तत्काल एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। पुलिस को मुठभेड़ स्थल से देसी पिस्तौल, तीन कारतूस और दो खोखे मिले हैं। जांच में पता चला है कि तेजस के खिलाफ हत्या का प्रयास, शस्त्र अधिनियम और आबकारी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत नौ मामले दर्ज हैं। पुलिस ने कहा कि तेजस दिवाली की रात तैमूर नगर में हुई गोलीबारी की वारदात में शामिल था और तब से फरार था।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वरुण, पुत्रः सुदर्शन, पताः पश्चिम बंगाल–74, वजीरपुर गाँव, अशोक विहार, दिल्ली** ने **FIR No. 334/2023, U/s 380/454/511/34 IPC, पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वरुण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 334/2023, U/s 380/454/511/34 IPC, पुलिस थाना रूप नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **वरुण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **11.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री हिमांशी त्यागी
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–13
सेंट्रल, कमरा नं. 33, भूतल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/14396/N/2025


## बेरोजगार बस मार्शलों ने चंदगीराम अखाड़े पर किया प्रदर्शन

# रोजगार दो या फिर दो मृत्यु का अधिकारः पूर्व बस मार्शल

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली सिविल डिफेंस के पूर्व बेरोजगार बस मार्शलों ने अपने सुनिश्चित रोजगार की मांग को लेकर सोमवार को सुबह करीब 10 बजे चंदगीराम अखाड़ा, सिविल लाइंस पर प्रदर्शन किया। पूर्व मार्शल मुकेशपाल सिंह ने बताया कि यहां करीब 900 बेरोजगार बस मार्शलों ने लिखित उपस्थिति दर्ज कराई। ये सभी मार्शल एक ही मांग लेकर यहां पहुंचे थे कि हमें रोजगार दो या फिर मृत्यु का अधिकार। पूर्व मार्शल ने बताया कि धरना प्रदर्शन शांतिपूर्ण तरीके से चल रहा था, लेकिन पुलिस प्रशासन ने छठ पर्व की सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए दोपहर 12 बजे सभी बस मार्शलों को स्थल से हटा दिया। हालांकि इससे पहले, पुलिस प्रशासन द्वारा रोजगार हेतु ज्ञापन और उपस्थिति सूची उपराज्यपाल और मुख्यमंत्री आवास पर रिसीव कराई गई।

इन मार्शलों ने भाजपा नेताओं पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि दिल्ली में भाजपा के सभी सांसदों और विधायकों ने विधानसभा चुनाव से पहले वादा किया था कि यदि भाजपा सरकार सत्ता में आती है तो 2 महीने के भीतर सभी बेरोजगार बस मार्शलों को स्थायी रोजगार दिया जाएगा। लेकिन अब तक भाजपा सरकार की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक नोटिफिकेशन या रोजगार बहाली आदेश जारी नहीं किया गया। इन मार्शलों ने कहा कि भाजपा के नेताओं के वादे अब खोखले साबित हो रहे हैं। हमने देश की बेटियों की सुरक्षा की, लेकिन हमारे घर आज भूख और निराशा से भरे हैं।

### दिन रात की कोरोना काल में सेवा

यहां इन मार्शलों ने कहा कि सरकार हमें नियमित और स्थायी रोजगार दे ताकि हमारे परिवार फिर से सम्मानपूर्वक जी सकें। यदि सरकार रोजगार देने में असमर्थ है, तो हमें मृत्यु का अधिकार दे दे, क्योंकि 8 से 10 साल सेवा करवाने के बाद हमें बेरोजगारी के अंधकार में धकेल दिया गया है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में दिन रात सेवा की और महिलाओं की सुरक्षा के लिए बसों में ड्यूटी की, लेकिन अब उन्हीं को सरकार ने सड़क पर ला दिया।

## मादीपुर इलाके में जूता फैक्टरी में लगी आग कोई हताहत नहीं

नयी दिल्ली, 27 अक्टूबर (भाषा)

पश्चिमी दिल्ली के मादीपुर में सोमवार दोपहर एक जूता फैक्ट्री में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आग लगने की सूचना अपराह्न 1.04 बजे मिली, जिसके बाद दमकल की छह गाड़ियों को घटनास्थल पर भेजा गया। उन्होंने कहा कि अग्निशमन कार्य अभी जारी है। अभी तक किसी के घायल होने या हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने के कारण का अभी तक पता नहीं चल पाया है।


**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 07 नवंबर 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : डांड | |
| 378662000983 | कविता रानी |
| शाखा का नाम : गुड़गांव-सेक्टर 86 | |
| 489562000054 | ललित कुमार |
| शाखा का नाम : कलायत | |
| 378862000914 | संदीप संदीप |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नारायणगढ़ | |
| 093162005749 | प्रदीप कुमार |
| शाखा का नाम : पेहोवा | |
| 073062005665 | मुनीष गुप्ता |
| शाखा का नाम : सोनीपत-सिक्का कॉलोनी | |
| 662362601391 | आशीष सोढ़ी |
| शाखा का नाम : खनौरी, पंजाब | |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| 356162002288 | विक्रमजीत सिंह |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका सेक्टर 23ए | |
| 778357000015 | विनय कुमार प्रजापति |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-शालीमार बाग | |
| 036962004529 | विरेंद्र |

दिनांक : 28.10.2025
स्थान : अम्बाला, गुरुग्राम, सोनीपत, कैथल, कुरुक्षेत्र गुड़गांव, जीन्द

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank
पंजीकृत कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर, निकट चाकली सर्कल, पुराना पाडरा रोड, वडोदरा-390007
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलैक्स, मुम्बई 400051

**स्वर्ण ई-नीलामी-सह-आमंत्रण सूचना**

नीचे वर्णित कर्जदारों को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ("आईसीआईसीआई बैंक") से उनको उपलब्ध करवाई गई स्वर्ण आभूषणों के तहत सुविधा ("सुविधा") के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये नोटिस जारी किये गये हैं। हम गिरवी रखे गये स्वर्ण आभूषणों की 07 नवंबर 2025 को एक ई-नीलामी आयोजित करने के लिये बाध्य हैं क्योंकि वे बकाया राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहे हैं। आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के ई-नीलामी तिथि को परिवर्तित करने / अकाउंट को हटाने के लिये अधिकार रखता है। नीलामी अप. 12:30 बजे से अप. 3:30 बजे के बीच https://jewel-auction.procuretiger.com पर ऑनलाइन आयोजित की जाएगी। विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट लॉगइन करें। मृतक कर्जदार के मामले में, सभी शर्तें कानूनी वारिसों के लिये लागू होंगी।

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली-बुराड़ी | |
| 401462002628 | फरहत जहां |
| शाखा का नाम : दिल्ली-पीतमपुरा पीयू ब्लॉक | |
| 732105000597 | तरुण कुमार गुप्ता |
| शाखा का नाम : दिल्ली-रोहिणी सेक्टर-3 | |
| 425457000023 | पायल शर्मा |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : दिल्ली, साउथ एक्सटेंशन | |
| 664262601337 | प्रमोद असोपा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-चितरंजन पार्क | |
| 757762000580 | दीपांकर सिन्हा |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-द्वारका सेक्टर 23ए | |
| 778357000015 | विनय कुमार प्रजापति |

| ऋण अकाउंट नं. | ग्राहक का नाम |
|---|---|
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-शक्तिनगर | |
| 100457000028 | इंदिरा चंडालक |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-शालीमार बाग | |
| 036962004529 | विरेंद्र |
| शाखा का नाम : नई दिल्ली-विशाल एंकलेव | |
| 630157000626 | आमिर अली |

दिनांक : 28.10.2025
स्थान : उत्तर-पश्चिम दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली, साउथ दिल्ली, साउथ-ईस्ट दिल्ली, साउथ-वेस्ट दिल्ली, वेस्ट दिल्ली

हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी
कृते आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

# छठ घाटों पर डाला लेकर पहुंचे श्रद्धालु, डूबते सूर्य को दिया अर्घ्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

तीसरे दिन सोमवार की शाम सैंकड़ों छठ घाटों पर हर तरफ डाला लेकर पहुंचे हजारों श्रद्धालु की भीड़ देखने को मिली। सिर पर श्रद्धा और विश्वास से भरा डाला और संग में पूरा परिवार छठी मइया के प्रति आस्था लिए खुशी खुशी पहुंचे।

शाम के समय सभी घाटों पर यमुना नदी व कुछ प्राकृतिक नहरों को छोड़ दे तो कृत्रिम तालाबों का नजारा ऐसा दिखाई दिया मानों खुद सूर्य भगवान पानी में उतरकर व्रतधारियों व श्रद्धालुओं को आर्शीवाद दे रहे हों। व्रतधारियों ने अपनी अपनी परंपरानुसार डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया व मंगलकामनाएं की। घाट में भरे पानी के अंदर रात भर पानी में खड़े रहकर व्रतधारियों ने छठी मइया की उपासना की। जबकि दूसरी तरफ पंडालों के अंदर आयोजकों ने अपने अपने स्तर पर गीत संगीत, भजन, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि आयोजित किए।

आयोजन स्थलों पर पूरा मेला जैसा माहौल बना रहा जिसमें खाने पीने से लेकर बच्चों के खेल खिलौने, कपड़े, घरेलू साज सज्जा के सामान व दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर भी खरीदारों की भीड़ देखने को मिली। वहीं देर रात तक विभिन्न दलों के नेता पंडालों में घूम घूम कर लोगों को छठ पर्व की शुभकामनाएं देते रहे।



## मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के घर पर हुआ छठ पर्व का भव्य आयोजन



**नई दिल्ली।** दिल्ली के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) और जल मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने सोमवार को अपने सरकारी आवास 20, विंडसर प्लेस पर छठ पर्व का भव्य आयोजन कराया। इस अवसर पर उन्होंने अपने आवास परिसर में ही सुंदर छठ घाट का निर्माण कराकर आसपास के निवासियों के लिए पूजा-अर्चना की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित की। यह पहली बार है जब किसी मंत्री के घर पर छठ पूजा का इतना भव्य और जनसहभागिता से जुड़ा आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में पहुंचकर छठी मइया और भगवान सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया। मंत्री प्रवेश साहिब सिंह के परिवार ने भी इस आयोजन में पूर्ण निष्ठा और भावनात्मक जुड़ाव के साथ हिस्सा लिया।

## रविंद्र इंद्राज ने छठ घाटों पर जाकर श्रद्धालुओं को दीं शुभकामनाएं



**नई दिल्ली।** छठ महापर्व के पावन अवसर पर दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने बवाना विधानसभा के विभिन्न छठ घाटों पर जाकर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और संध्या अर्घ्य में सम्मिलित होकर व्रतियों के साथ भगवान सूर्य एवं छठी मइया का पूजन किया। इस अवसर पर मंत्री रविंद्र इंद्राज ने कहा कि छठ महापर्व सनातन की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और राष्ट्रीय एकता की सशक्त झलक प्रस्तुत करता है। यह पर्व न केवल सूर्योपासना का पर्व है बल्कि समाज में संयम, स्वच्छता और सामूहिकता के भाव का प्रतीक भी है। उन्होंने कहा कि इस बार घाटों पर सुविधाओं और सुरक्षा की अद्भुत व्यवस्था है।

## सूद ने छठ पूजा घाटों पर पहुंच श्रद्धालुओं से संवाद कर जानी उनकी कुशलक्षेम



**नई दिल्ली।** दिल्ली के शिक्षा मंत्री एवं जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक आशीष सूद ने सोमवार को अपने क्षेत्र में बनाए गए विभिन्न छठ पूजा घाटों पर पहुंचकर व्रतधारी माताओं एवं श्रद्धालुओं से संवाद कर उनकी कुशलक्षेम जानी और उन्हें छठ महापर्व की शुभकामनाएं भी दीं। इस अवसर पर मंत्री आशीष सूद ने कहा कि छठ पूजा केवल सूर्य देव की उपासना नहीं, बल्कि मानव और प्रकृति के पवित्र रिश्ते का महा उत्सव है। यह पर्व अनुशासन, आस्था, स्वच्छता और सामूहिक एकता का प्रतीक है। सूद ने बताया कि दिल्ली सरकार द्वारा जनकपुरी क्षेत्र में इस वर्ष 31 से अधिक छठ घाटों का निर्माण कराया गया है जो पिछले 27 बर्षों में कभी नहीं किया गया था। इन घाटों के बनने से श्रद्धालु सुरक्षित, स्वच्छ और शांत वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकेंगे।

# भक्ति, लोक संस्कृति और स्वच्छता का संगम बनी दिल्ली की छठ पूजा : रेखा

**मुख्यमंत्री ने मंगोलपुरी, सोनिया विहार, वासुदेव घाट पर की पूजा-अर्चना**



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में छठ पूजा पर अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए यमुना नदी, नहरों के अलावा घाटों पर सोमवार को भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। इस पर्व की सौम्यता, श्रद्धा, प्रकृति की पूजा और आस्था से अभिभूत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कई स्थलों पर महापर्व के कार्यक्रमों में शामिल हुई और छठी मैया से दिल्लीवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार भक्ति, लोक संस्कृति और स्वच्छता का संगम दिल्ली की छठ पूजा बनी है। मुख्यमंत्री का कहना था कि राजधानी में पहली बार इतने भव्य व दिव्य रूप से यह महापर्व मनाया जा रहा है, जो राजधानी की सांस्कृतिक एकता को दर्शाता है। मुख्यमंत्री ने अपने कार्यक्रम की शुरुआत मंगोलपुरी के छठ पार्क से की, जहां उन्होंने छठव्रतियों के साथ पूजा-अर्चना में भाग लिया और छठ मैया से आशीर्वाद लिया। इस कार्यक्रम में उनके साथ क्षेत्रीय सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक राजकुमार चौहान, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा व गणमान्य जन उपस्थित थे। इसके बाद मुख्यमंत्री यमुनापार स्थित सोनिया विहार पुश्ता पहुंची। वहां मुख्यमंत्री ने नांव में बैठकर पुश्ता से स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, राम घाट व श्याम घाट तक आयोजित छठ पर्व में भी सहभागिता की।

और संध्या अर्घ्य के शुभ अवसर पर सोनिया विहार के घाट पर दीपों की रोशनी और भक्ति गीतों के बीच सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित कर नमन किया और छठ व्रतियों के साथ पूजा में सम्मिलित हुईं। अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को नमन करने के लिए अंतिम चरण में मुख्यमंत्री कश्मीरी गेट स्थित यमुना नदी के वासुदेव घाट पहुंची, जहां उन्होंने श्रद्धालुओं और उनके परिवारों के साथ छठ पर्व मनाया। इस अवसर पर वासुदेव घाट पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिनमें पारंपरिक लोकगीत, नृत्य और विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां पेश की गईं। मुख्यमंत्री ने कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजन दिल्ली की सांस्कृतिक विविधता और लोक परंपरा की आत्मा को सशक्त बनाते हैं।

मुख्यमंत्री ने छठी मइया से दिल्लीवासियों की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की और कहा कि छठ महापर्व सूर्य देव और छठी मइया की आराधना का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व का नाम सुनते ही मन में आस्था, स्वच्छता, संस्कृति, लोकगीतों और भक्ति की छवियां उभर आती हैं। यह पर्व न केवल आत्मशुद्धि और अनुशासन का प्रतीक है, बल्कि मनुष्य और प्रकृति के बीच दिव्य संतुलन और कृतज्ञता का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार की ओर से इस वर्ष विशेष तैयारी की गई।



# फरीदाबाद में कालिंदी कुंज चौक इंटरचेंज बनने से खत्म होगा जाम

फरीदाबाद में कालिंदी कुंज चौक के जाम को खत्म करने के लिए प्रस्तावित इंटरचेंज की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। इस डीपीआर को तैयार करने में करीब छह महीने का समय लगेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

जिले में कालिंदी कुंज चौक के जाम को खत्म करने के लिए प्रस्तावित इंटरचेंज की डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है। इस डीपीआर को तैयार करने में करीब छह महीने का समय लगेगा। डीपीआर तैयार करने के बाद यहां पर इंटरचेंज बनाने की टेंडर प्रक्रिया शुरू हो सकेगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) प्रबंधन ने डीपीआर तैयार करने के लिए निजी एजेंसी को जिम्मेदारी सौंप दी है। इस इंटरचेंज के लिए एजेंसी कई डिजाइन बनाने की तैयारी कर रही है। एनएचएआई अधिकारियों द्वारा मंजूरी मिलने के बाद किसी एक डिजाइन को मंजूरी दी जाएगी। एनएचएआई के एक अधिकारी ने बताया कि कालिंदी कुंज चौक पर इंटरचेंज को बनाने का कार्य अगले वर्ष ही शुरू हो सकेगा, क्योंकि डीपीआर बनने में ही कम से कम छह माह का समय लग जाएगा।डिजाइन और बजट मंजूरी की प्रक्रिया शुरू होगी। मंजूरी मिलने के बाद विभाग टेंडर प्रक्रिया शुरू कर सकेगा। इस प्रक्रिया को पूरा करने में कम से कम आठ माह का समय लग जाएगा। टेंडर के बाद इंटरचेंज बनाने वाली कंपनी से करार करने में भी एक-दो माह का समय लगेगा।



**फिलहाल जाम लगने से हो रही परेशानी**

कालिंदी कुंज चौक की ट्रैफिक लाइट से दिल्ली, नोएडा और फरीदाबाद की ओर आने-जाने वाले वाहन चालक आवाजाही करते हैं। सुबह-शाम दफ्तरों की छुट्टी होने के दौरान ट्रैफिक लाइट पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। इससे वजह से लोगों को यहां से निकलने में काफी समय लग जाता है। कालिंदी कुंज के जाम को खत्म करने के लिए लंबे समय से मांग की जा रही थी। जुलाई माह में यहां पर इंटरचेंज बनाने की घोषणा की गई थी।

## मीठापुर से डीएनडी फ्लाईओवर तक 90% काम पूरा

59 किलोमीटर लंबे डीएनडी-केएमपी एक्सप्रेसवे दिल्ली के डीएनडी फ्लाईओवर से लेकर पलवल के मंडकौला गांव तक बनाया जा रहा है। दिल्ली मीठापुर से लेकर मंडकौला तक एक्सप्रेसवे का काम पूरा हो चुका है। इस पर ट्रैफिक भी दौड़ रहा है। दिल्ली मीठापुर से लेकर डीएनडी फ्लाईओवर तक 90 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। करीब छह माह के अंदर इसका बचा हुआ काम भी पूरा हो जाएगा। इससे स्मार्ट सिटी से दिल्ली-नोएडा के बीच आवाजाही में आसानी होगी।

---

**खबर संक्षेप**

## पौठहोल रिपेयर एंड मैनेटेंनेंस का काम शुरू

**फरीदाबाद।** नगर निगम फरीदाबाद के आयुक्त धीरेंद्र खडग़टा के मार्गदर्शन में निगम द्वारा पौठहोल रिपेयर एंड मैनेटेंनेंस वेन शहरी क्षेत्र की सडक़ों पर बने गड्ढों को भरने के लिए एक नई और अभिनव पहल की गई है। इसके तहत पौठहोल रिपेयर एंड मैनेटेंनेंस वेन सेवा शुरू की शुरुआत की गई है, जो शहर वासियों को टूटी-फूटी सडक़ों से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



## ट्रक ने टक्कर मारी,घर लौटते समय हादसा

**फरीदाबाद।** सेक्टर-25 में एक बाइक सवार को ट्रक ड्राइवर ने टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मामले की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सेक्टर 25 के रोड़ पर यह हादसा हुआ है। ट्रक ड्राइवर ने बाइक पर जा रहे युवक को पीछे से टक्कर मारी, जिसके कारण युवक ट्रक के नीचे आ गया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक मूल रूप से बरेली का रहने वाला था और अभी राजीव कालोनी में किराए पर रह रहा था। युवक कंपनी से काम खत्म करके घर वापस लौट रहा था



## मजबूत सरकार बनाने के लिए वोट करें

**गुरुग्राम ।** कांग्रेस के गुडग़ांव जिला शहरी अध्यक्ष पंकज डावर ने विजय पार्क क्षेत्र में बिहार के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने बिहार चुनाव में बिहार के मतदाताओं का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि महागठबंधन को मजबूत बनाकर बिहार की मजबूत सरकार बनाएं, ताकि 20 साल से विकास की दौड़ में पिछड़ा बिहार आगे बढ़ाया जा सकता।पंकज डावर ने बिहार के हर तबके के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि बिहार में जिनका वोट है वे भी और जिनका वोट नहीं है वे भी इस चुनाव में अपनी भूमिका निभाएं।



## टेलिग्राम टास्क के नाम पर 1,86,000 ठगे

**फरीदाबाद।** टेलीग्राम टॉस्क के नाम पर साइबर ठगी करने के आरोपी को साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने काबू किया है।एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी पत्नी के पास घर बैठे पैसे कमाने के लिए एक मैसेज आया जिसमें होटल की रेंटिग करने बारे कहा गया था। फिर उसे टेलिग्राम पर एक चैनल ज्वॉइन करवाया गया और उसे टास्क दिए गए जिनके बदले ठगों ने उसे 300 रुपए दिए। जिसके बाद उसे पैड टास्क करके पैसे कमाने का लालच दिया गया और उसने लालच में आकर टास्क के लिए कुल 1,86,000 ठग लिए।



## चालकों के साथ संयुक्त पुलिस आयुक्त ने की गोष्ठी

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरूस्त के लिए समय समय पर व्यापक इंतजाम व बंदोस्त किए जाते है। जिस संबंध में वाहन यूनियन एवं चालकों के साथ गोष्ठी कर उनको आवश्यक हिदायते दी जाती है। 27 अक्टूबर 2025 को राजेश दुग्गल संयुक्त पुलिस आयुक्त फरीदाबाद ने पुलिस आयुक्त, सैक्टर 21 सी में आटो यूनियन के प्रधानों व आटो चालको के साथ गोष्ठी किया गया।



---

लोक आस्था का महापर्व है छठ पर्व

# मंत्री नागर ने अनेक स्थानों पर छठ आयोजनों में की भागीदारी

छठ का पर्व लोक आस्था का महापर्व है, जिसे हम सभी को प्रेम एवं सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज शहरों में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग रहते हैं जो यूपी बिहार से यहां रोजी, रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए पहुंचे और उन्होंने शहरों के विकास में अपना योगदान दिया है।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर ने आज छठ पर्व के अवसर पर अनेक स्थानों पर आयोजित समारोह में शामिल होकर छठ व्रतियों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि छठ का पर्व लोक आस्था का महापर्व है, जिसे हम सभी को प्रेम एवं सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आज शहरों में बड़ी संख्या में पूर्वांचल समाज के लोग रहते हैं जो यूपी बिहार से यहां रोजी, रोजगार और उच्च शिक्षा के लिए पहुंचे और उन्होंने शहरों के विकास में अपना योगदान दिया है। इस पर्व पर वह न केवल कठिन व्रत रखते हैं बल्कि अपनी संस्कृति को भी बचा कर रखे हुए हैं। मैं इन सभी को नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान सांस्कृतिक तौर पर सबसे पहले होती है। इसलिए कहा जा सकता है कि छठ पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान का भी पर्व है। सूर्य भगवान को अर्घ देकर आप प्रकृति की पूजा भी करते हैं क्योंकि सब जानते हैं कि प्रकृति के संचालन में सूर्य भगवान का महत्वपूर्ण योगदान है। मंत्री राजेश नागर ने विभिन्न स्थानों पर आयोजित छठ आयोजनों में शामिल होकर लोगों से व्यक्तिगत हाल-चाल जाना।

मंत्री राजेश नागर ने लोगों से अपील की कि वह बिहार में चल रहे लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व चुनाव में भागीदारी अवश्य करें। यदि किन्हीं कारणों से भागीदारी कर नहीं कर पा रहे हैं तो अपने परिजनों को फोन एवं अन्य माध्यम द्वारा संपर्क कर बीजेपी सहित एनडीए के तमाम प्रत्याशियों को जिताने की अपील करें।

### अस्थाई घाटों की भी संख्या बढ़ाई गई है

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पक्के घाटों के साथ-साथ अस्थाई घाटों की भी बड़ी संख्या में व्यवस्था की है, जिससे कि छठ मनाने पहुंचने वाले व्यक्तियों को कोई दिक्कत ना हो सके। इसी के साथ प्रशासन को भी पूर्व में ही स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वह व्यवस्था को बनाने में सहयोग करें। राजेश नागर ने सेक्टर 29 के पुल पर आयोजित छठ पूजा कार्यक्रम में भागीदारी की। इसके साथ सूर्या नगर पार्ट 1 सेक्टर 91, एडोर सोसायटी सेक्टर 85 आदि स्थानों पर भी आयोजित समारोहों में भागीदारी कर लोगों को छठ की शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में जागरूकता

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा ओपी सिंह के आदेशानुसार पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं संयुक्त पुलिस आयुक्त राजेश दुग्गलके निर्देशन में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल पुलिस लाइन फरीदाबाद में राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

■ अखंडता बनाए रखने का संकल्प

कार्यक्रम की शुरुआत इंस्पेक्टर अनोज एसएचओ ट्रैफिक द्वारा राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाकर की गई, जिसमें विद्यार्थियो और विद्यालय स्टाफ को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सद्भावना बनाए रखने का संकल्प दिलाया गया।

कम्युनिटी पुलिसिंग के तहतए ट्रैफिक ताऊ सब.इंस्पेक्टर वीरेंद्र एवं सहायक सब.इंस्पेक्टर सुरेंद्र ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित किया और उन्हें मोबाइल के दुरुपयोगए नशे से होने वाले दुष्परिणामों तथा साइबर सुरक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

भाजपा फरीदाबाद ने श्रद्धा, सम्मान के साथ मनाई डॉ. मंगल सेन की जयंती

## वक्ताओं ने सेन को राजनीति में सादगी त्याग व नैतिकता के प्रतीक बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल ने कहा कि डॉ. मंगल सेन भारतीय राजनीति में सादगी, त्याग और नैतिकता के प्रतीक थे। उनका सम्पूर्ण राजनीतिक जीवन राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत, संगठन की शक्ति और समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की सेवा को समर्पित रहा। डा. मंगल सेन ने जनसंघ का अध्यक्ष रहते हुए हरियाणा में संगठन को मजबूत किया। उनके त्याग बलिदान और समर्पण के कारण आज भाजपा न केवल देश में, बल्कि हरियाणा में भी एक सबसे बड़ी लोकतांत्रिक पार्टी के रूप में उभरी है। भाजपा में उनके त्याग और बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उनका व्यक्तित्व हमें संगठन के प्रति समर्पण, अनुशासन और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय अटल कमल पर भारतीय जनसंघ के पुरोधा हरियाणा भाजपा संगठन के सूत्रधार, प्रेरणास्त्रोतए पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं लगातार सात बार विधान सभा का प्रतिनिधित्व करने वाले स्व. डा. मंगल सेन की जयंती श्रद्धा, सम्मान और पूर्ण गरिमा के साथ मनाई गई।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरविंदर उर्फ मंजीत, पुत्रः वेद प्रकाश, निवासीः मकान नंबर–42, चौपाल सुनार वाली चौक, मदनपुर डबास, दिल्ली** ने **FIR No.: 10/2025, Date: 08.03.2025 U/s:318(4)/3(5)/61(2)** भारतीय न्याय संहिता, पुलिस थाना साइबर **बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरविंदर उर्फ मंजीत** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरविंदर उर्फ मंजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना साइबर बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **हरविंदर उर्फ मंजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री प्रियंका राजपूत
मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, उत्तर, कमरा संख्या 115,
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14450/ON/2025

साइबर थाना सेंट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले को किया गिरफ्तार

## सेना का जवान बताकर ओएलएक्स पर मिक्सर ग्राइंडर खरीदने के नाम पर 75,500 की ठगी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

सेना का जवान बतलाकर ओएलएक्स पर मिक्सर ग्राइंडर खरीदने के नाम पर 75,500 रुपये की ठगी के मामले में साईबर थाना सैन्ट्रल की टीम ने खाता उपलब्ध करवाने वाले आरोपी को काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 19 निवासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसने अपना मिक्सर ग्राइंडर बेचने के लिए ओएलएक्स पर डाला था। जिसके बाद एक व्यक्ति ने अंजान नंबर से उसको फोन किया व खुद को कश्मीर सीमा क्षेत्र में तैनात सेना का जवान बताया। उसके बाद शिकायतकर्ता के फोन पर आर्मी पोर्टल से 10 रुपए क्रेडिट होने का मेसेज आया, जिसको क्लिक करते ही खाते से 10 रुपये कट गये। इसी तरह झांसे में आकर शिकायतकर्ता ने कथित सेना के जवान के खाते में 75,500 रुपए ट्रांसफर कर दिये। जिस शिकायत पर साइबर थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामलें में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने सागर निवासी गांव बढराव जिला पलवल को गिरफ्तार किया है।



### एक ही गांव के रहने वाले है तीनों आरोपी

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सागर ने खाता सौरव से लेकर आगे ठगों को दिया था। पूर्व में गौरव खाताधारक व सौरव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है तीनों आरोपी एक ही गांव के रहने वाले है। खाते में ठगी के 75, 500 रुपए आए थे। आरोपी सागर बीए पास है। आरोपी को माननीय न्यायलय में पेश कर 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## विधायक मूलचंद शर्मा ने मिल्क प्लांट रोड के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया

**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ बाजार को मुंबई, बड़ोदरा एक्सप्रेसवे से जोडऩे वाली मुख्य मिल्क प्लांट रोड अब आधुनिक तकनीक आरएमसी से बनाई जाएगी। बल्लभगढ़ के विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. मूलचंद शर्मा ने सड़क निर्माण कार्य का नारियल तोड़कर शिलान्यास किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य लोग, भाजपा कार्यकर्ता और स्थानीय निवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों ने ढोल बाजे के साथ विधायक का जोरदार स्वागत किया। विधायक पं. शर्मा ने जानकारी दी कि नगर निगम द्वारा 71 लाख की लागत से इस सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 CrPC देखिए**


मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सुश्री राशि जैन पुत्री श्री अजय जैन निवासी जी–23/108, 109, सेक्टर –7, रोहिणी, राजापुर कलां दिल्ली, भारत** ने **FIR No. 14360/18, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुश्री राशि जैन** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुश्री राशि जैन** फरार हो गई है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रही है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 14360/18, U/S 138 NI Act, अन्तर्गत थाना उत्तर रोहिणी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सुश्री राशि जैन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.12.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
सुश्री इब्बानी अग्रवाल
न्यायिक दण्डाधिकारी, प्रथम श्रेणी–03
दक्षिण–पश्चिम, कोर्ट संख्या 107, प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/13822/RD/2025(Court Matter)

**कार्यालय पुलिस उपायुक्त, मुख्यालय, सोनीपत।**

मु.न. 308 दिनांक 22.10.2025 धारा 127 (6) बी.एन.एस. थाना शहर सोनीपत जिला सोनीपत ।



गुमशुदा की पहचान
नाम- राजकुमार ।
पिता का नाम-प्यारेलाल।
पता-वासी मकान न0 1317/31 गली न0 2 प्रगति नगर सोनीपत ।
उम्र- 67 वर्ष।
कद-5 फुट 2 ईन्च।
हुलियाः- रंग सांवला, लम्बुतरा चेहरा, काले-सफेद बाल, काली आँखे, पतला शरीर, दिमागी रुप से थोड़ा कमजोर हैं।
पहनावा - हरे रंग का कुर्ता, सफेद पजामा व पैरो में सफेद चप्पल पहने हुए है।

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि दिनाकं 22.10.2025 को राजकुमार पुत्र प्यारेलाल वासी मकान न0 1317/31 गली न0 2 प्रगति नगर सोनीपत अपनी मर्जी से घर से बिना बताए कहीं चला गया हैं। अब तक वापिस नहीं आया है। जिस सम्बन्ध में उपरोक्त मुकदमा थाना शहर सोनीपत में दर्ज रजिस्टर है। अगर किसी को उपरोक्त गुमशुदगी बारे कोई सूचना मिलती हैं तो निम्नलिखित नंबरों पर सुचित करे।
प्रबन्धक थाना शहर सोनीपत मो0 न0-7419410532
अनुसंधानकर्ता मो0 न0-8607375335
पुलिस कन्ट्रोल रुम सोनीपत 0130-2222903,100

हस्ता/-अपराध अभिलेखअधिकारी,
कृते पुलिस उपायुक्त।
मुख्यालय, सोनीपत
पीआरडीएच-1084/11/4057/2026/39766/88/7 दि. 27.10.2025

शहीदी दिवस पखवाड़ा, छात्रों से संवाद

## हर परिवार की जरूरत व समाज की अभिन्न अंग बन चुकी है पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पुलिस स्मृति दिवस के उपलक्ष्य में शहीदी दिवस पखवाड़ा चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, एनआईटी-3 फरीदाबाद में समाज में पुलिस की भूमिका विषय पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान का आयोजन किया गया।

थाना प्रबंधक एवं चौकी प्रभारीगण ने कार्यक्रम में भाग लेकर छात्रों से संवाद किया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. गुरजीत कौर, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, मानव रचना इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी , वरिष्ठ अधिवक्ता ने समाज में पुलिस की भूमिका पर अपने विचार सांझा किए ।



### अपने परिवार से दूर रहकर जनसुरक्षा की जिम्मेदारी निभाती है पुलिस

वक्ताओं ने कहा कि पुलिस केवल कानून और व्यवस्था की रखवाली करने वाली संस्था नहीं रही, बल्कि हर परिवार की जरूरत और समाज की अभिन्न अंग बन चुकी है। उन्होंने बताया कि जब पूरा समाज त्योहारों की खुशियां मना रहा होता है, तब भी पुलिस कर्मी अपने परिवार से दूर रहकर जनसुरक्षा की ड्यूटी निभाते हैं अपने परिवार से दूर रहकर जनसुरक्षा की ड्यूटी निभाते हैं । यही समर्पण और सेवा भावना उन्हें समाज का सच्चा प्रहरी बनाती है। सभी उपस्थित अतिथियों एवं वक्ताओं ने देश की सुरक्षा एवं सामाजिक शांति में पुलिस के योगदान को नमन किया और यह संदेश दिया कि पुलिस और समाज दोनों मिलकर ही सुरक्षित एवं सशक्त भारत का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में कॉलेज के एनएसएस और एनसीसी इकाई के छात्र.छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ. योगेश, समन्वयक, नशा मुक्त भारत अभियान, डीएवी कॉलेज द्वारा किया गया।

**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला**

**घोषणा**

नीचे तालिका में वर्णित अनुसार पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. | पद का नाम | परीक्षा की तिथि व सत्र |
|---|---|---|---|
| 1. | 07/2025 | सहायक निदेशक (डीएनए) | 03.11.25 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 2. | 08/2025 | सहायक निदेशक (लाइ डिटेक्शन) | 03.11.25 (सांयकालीन सत्र) |
| 3. | 09/2025 और 11/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (साइबर फॉरेंसिक) | 06.11.25 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 4. | 12/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (सीन ऑफ क्राइम) | 06.11.25 (सांयकालीन सत्र) |
| 5. | 13/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (दस्तावेज) | 07.11.25 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 6. | 14/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (भौतिकी) | 07.11.25 (सांयकालीन सत्र) |
| 7. | 10/2025 और 15/2025 | सहायक निदेशक/वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (टॉक्सीकॉलोजी) | 08.11.25 (प्रातःकालीन सत्र) |
| 8. | 16/2025 | वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी (एनडीपीएस) | 08.11.25 (सांयकालीन सत्र) |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 29.10.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

टिप्पणियां :-

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 24.10.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/361/2026/39777/88/7 दि. 27.10.25

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड (परिसमापन में)**
लिक्विडेटर का पता - 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए, कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई - 400093
संपर्क : +918879399177, ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com

**ई-नीलामी - आईबीसी के तहत परिसंपत्तियों की बिक्री, 2016**
**ई-नीलामी की तिथि और समय: 21 नवंबर 2025 (शुक्रवार) दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक**
**(प्रत्येक 5 मिनट के असीमित विस्तार के साथ)**

**प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड ( परिसमापन में)** के स्वामित्व वाली संपत्तियों की बिक्री, जो आईबीसी 2016 की धारा 35 (एफ) के तहत परिसमापन प्रक्रिया विनियमों के विनियमन 33 के साथ परिसमापन संपत्ति का हिस्सा है। ई-नीलामी **"जहां है, जैसा है", "जो है, जैसा है" के आधार पर, "जो कुछ भी है" और "कोई वापसी नहीं"** के आधार पर आयोजित की जाएगी।

**ई-नीलामी बिक्री ई-नीलामी सेवा प्रदाता के माध्यम से ई-विक्रय नीलामी मंच वेबसाइट** https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home **के माध्यम से हस्ताक्षरकर्ता द्वारा की जाएगी।**

भारतीय राशि में

| क्र. सं. | विवरण | आरक्षित मूल्य | ईएमडी | बोली वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| | **पार्सल में संपत्तियों की बिक्री** | | | |
| | **नीलामी की तिथि और समय: 21 नवंबर 2025, शुक्रवार, दोपहर 1:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक** | | | |
| 1. | मर्सिडीज बेंज S-350 (MH04 HD 0006) | 30,11,500 | 3,01,150 | 30,200 |
| 2. | BMW 7 सीरीज 730 Ld एमिनेंस (MH04GR9009) | 13,24,184 | 132,420 | 13,250 |
| | **कुल राशि** | **43,35,684** | **4,33,570** | **43,450** |

नीलामी प्रक्रिया के लिए नोट्स:
1. बोली केवल अग्रिम राशि जमा करने पर ही लगाई जा सकेगी। संभावित बोलीदाताओं को बैंकनेट नीलामी मंच के माध्यम से अग्रिम राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी।
2. परिसमापक बिना कोई कारण बताए और बिना किसी दायित्व के प्रक्रिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। यह एक गैर- बाध्यकारी प्रक्रिया है और परिसमापक / हितधारक परामर्श समिति के विवेक के अधीन होगी। अधिक जानकारी के लिए प्रक्रिया ज्ञापन देखें।
3. संभावित बोलीदाताओं को यह वचन देना होगा कि वे संहिता की धारा 29A के अंतर्गत किसी भी प्रकार की अयोग्यता से ग्रस्त नहीं हैं, जहां तक लागू हो और यदि किसी भी स्तर पर अयोग्य पाए जाते हैं, तो जमा की गई बयाना राशि जब्त कर ली जाएगी।

**रुचि की अभिव्यक्ति / स्थल निरीक्षण / ईएमडी**
**जमा करने की अंतिम तिथि: 19 नवंबर 2025 (बुधवार)**
**ई-नीलामी की तिथि और समय: 21 नवंबर 2025 (शुक्रवार) दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक**
नोट: विस्तृत नियम व शर्तें ई-नीलामी बोली दस्तावेज, घोषणा और ऑनलाइन नीलामी बिक्री के अन्य विवरण https://ibbi.baanknet.com/eauction-ibbi/home और प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड की वेबसाइट https://www.pratibhagroup.com पर उपलब्ध हैं।
किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया नीचे दिए गए हस्ताक्षरकर्ता से liquidator.pratibha@gmail.com पर संपर्क करें।

हस्ता/-
एविल मेनेजेस
प्रतिभा इंडस्ट्रीज लिमिटेड के परिसमापक के रूप में
असाइनमेंट के लिए प्राधिकरण 31 दिसंबर 2025 तक
वैधता पंजीकरण संख्या IBBIVIPA-001/1P-P00017/2016-17/10041
पंजीकृत पताः 106, प्रथम तल, कनकिया एट्रियम 2, क्रॉस रोड ए कोर्टयार्ड मैरियट के पीछे, चकाला, अंधेरी ईस्ट, मुंबई 400093
ईमेल: liquidator.pratibha@gmail.com
दिनांक 28-10-2025
स्थानः मुम्बई

**खबर संक्षेप**

## कोयला खदान की दीवार ढहने से 1 की मौत



**धनबाद।** झारखंड के धनबाद में दर्दनाक घटना सामने आई है। एक कोयला खदान की दीवार ढहकर तेल टैंकर पर गिर गई, जिससे निजी कंपनी के एक कर्मचारी की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह दुर्घटना पुटकी थाना क्षेत्र के खनन क्षेत्र में उस समय हुई, जब खदान की एक तरफ की दीवार ढह गई और मलबा टैंकर पर गिर गया।

## कपड़े की लैस से पति का गला घोटकर कत्ल



**रामपुर।** जिले के बिलासपुर कोतवाली इलाके के ग्राम मुंडिया खुर्द निवासी विजेंद्र सिंह सागर की हत्या उसकी पत्नी ने ही अपनी दो पुत्रियों की मदद से गला घोंटकर की थी। विजेंद्र अपनी पत्नी व दोनों पुत्रियों को अक्सर घर से बाहर आने जाने पर पाबंदी लगाता था, जिसकी वजह से परेशान महिला ने अपनी दोनों बेटियों के साथ मिलकर हत्या करने की योजना बनाई।


## पीलीभीत में नेपाली हाथियों का उत्पात



**पीलीभीत।** जिले में नेपाल के हाथी अब जहानाबाद क्षेत्र में उत्पात मचा रहे हैं। हाथियों ने जहानाबाद के उझैनिया गांव में जमकर उत्पात मचाया है। फसलों को तहस नहस करने के बाद हाथियों को भगा रहे एक किसान को पटक दिया। हाथियों के हमले से किसान गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलने पर जहानाबाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची।

# अयोध्या राम मंदिर से जुड़े निर्माण काम पूरें

एजेंसी ⏭ अयोध्या



**ध्वजदंड हो कलश स्थापित हो चुके है**

यूपी के अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने सोमवार को कहा कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। ट्रस्ट ने अपने आधिकारिक एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सभी श्रीरामभक्तों को यह जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है कि मंदिर निर्माण सबंधी सभी कार्य पूर्ण हो गए हैं। ट्रस्ट ने कहा कि मुख्य मंदिर, परकोटा के छह मंदिर भगवान शिव, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, सूर्यदेव, देवी भगवती, देवी अन्नपूर्णा तथा शेषावतार मंदिर भी पूर्ण हो चुके हैं और इन पर ध्वजदण्ड एवं कलश स्थापित हो चुके हैं पोस्ट में कहा गया इसके अतिरिक्त सप्त मण्डप अर्थात महर्षि वाल्मीकि, वशिष्ठ, विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, निषादराज, शबरी एवं ऋषि पत्नी अहल्या मंदिरों का भी निर्माण पूर्ण हो चुका है। इसमें कहा गया है कि सन्त तुलसीदास मंदिर भी पूर्ण हो चुका है तथा जटायु और गिलहरी की प्रतिमाएं स्थापित की जा चुकी हैं।

संध्याकाल में गोमती तट पर पहुंचे सीएम

# भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर की प्रार्थना

छठ महापर्व के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार शाम को गोमती के तट पर पहुंचे और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।

एजेंसी ⏭ लखनऊ



**छठ महापर्व 2025**

राजधानी लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में छठ महापर्व पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सोमवार शाम को व्रती महिलाओं ने अस्ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर पूजन किया। लखनऊ में छठ पर्व के लिए खास तैयारियां की गई हैं। लक्ष्मण मेला मैदान में गोमती नदी के तट को सजाया गया है। सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और महापौर सुषमा खर्कवाल लक्ष्मण मेला मैदान पहुंचे और भगवान सूर्य को अर्घ्य देकर उन्हें प्रणाम किया। इस मौके पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी। वहीं, गोमती तट पर सीएम को देखकर वहां मौजूद लोगों ने भी जय श्रीराम के नारे लगाए।

स्मृति महोत्सव मेला 2025: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया ऐलान

# 'कबीरधाम' के नाम से जाना जाएगा लखीमपुर खीरी का मुस्तफाबाद

पहले कब्रिस्तान के लिए धन आवंटित होता था

अंसग साहब जी महाराज के सत्संग व क्षमा देवी स्मृति दिवस के कार्यक्रम में शामिल हुए

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखीमपुर खीरी पहुंचे, जहां उन्होंने एक सभा को संबोधित करते हुए मंच से जगह का नाम बदल दिया। सीएम योगी ने मुस्तफाबाद का नाम बदलकर कबीरधाम करने का ऐलान किया है। लखीमपुर खीरी में सीएम योगी ने कहा कि 2014 के बाद हर धर्म के विकास के लिए धन आवंटित होता है। पहले केवल कब्रिस्तान के लिए धन आवंटित होता था।

सीएम योगी ने कहा कि देश की पहचान नहीं थी, कहां जा रहा है देश, किसी को कुछ नहीं मालूम था। देश वैश्विक पहचान खो चुका था। लेकिन 2014 में मोदी प्रधान मंत्री बने और देश को अपनी पहचान मिली। अब देश तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है। अमेरिका, चीन और भारत ही इस सूची में रहेंगे बाकी देश नहीं। दुनिया में देश अपनी ताकत का एहसास करा रहा है। आयुष्मान योजना का लाभ देश के 50 करोड़ उठा रहे हैं। रसोई गैस, शौचालय, गल्ला आदि सरकारी योजनाओं का पिटारा खोल दिया गया है। सीएम योगी ने यह भी ऐलान किया कि टूरिज्म को बढ़ाने के लिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाई जाएगी। गौरतलब है कि सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखीमपुर खीरी के अलीगंज क्षेत्र में स्थित कबीरधाम मुस्तफाबाद पहुंचे। वे यहां तीन दिवसीय अंसग साहब जी महाराज के सत्संग और क्षमा देवी स्मृति दिवस के समापन कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके बाद सीएम योगी स्मृति प्रारकट्योत्सव मेला में शामिल हुए और सभा को संबोधित किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोमवार को लखनऊ पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभा को संबोधित किया। अपने संबोधन के दौरान सीएम योगी ने ऐलान किया कि मुस्तफाबाद का नाम कबीरधाम किया जाना चाहिए।

महेश्वर राय परिवार ने थामा आरजेडी का झंडा

# गायघाट सीट पर टिकट विवाद ने डाल दिया जेडीयू में फूट

एजेंसी ⏭ पटना



बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर लगातार सियासी हलचल तेज है। इस बार गायघाट विधानसभा सीट इस बार सियासी रिश्तों के उलझे ताने-बाने में फंस गई है। यहां पिता-पुत्र की सियासी जोड़ी अब नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू छोड़कर लालू यादव के खेमे में जा चुकी है। वजह है टिकट बंटवारे की वो कहानी जिसने पार्टी समीकरण बदल दिए हैं। गायघाट में जेडीयू से टिकट बंटवारे ने सियासत में बड़ा धमाका कर दिया है। जेडीयू ने इस बार अपने एमएलसी दिनेश सिंह की बेटी कोमल सिंह को उम्मीदवार बनाया है, जो लोक जनशक्ति पार्टी की सांसद वीणा देवी की भी बेटी हैं। दिलचस्प बात यह है कि कोमल सिंह चिराग पासवान के खेमे की कैंडिडेट मानी जा रही हैं। उधर, कोमल को टिकट मिलने से नाराज होकर जेडीयू के वरिष्ठ नेता और चार बार के विधायक रह चुके महेश्वर राय ने पार्टी से इस्तीफा देकर बेटे प्रभात किरण के साथ आरजेडी का दामन थाम लिया। 2020 में महेश्वर राय जेडीयू के प्रत्याशी थे, जबकि इस बार प्रभात किरण चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। लेकिन पार्टी की टिकट नीति ने पिता-पुत्र दोनों को लालू परिवार के साथ खड़ा कर दिया।

### *टिकट कटा लेकिन राजद में टिक गईं सीमा कुशवाहा*

*लालू यादव और तेजस्वी यादव के आरजेडी से बिहार विधानसभा चुनाव में टिकट मांग रही चर्चित महिला नेता सीमा कुशवाहा को मौका नहीं मिला लेकिन लेकिन राजद के साथ टिकी हुई हैं। सासाराम सीट से टिकट मांग रहीं राजद नेत्री सीमा कुशवाहा तो पार्टी के प्रचार में भी जुटी हैं। छपरा में पहली बार चुनाव लड़ रहे भोजपुरी फिल्मों के स्टार खेसारी लाल यादव के लिए वोट मांगने उनकी सभा में सीमा कुशवाहा पहुंचीं।*

जल्द ही आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे

# 4000 एकल विद्यालयों में समायोजित होंगे और शिक्षक, बेसिक शिक्षा विभाग ने भेजा प्रस्ताव

एजेंसी ⏭ लखनऊ

उत्तर प्रदेश के एक शिक्षक वाले (एकल) विद्यालयों को जल्द ही और शिक्षक मिलेंगे। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से इसके लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है।

इसमें कहा गया है कि जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली कमेटी जिलों में सरप्लस शिक्षकों को एकल विद्यालयों में समायोजित करेगी। शासन की सहमति के बाद इसके लिए जल्द आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए जाएंगे। शिक्षा मंत्रालय की ओर से हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यूपी में 81 स्कूलों में शून्य नामांकन हैं। वहीं 9508 स्कूल एकल शिक्षक वाले हैं। हालांकि यह रिपोर्ट 2024-25 के डाटा के आधार पर है। इस पर बेसिक शिक्षा विभाग का कहना है कि पिछले साल तीन चरणों में किए गए तबादला-समायोजन में काफी एकल विद्यालयों में शिक्षकों की तैनाती कर दी गई है। इसके बाद प्रदेश में लगभग चार हजार विद्यालय ही एकल बचे हैं। यहां और शिक्षकों की तैनाती के लिए विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। इसी क्रम में विभाग की ओर से शासन को प्रस्ताव भेजा गया है। इसमें पूर्व में किए गए तबादलों-समायोजन का जिक्र करते हुए कहा गया है कि अगले चरण में जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता वाली समिति के माध्यम से एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में और शिक्षकों की तैनाती की जाएगी। यहां पर उस जिले के अन्य सरप्लस शिक्षकों को तैनात किया जाएगा।

मांझी ने कहा- यह कर्पूरी ठाकुर का अपमान

# 'जननायक' टाइटल को लेकर बिहार में सियासत हो गई तेज

एजेंसी ⏭ पटना



बिहार में छठ महापर्व के बीच विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोर पकड़ चुका है। आरजेडी-कांग्रेस सहित तमाम विपक्षी पार्टियां जहां सरकार को रोजगार, पलायन और अपराध के मामले में सरकार को घर रही हैं, वहीं भाजपा-जेडीयू के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल दल जनता के बीच लालू यादव के जंगलराज का जिक्र कर रहे हैं।सियासी दांव-पेच भी तेज है, सभी पार्टियों के नेता वोटरों को लुभाने में लगे हुए हैं। इसको लेकर नेता जनता से तमाम वादे और घोषणाएं कर रहे हैं। इस लाइव ब्लॉग में हम बिहार चुनाव से जुड़ी पल-पल की अपडेट दे रहे हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को लेकर कांग्रेस के 'जन-नायक' वाले ट्वीट पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के नेता जीतन राम मांझी ने कहा कि 'जन-नायक' का टाइटल देश की जनता देती है, इसे खुद से क्लेम नहीं किया जा सकता। मुझे बताया गयाकिलोगतेजस्वीयादवको 'जन-नायक' कहतेहैंतो, यह 'जन-नायक' शब्दकाअपमान है। कर्पूरी ठाकुर जी को 'जन-नायक' कहा जाता था। तेजस्वी ने राज्य में क्या किया है?

अवैध कब्जेदारों पर होगी कार्रवाई

# वक्फ संपत्ति में रह रहे लोगों को अब सर्किल रेट से देना होगा किराया

एजेंसी ⏭ मथुरा



वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को अब सर्किल रेट के अनुसार किराया देना होगा। वक्त की संपत्ति की डिजिटल सुरक्षा होगी और अवैध कब्जेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। यह बात वक्फ कोआर्डिनेटर जेड हसन ने चंदनवन स्थित एएचएम स्कूल की लाइब्रेरी हाल में आयोजित बैठक में दी। उन्होंने अन्य कोआर्डिनेटरों से वक्फ संपत्ति का ब्योरा उम्मीद पोर्टल पर दर्ज कराने के लिए कहा। कोऑर्डिनेटर जेड हसन ने कहा केंद्र सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड से नियुक्त कोआर्डिनेटरों से कहा वक्फ संपत्ति का ब्योरा जल्द उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड कराएं। मुतवल्लियों से कहा, इसके लिए सचिव का तौलियत प्रमाण पत्र, हस्बे दफा 37 की नकल, वक्फनामा, खसरा, खतौनी, आधार कार्ड, बिजली का बिल आदि दस्तावेज के साथ कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी या हमसे मिलें। ये दस्तावेज दिसंबर के अंत तक उपलब्ध कराएं। कोऑर्डिनेटर डॉ. शबनम कुरैशी ने बताया, भारत सरकार के अल्पसंख्यक मंत्रालय की यह महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रबंधन में पारदर्शिता, जवाबदेही को बढ़ाना है। उम्मीद पोर्टल पंजीकरण सत्यापन कानूनी ट्रैक के रूप में काम करेगी। इससे वक्फ संपत्ति पर कोई अवैध कब्जा नहीं कर सकेगा। साथ ही संपत्ति बेचने व खरीदने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकेगी। वहीं कोई वक्फ किराएदार अपनी मनमानी कर सकेगा। वक्फ संपत्ति में रह रहे किराएदारों को सर्किल रेट से अब किराया देना होगा।

## पेज एक का शेष

### नायब ने दिए निर्देश...

दो लिंक सड़कों के निर्माण, गुरुग्राम में नए न्यायिक परिसर (टॉवर ऑफ जस्टिस) तथा फतेहाबाद सेक्टर-9 में 200 बिस्तरों वाले अस्पताल के निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ये सभी महत्वपूर्ण परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण की जाएं ताकि प्रदेश के विकास कार्यों की गति और तेज हो सके। नशे के खिलाफ कार्रवाई होगी और मजबूत, बॉर्डर क्षेत्रों में बढ़ेगी एचएसएनसीबी की ताकत : सैनी ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि जिन पुलिस थाना क्षेत्रों में नशे के विरुद्ध पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा सराहनीय कार्य किया जा रहा है, उन्हें सम्मानित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जहां लापरवाही या ढिलाई बरती जा रही है, वहां सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखना चाहिए ताकि अन्य कर्मियों को भी संदेश जाए कि नशे के खिलाफ उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मान मिलेगा, और जहां नशा फैल रहा है वहां कठोर कदम उठाए जाएंगे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सोमवार को चंडीगढ़ में नशा मुक्त भारत अभियान योजना के सम्बन्ध में आयोजित एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। सैनी ने निर्देश दिए कि नशा मुक्त घोषित गांवों का नियमित पुनर्मूल्यांकन किया जाए और अन्य राज्यों के साथ लगती प्रदेश की सीमा क्षेत्रों में हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की ताकत बढ़ाई जाए। इसके साथ ही विशेषज्ञों को भी टीम में शामिल कर नशे की आपूर्ति पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को नशे के खिलाफ संयुक्त अभियान को तेज करने, एनफोर्समेंट, डी-एडिक्शन और अवेयरनेस के तीनों पहलुओं पर समान रूप से काम करने और पंचायतों को सक्रिय भागीदार बनाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग डॉ. सुमित्रा मिश्रा, अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यावरण विभाग विनीत गर्ग, अतिरिक्त मुख्य सचिव सेवा विभाग जी अनुपमा, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग अपूर्व कुमार सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण विभाग अनुराग, अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक संजय कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

### केंद्र ने 5,532 करोड़...

4.4 लाख करोड़ रूपये के स्तर तक पहुंच चुकी है, जिसमें 1.5 लाख करोड़ रूपये का निर्यात शामिल है। सरकार का कहना है कि आने वाले वर्षों में भारत न सिर्फ मोबाइल, बल्कि चिप्स, कंपोनेंट्स और हाई-टेक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के उत्पादन में भी दुनिया का एक प्रमुख केंद्र बनेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी सचिव एस कृष्णन ने बताया कि इन सात प्रोजेक्ट्स में कुल 5,532 करोड़ रूपये का निवेश किया जाएगा। इससे लगभग 5,195 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलने की संभावना है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अब तक 1.15 लाख करोड़ रूपये मूल्य के निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए हैं, जो देश में बढ़ती इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण क्षमताओं का संकेत है। सरकार की यह पहल 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों को और बल देगी। इस योजना के तहत देश में इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट्स का घरेलू उत्पादन बढ़ाने, आयात पर निर्भरता घटाने, और भारत को वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग सेंटर के रूप में स्थापित करने पर जोर दिया जा रहा है। अश्विनी वैष्णव ने कहा कि भारत तेजी से इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन हब बनता जा रहा है। मोबाइल फोन से लेकर सेमीकंडक्टर और अब कंपोनेंट्स मैन्युफैक्चरिंग तक, भारत का लक्ष्य है कि आने वाले वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात के क्षेत्र में भी अग्रणी भूमिका निभाई जाए। इलेक्ट्रॉनिक्स कंपोनेंट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम (ईसीएमएस) के पहले चरण की आवेदन प्रक्रिया 30 सितंबर को समाप्त हो चुकी है, जबकि कैपिटल इक्विपमेंट्स के लिए आवेदन की विंडो अभी खुली हुई है। सरकार का कहना है कि इस स्कीम के दूसरे चरण में और कई महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिलने की संभावना है, जिससे इलेक्ट्रॉनिक्स सप्लाई चेन में देश की भागीदारी और भी मजबूत होगी।

### विकसित भारत यूथ...

क्विज़ प्रतियोगिता से होगी शुरुआत : इस कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक युवाओं को पहले एक ऑनलाइन क्विज़ में हिस्सा लेना होगा। इस क्विज़ के माध्यम से चयनित प्रतिभागियों को संवाद के अगले चरण में भाग लेने का अवसर मिलेगा, जहाँ वे सीधे अपने सुझाव सरकार तक पहुंचा सकेंगे। प्रधानमंत्री के इस आह्वान के बाद सोशल मीडिया पर बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साह दिखाया है। पोएम मोदी के आह्वान के बाद देखते ही देखते विकसित भारत डायलॉग 2.0 सोशल मीडिया पर ट्रेंड करने लगा।

### ऋषिकेश में बनेगा...

मनमोहक नजारे पेश करेगा। जबकि रात में ये रोशनी से जगमगाते हुए एक शानदार तस्वीर पेश करेगा।

**सेतु कांच के तौर पर टफन ग्लास का उपयोग** : इसके अलावा कभी भविष्य में गाड़ी चलाने का भी अगर कोई प्लान होगा तो बीच के पिलर्स निकाल दिए जाएंगे। बजरंग सेतु कांच के तौर पर टफन ग्लास का उपयोग किया गया है। लगभग 12एमएम के पांच लेयर टफन ग्लास लगाया गया है। उत्तराखंड पीडब्ल्यूडी विभाग के एचओडी राजेश चंद्र शर्मा ने कहा कि जल्द ही बजरंग सेतु आम लोगों के लिए खोल दिया जाएगा फिलहाल अभी इसमें 90% से ज्यादा काम हो चुका है।

पुलिस रेड में मिला फर्जी कॉल सेंटर

# वाराणसी में ठगी गिरोह ने बंधक बनाए 38 युवक-युवती

एजेंसी ⏭ वाराणसी



जिले में 38 युवक और युवती ठगी गिरोह से मुक्त करवाए गए हैं। युवक, युवतियों को बंधक बनाया गया था। बंधक बनाकर नेटवर्क मार्केटिंग तैयार किया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मुक्त करवाया। नौकरी का झांसा देकर युवाओं को निशाना बनाते थे। ठगी के लिए वाराणसी में कॉल सेंटर बनाया था। यूपी पहड़िया की श्रीकृष्णा नगर कॉलोनी में नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी से जोड़कर जबरदस्ती काम कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। सारनाथ पुलिस ने छापेमारी कर मौके से 10 लोगों को हिरासत में लिया है। डीसीपी वरुणा जोन प्रमोद कुमार ने आरोपियों से पूछताछ की। डीसीपी ने बताया कि साइबर सेल के 'प्रतिबिंब' पोर्टल पर तारकेश्वरम मिश्रा के मकान में संचालित एक कॉल सेंटर की शिकायत मिली थी। इस आधार पर पुलिस बल के साथ छापेमारी की गई। मौके से करीब 50 युवक और कुछ युवतियां मिलीं। पकड़े गए युवक-युवतियों में अधिकतर पीड़ित ही हैं, जिनसे जबरन काम कराया जा रहा था। आरंभिक छानबीन में पता चला है कि ऑनलाइन जॉब पोर्टल पर जो युवक और युवतियां अपना बायोडाटा अपलोड करते उनका नंबर लेकर गिरोह के टेली कॉलर उन्हें फोन करते थे। उन्हें डाटा एंट्री, टेलीकॉलर या फिर दफ्तरों में नौकरी दिलाने के नाम पर बुलाते थे।

### *दूसरे युवाओं को जोड़ने का दबाव बनाते थे*

*प्रति व्यक्ति 2800 रुपए लेकर तीन दिन प्रशिक्षण देते थे। फिर 10 से 50 हजार रुपए लेकर एक किट देते थे। इसके बाद नौकरी दिलाने की जगह दबाव बनाकर नेटवर्क मार्केटिंग कंपनी से जोड़ते थे। दूसरे युवाओं को जोड़ने का दबाव बनाते थे। नए लोगों को जोड़ने का टारगेट देते थे। लक्ष्य पूरा करने पर कुछ इंसेंटिव देते थे। डीसीपी ने बताया कि टीम लीडर, मुख्य मैनेजर समेत 10 को हिरासत में लिया गया है। वहीं पकड़े गए टेली कॉलर खुद पीड़ित थे, जिनसे तहरीर ली गई है।*

### *बेरोजगार युवाओं को फंसाने का तरीका*

*एसीपी सारनाथ विदुष सक्सेना ने बताया कि यहां बेरोजगार युवकों को 10 हजार, 20 हजार, 30 हजार एवं 50 हजार का किट दिया जाता था। इसमें पैंट, शर्ट और बेल्ट एवं अन्य सामग्री होती थी। उन्हें अपनी नेटवर्किंग में जोड़ने के नाम पर कमीशन दिया जाता था। युवाओं को मिले इंसेंटिव के पैसे भी काफी हिस्सा जबरन हड़प लेते थे। पुलिस ने मौके से कंप्यूटर, डॉक्यूमेंट सहित कई सामान जब्त किया है।*

नई दिल्ली, मंगलवार
28 अक्टूबर 2025
हरिभूमि सहेली



# रिश्ते में पहचानें यलो फ्लैग्स बॉन्डिंग बनाएं बेहतर

आजकल रिश्तों को लंबे समय तक बनाए रखना आसान नहीं है। यह बात मैरीड लाइफ में और ज्यादा मायने रखती है। रिश्ते बेहतर रहें, इसके लिए दोनों तरफ से एफर्ट करना जरूरी है। दोनों में कोई एक भी रिश्ते को लेकर लापरवाह है, तो समस्याएं जन्म लेंगी, मतभेद होंगे, हम तनाव से घिरेंगे। इस तरह की बातें या प्रॉब्लम्स 'यलो फ्लैग्स' कहलाती हैं। इस तरह की सिचुएशन न आए, रिश्ते खुशगवार रहें, एक्सपर्ट की जरूरी सलाह।

कवर स्टोरी
गीता सिंह

इस नए दौर में रिश्ते तो बहुत आसानी से कायम हो जाते हैं, लेकिन उनको लंबे समय तक प्रेमपूर्वक बनाए रखना बहुत मुश्किल हो जाता है। रिश्ते में दो लोगों का आपस में बंधे रहना ही काफी नहीं होता है, दोनों किस तरह से अपने रिश्ते में बने हुए हैं, यह बात भी बहुत मायने रखती है। यदि हम किसी के साथ दोस्ती या प्रेम के रिश्ते में हैं, विशेष रूप से पति-पत्नी हैं तो हमें समय-समय पर रिश्ते में दिखने वाले 'यलो फ्लैग्स' यानी बनती दूरियां, मतभेद और खत्म होती बॉन्डिंग को समझना चाहिए, समझना ही नहीं चाहिए, समय रहते इसे संभालना भी चाहिए, संबंधों में आए मनमुटाव को खत्म करना चाहिए। रिश्ते में हम अकसर रेड फ्लैग्स की बात करते हैं, लेकिन यलो फ्लैग्स भी इंपॉर्टेंट हैं, ये सावधान करते हैं, उन समस्याओं या चिंताओं की ओर इशारा करते हैं, जिस पर ध्यान देने की जरूरत होती है, ताकि रिश्ते को सही दिशा में ले जाया जा सके। यहां कुछ 'यलो फ्लैग्स' दिए जा रहे हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। आइए जानते हैं, ऐसे ही कुछ यलो फ्लैग्स और इन्हें दूर करने के उपायों के बारे में।

### रिश्ते में बैलेंस न होना

किसी भी रिश्ते में दोनों पक्षों का योगदान समान होना चाहिए। यदि आप महसूस करती हैं कि आपके रिश्ते में एक पक्ष अधिक प्रयास कर रहा, दूसरा पक्ष कम, तो यह रिश्ते में बैलेंस न होने के संकेत हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो दिखाता है कि केवल एक ही पक्ष रिश्ते को लेकर गंभीर है, दूसरा पक्ष रिश्ते को गंभीरता से नहीं ले रहा है।

### अपमानजनक व्यवहार

एक प्रेम भरे सफल रिश्ते के लिए जरूरी है, दोनों साथी एक-दूसरे का सम्मान करें। यदि आप एक ऐसे रिश्ते में हैं, जहां आपका साथी लगातार आपसे अपमानजनक व्यवहार करता है, जैसे कि वह आपको नीचा दिखाता है या आपकी भावनाओं की अनदेखी करता है, तो निश्चित ही ये आपके रिश्ते में एक यलो फ्लैग है।

### संवाद में कमी व समय न देना

संवाद किसी भी स्वस्थ रिश्ते की नींव होता है। यदि आपका साथी, आपके साथ खुलकर बात नहीं करता या आपकी बातें अनसुनी कर देता है। साथ ही आपका साथी लगातार व्यस्त रहता है, आपको समय नहीं दे पाता, यह इस बात का संकेत है कि आप उसकी प्राथमिकता सूची में नीचे हैं। इस तरह की बातें आपके रिश्ते के लिए यलो फ्लैग्स हैं। भविष्य में बड़ी समस्याओं का संकेत हैं।



### अकेले योजनाएं बनाना और निर्णय लेना

रिश्ता एक साझा जिम्मेदारी है, जिसका ध्यान दोनों साथियों को रखना होता है। किसी भी साथी को अकेले प्लानिंग या फैसले नहीं लेने चाहिए, खासकर अगर इसमें आप दोनों की भलाई और जिंदगी शामिल हो। ऐसे मसलों पर आपके साथी को आपसे सलाह-मशविरा करना चाहिए। यदि वह ऐसा नहीं करता है तो निश्चित ही आपके रिश्ते के लिए एक बड़ा वाला यलो फ्लैग है।



#### विश्वास की कमी

रिश्ते में विश्वास एक महत्वपूर्ण तत्व है। अगर आपका साथी छोटी-छोटी बातों पर भी आप पर शक करता है या आप उस पर पूरी तरह से भरोसा नहीं कर पाती हैं या फिर आपकी गतिविधियों पर जरूरत से ज्यादा नजर रखता है, आपकी पसंद पर हुक्म चलाता है। आपको दोस्तों और परिवार से अलग-थलग करने का प्रयास करता है, तो यह एक यलो फ्लैग है। इसके चलते रिश्ते में स्ट्रेस और अन्य समस्याएं बढ़ सकती हैं। अपनी स्वतंत्रता बनाए रखना और नियंत्रण संबंधी समस्याओं का समाधान करना एक स्वस्थ रिश्ते के लिए बेहद जरूरी होता है।

### भावनात्मक अनुपलब्धता

रिश्तों में भावनात्मक जुड़ाव और सहयोग बेहद जरूरी है। अगर आपका साथी लगातार भावनात्मक अंतरंगता से बचता है, अलग-थलग सा लगता है, या भावनात्मक सहयोग देने में नाकाम रहता है, तो आपके रिश्ते में यह एक यलो फ्लैग यानी खतरे की घंटी है।

**छोटी-छोटी बातों पर बहस करना:** यदि आप और आपका साथी अकसर छोटी-छोटी बातों पर बहस करते हैं, अपनी ही बातों को सही ठहराने के लिए गुस्सा करते हैं या बात करना बंद कर देते हैं। यह एक यलो फ्लैग है, जो बताता है कि भविष्य में बड़े मुद्दों पर भी बहस हो सकती है।

### रिश्ते में यलो फ्लैग्स से कैसे डील करें

जब आप रिश्तों के बीच यलो फ्लैग्स के संकेतों को पहचान जाएं तो इन यलो फ्लैग्स पर ध्यान देकर और उन पर खुलकर बातचीत करके, अपने रिश्ते को मजबूत और स्वस्थ बनाएं। रिश्ते को पहले से कहीं अधिक बेहतर बनाएं और भविष्य में आने वाली समस्याओं से बचें। इसके साथ ही कुछ और बातों को अमल में लाकर आप रिश्ते के इन यलो फ्लैग्स को ग्रीन फ्लैग में बदल सकते हैं।

- सबसे पहले अपने साथी के साथ उन मुद्दों पर खुलकर बात करें, जो समस्या का कारण हैं। साथ ही ध्यान दें कि क्या आप दोनों मिलकर अपनी समस्याओं को हल करने में कामयाब हैं।
- यदि आप खुद से इन मुद्दों को हल नहीं कर पा रहे हैं, तो किसी रिलेशनशिप काउंसलर या थेरेपिस्ट से मदद लेने पर विचार करें।
- यदि फिर भी यलो फ्लैग बने रहते हैं और आपको लगता है कि वे रिश्ते को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहे हैं, तो आपको यह निर्णय लेना होगा कि क्या आप इस रिश्ते को जारी रखना चाहते हैं या नहीं।

याद रखें, हर रिश्ता खास होता है। सभी का किसी भी परेशानी से निपटने का तरीका भी अलग-अलग होता है। अपने विवेक पर भरोसा रखें, अपने अंतर्मन की सुनें, अपने को प्राथमिकता दें, और जरूरत पड़ने पर कड़ा फैसले लेने को भी तैयार रहें। a


**(रिलेशनशिप काउंसलर सलोनी चौधरी से बातचीत पर आधारित)**

# त्योहारों के बाद उदासी क्यों इससे कैसे उबरें

त्योहारों के हर्षोल्लास और व्यस्तता के बाद जब सब कुछ संपन्न हो जाता है, तो कुछ महिलाओं के मन में उदासी और सुस्ती का भाव देखा जाता है। इसे पोस्ट फेस्टिवल ब्लूज कहते हैं। आखिर ऐसा क्यों होता है और इससे कैसे उबरें, जानें।

सलाह
शिखर चंद जैन

जब त्योहार आते हैं, हम उत्साह-उमंग से भर उठते हैं। त्योहार के आगमन से काफी समय पहले से ही हमारा सारा ध्यान उसकी तैयारी में लग जाता है। हम बहुत खुशी के साथ शॉपिंग करते हैं, अपने लिए नई ड्रेसेस लाते या बनवाते हैं। घर की साफ-सफाई, साज-सज्जा करते हैं। मिठाइयां-पकवान बनाते हैं। रिश्तेदारों और दोस्तों से मिलते-जुलते हैं। लेकिन त्योहार के बाद हमारी दिनचर्या में एक रिक्तता आ जाती है। मन उदासी से घिर उठता है। यह एक प्रकार का इमोशनल बर्नआउट है।



### उदासी के कारण

कुछ महिलाएं त्योहारों के अवसर पर बंदनवार, आसन, रेडीमेड रंगोली, कंदील, सजावटी दीये, गिफ्ट रैपिंग, गिफ्ट हैंपर बनाने, पूजन सामग्री बेचने, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटी पार्लर के कामों से पैसे अर्न करती हैं। त्योहार बाद उनके मन में एक डर आता है कि अब कमाई का जरिया कमजोर पड़ जाएगा। जो पुरुष कारोबारी हैं, त्योहारों से संबंधित सामान बेचते हैं, उन्हें भी चिंता सताती है कि अब कारोबार मंदा हो जाएगा। इस चिंता का असर घर की महिलाओं पर भी पड़ता है।

### हैप्पी-हार्मोन का स्तर घटना

त्योहार के बाद मन में उदासी का बड़ा कारण यह भी होता है कि लोगों को लगता है कि अब उमंग-उत्साह का माहौल समाप्त हो गयौ। इस तरह त्योहारों के दौरान महसूस होने वाला हर्षोल्लास और 'हैप्पी-हार्मोन' जैसे डोपामाइन और सेरोटोनिन का स्तर अचानक कम हो जाता है, इस कारण निराशा महसूस होती है।



### उदासी के लक्षण

किसी त्योहार के बाद उदासी के लक्षण हमें इस रूप में दिखाई देते हैं, जैसे भावनात्मक और शारीरिक थकान, उत्साह के लुप्त हो जाने पर खालीपन की भावना और उदासी। दिनचर्या में वापस लौटने की चिंता, भीतर की एनर्जी में गिरावट के कारण निराशा या बेचैनी, नींद न आना या अधिक नींद आना।

### उदासी दूर करने के लिए क्या करें

उदासी दूर करने के लिए यहां बताए जा रहे कुछ साधारण लेकिन प्रभावी उपाय अपनाएं।

**ध्यान और जागरुकता:** माइंडफुलनेस मेडिटेशन करें। ऐसे अभ्यास आपको वर्तमान में बने रहने और अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने में सहायक रहेंगे। अपने मन को शांत रखने से मानसिक स्वास्थ्य में सुधार आएगा।

**जीवनशैली में परिवर्तन:** त्योहारों के बाद अपनी जीवनशैली को स्पीड मोड से बदल कर स्लो मोड में लाएं। पुरानी दिनचर्या, नियमित शारीरिक गतिविधि, संतुलित आहार और उचित नींद आपके मूड और आंतरिक ऊर्जा के स्तर को दुरुस्त करेंगे।

**सामाजिक समर्थन:** त्योहार बाद मित्रों और परिवार के साथ समय बिताएं। अपने पसंदीदा रिश्तेदारों, परिवार के सदस्यों या दोस्तों के साथ गपशप करें। इन सब बातों से आपकी आंतरिक ऊर्जा रिचार्ज होगी।

**भावनाओं को लिखें, रुके कामों पर ध्यान दें:** अपने विचारों और भावनाओं को लिखें। इससे दबी हुई भावनाओं को बाहर निकालने और तनाव को कम करने में मदद मिल सकती है। त्योहारों के दौरान जो काम बाकी रह गए थे, उन्हें पूरा करने में अपना ध्यान लगाएं। a

# पार्टी से लौटने के बाद फॉलो करें प्रॉपर स्किन केयर रुटीन

अगर आप पार्टी से घर लौटकर प्रॉपर स्किन केयर नहीं करती हैं, तो आपकी स्किन डैमेज हो सकती है। इसलिए मेकअप रिमूवल जरूरी है। हम आपको यहां कुछ ईजी टिप्स बता रहे हैं, जिसे अपनाकर आप स्किन को डैमेज होने से बचा सकती हैं।

स्किन केयर
नीलोफर

चाहे दोस्तों के साथ पार्टी करनी है, किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी में जाना है, किसी की रिसेप्शन पार्टी अटेंड करनी है या शादी में जाना है, हम दूसरों से अलग दिखना चाहते हैं। इसके लिए हम कई दिन पहले से प्लानिंग शुरू कर देते हैं। हमें क्या पहनना है, आउटफिट के साथ मैच करती ज्वेलरी, फुटवियर और कैरी किए जाने वाला पर्स सब पहले से सेट कर लेते हैं। मेकअप कैसा हो हैवी या लाइट, यह भी हम पहले ही सोच लेते हैं। लेकिन पार्टी अटेंड करने के बाद इन मेकअप प्रोडक्ट्स का हमारी त्वचा पर क्या असर होता है और घर आने के बाद हमें अपने स्किन की सही देखभाल के लिए कौन से जरूरी स्टेप फॉलो करने चाहिए, यह जानना भी बहुत ज्यादा जरूरी है।



### मेकअप रिमूवल है जरूरी

पार्टी से लौटकर आने के बाद आप भले ही कितनी थक जाएं, लेकिन अपने मेकअप को रिमूव करना न भूलें। कई बार पार्टी में डांस के बाद पैर थक जाते हैं और आप सोचती हैं कि मेकअप सुबह रिमूव कर लेंगी तो इससे आपके स्किन के पोर्स में गंदगी फंसी रह जाती है। इसलिए मेकअप रिमूवल सोने से पहले जरूरी है।



### चेहरे को करें क्लीन

सबसे पहले मेकअप को चेहरे से हटाएं और चेहरे को क्लीन करें ताकि बची हुई गंदगी और मेकअप हट जाए। इसके लिए फेसवॉश का इस्तेमाल करें, फेसवॉश ऐसा हो, जो त्वचा की नमी को बरकरार रखे।

### स्किन रहेगी हाईड्रेट

मेकअप को रिमूव करने के बाद और चेहरे की क्लींजिंग के पहले स्किन को हाईड्रेट करना जरूरी है, इसके लिए नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। नाइट क्रीम ऐसी होनी चाहिए, जिसमें नेचुरल स्किन कंडीशिनिंग एजेंट्स, नेचुरल ऑयल और विटामिन हो जो स्किन की रात भर नमी दे।

### आंखों की न करें अनदेखी

लेट नाइट पार्टीज में आंखों के नीचे की स्किन को अधिक देखभाल की जरूरत होती है, क्योंकि देर रात तक जगने के कारण डार्क सर्कल्स और पफी आइज होना कॉमन है। इसके लिए अंडर आई स्किन को नरिश करने के लिए अपने साथ हमेशा आईक्रीम रखें, जिससे आंखों के नीचे के काले घेरों से बचाव हो सके। आंखों और होंठों के मेकअप को रिमूव करने के लिए एक नर्म मेकअप रिमूवर का इस्तेमाल करें, क्योंकि आंखों और होंठों की त्वचा बेहद नर्म होती है। इन्हें साफ करने के बाद कॉटन पैड पर क्लीनिंग ऑयल लेकर पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें।

### टोनर का करें यूज

जिस दौरान चेहरे से मेकअप को रिमूव किया जाता है, उस समय चेहरे की त्वचा के पोषक तत्व कम हो जाते हैं। चेहरे की त्वचा के पीएच स्तर को संतुलित करने और त्वचा के रोमछिद्रों को साफ करने के लिए टोनर का जरूर इस्तेमाल करें।

### मॉयश्चराइजर लगाएं

पूरे चेहरे का मेकअप हटाने और चेहरे की पूरी सफाई करने के बाद अपनी त्वचा को हाइड्रेट करने के लिए एक अच्छा मॉयश्चराइजर लगाएं ताकि यह आपकी त्वचा को ड्राय न होने दे, उसकी नमी को हमेशा बरकरार रखे। a

# बदलते मौसम में ऐसे करें हेल्थ केयर

बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही आपको बीमार कर सकती है। इससे बचाव के लिए विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। कुछ ऐसे ही यूजफुल सजेशंस।

मेडिकल सजेशन
डॉ. रवींद्र गुप्ता
सीनियर फिजिशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बदलते मौसम में स्वस्थ रहने के लिए सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि इस मौसम में आपको कौन-सी स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं और उनसे कैसे बचाव कर सकते हैं?

**श्वसन तंत्र संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में ठंडी हवाओं के कारण सर्दी, खांसी, फ्लू और इंफ्लूएंजा का रिस्क बढ़ जाता है। धूल कणों और प्रदूषण की वजह से एलर्जी और अस्थमा के भी लक्षण नजर आने लगते हैं। इसके साथ ही आंखों और नाक से पानी गिरना, गले में खराश और सांस लेने में तकलीफ जैसी दिक्कतें भी हो सकती हैं।

**मच्छरों से होने वाली बीमारियां:** बरसात के बाद जमा होने वाले पानी में मच्छर पनपने लगते हैं, जिससे डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां फैलने लगती हैं। जिनमें तेज बुखार, जोड़ों में दर्द जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं।



**दूषित जल से होने वाली समस्याएं:** बरसात खत्म होने के बाद पेयजल के प्रदूषित होने की आशंका बढ़ जाती है। अगर पीने का पानी स्वच्छ न हो तो इससे गैस्ट्रोएंटेराइटिस जैसी समस्या हो सकती है। इससे पेटदर्द, उल्टी और दस्त आदि समस्याएं हो सकती हैं।

**जोड़ों में दर्द:** ठंड की वजह से कुछ महिलाओं को जोड़ों में दर्द होने लगता है। खासतौर पर 50 साल से अधिक उम्र वाली महिलाओं को हार्मोन संबंधी असंतुलन के कारण यह समस्या ज्यादा परेशान करने लगती है।

**फंगल इंफेक्शन-स्किन ड्रायनेस:** महिलाओं को फंगल इंफेक्शन और स्किन में ड्रायनेस जैसी समस्याएं भी इस मौसम में परेशान करती हैं।

**मेंटल प्रॉब्लम्स:** कुछ महिलओं को इस बदलते हुए मौसम में मूड स्विंग, सुस्ती और उदासी जैसी मनोवैज्ञानिक समस्याएं भी परेशान करती हैं, जिन्हें सीजनल इफेक्टिव डिसऑर्डर कहा जाता है।

**कैसे करें बचाव:** इन समस्याओं से ऐसे बचें।

- हमेशा उबला हुआ स्वच्छ पानी पिएं।
- उपयोग से पहले फलों और सब्जियों को अच्छी तरह से धो लें।
- अपने घर के आस-पास पानी जमा न होने दें, इससे मच्छरों के पनपने की आशंका बढ़ जाती है। बेहतर यही होगा कि सोते समय मच्छरदानी का इस्तेमाल करें।



- रूखेपन की समस्या के लिए नियमित रूप से मॉयश्चराइजर और कोल्ड क्रीम का इस्तेमाल करें।
- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए रोजाना सात-आठ गिलास पानी पिएं, जूस और सूप भी पिएं। a

**प्रस्तुति: विनीता**

# परिचय देने का अंदाज हो सम्मानजनक

कुछ लोग अकसर किसी का परिचय एक कटाक्ष के अंदाज में देते हैं। इससे जिसका परिचय दिया जा रहा है, वह तो एंब्रेस फील करता ही है, वहां मौजूद लोगों को भी अटपटा लगता है। इसलिए जब भी किसी का परिचय दें, सम्मानजनक ढंग से दें।


एटिकेट
मेघा राठी

आकृति ने एक पार्टी में अपने पति से अपनी सहेली शोभा का परिचय कुछ इस अंदाज से कराया, 'इनसे मिलिए, यह हैं शोभा, सोशल मीडिया की क्वीन हैं, छाई रहती हैं पोस्ट और फोटो से।'

शोभा को यह तरह परिचय देना बड़ा अजीब-सा लगा। उसने टोका, 'आकृति, तुम मेरा परिचय मेरे प्रोफेशन या मेरी फैमिली से जोड़कर दो। यह किस ढंग से मेरा परिचय दे रही हो?'

'अरे चिल्ड यार, मजाक कर रही हूं।' आकृति समझ गई थी, उससे अंजाने में गलती हो गई है।

**फर्स्ट इंप्रेशन है किसी का परिचय:** अकसर लोग किसी का परिचय सही ढंग से कराने में चूकते हैं। जबकि किसी व्यक्ति के सामने किसी का परिचय देना, उसके 'फर्स्ट इंप्रेशन' की तरह होता है। पहले परिचय का प्रभाव लंबे समय तक रहता है। जब हम किसी का परिचय करवाते हैं, यह सुनिश्चित करना जरूरी है, वहां मौजूद लोगों के सामने उस व्यक्ति की सकारात्मक छवि पेश हो। अकसर सामाजिक या पेशेवर माहौल में हम दूसरों का परिचय कराते समय मजाक कर जाते हैं, जो सामने वाले को असहज कर सकता है, वह व्यक्ति न केवल अपमानित महसूस करता है, संबंधों में एक दूरी आती है। इसलिए यह जरूर जानें कि एक प्रभावशाली और सम्मानजनक परिचय देते समय किन बातों का ध्यान रखें-



**नकारात्मक शब्दों से बचें:** परिचय देते समय हमेशा सकारात्मक बातों से परिचय दें। ऐसे शब्दों से बचें, जो किसी भी प्रकार की आलोचना या नकारात्मकता को दर्शाते हों। कभी-कभी मजाक में भी नकारात्मक बातें बुरी लग जाती हैं, इसलिए हर शब्द का चुनाव सावधानी से करें। इस उदाहरण को देखें-

**गलत तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी खासियत है कि ये सबकी टांग खींचने में माहिर हैं।

**सही तरीका:** यह सुमन हैं। इनकी हाजिरजवाबी और मजाकिया स्वभाव से हर माहौल खुशनुमा हो जाता है। नकारात्मक टिप्पणियां, चाहे मजाक में ही क्यों न हों, सामने वाले के आत्म-सम्मान को ठेस पहुंचा सकती हैं।

**अतिशयोक्ति से बचें:** कुछ लोगों की आदत होती है कि वे किसी व्यक्ति की तारीफ बढ़ा-चढ़ा कर करते हैं। यह सही नहीं है, क्योंकि इससे वह व्यक्ति जिसका परिचय दिया जा रहा है और वहां मौजूद अन्य लोग दोनों ही असहज हो सकते हैं। किसी की प्रशंसा करना अच्छी बात है, लेकिन अतिशयोक्ति के बिना होनी चाहिए। जैसे-

**गलत तरीका:** यह दीपा हैं। कंपनी की सबसे मेहनती और सबसे सफल वर्कर हैं।

**सही तरीका:** यह दीपा हैं। यह हमारी टीम में विश्लेषण का काम करती हैं, अपने डेडिकेशन के लिए जानी जाती हैं।

इस तरह का सटीक और सम्मानजनक परिचय न केवल वहां उपस्थित लोगों को विश्वास दिलाता है, बल्कि परिचित होने वाले व्यक्ति को भी कुछ और बड़ा करने के लिए प्रेरित करता है।

**उपलब्धियों और गुणों से कराएं परिचय:** व्यक्ति की उपलब्धियों, गुणों और कौशल का सम्मानपूर्वक उल्लेख करें, बिना किसी प्रकार की तुलना या टीका-टिप्पणी किए बताएं- इन्होंने अपने क्षेत्र में अपनी मेहनत से पहचान बनाई है। इस प्रकार का परिचय न केवल व्यक्ति को गर्वित करता है, बल्कि उनकी छवि को भी उभारता है। किसी का परिचय करवाना एक महत्वपूर्ण क्षण होता है। यह परिचय करवाने वाले व्यक्ति के व्यक्तित्व को भी दर्शाता है, उसकी छवि निर्धारित करता है, साथ ही भविष्य में संबंधों की मजबूती को भी प्रभावित करता है। a

# प्रधानमंत्री ने अपने कार्यों और नवाचारों से देश में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के प्रसारण का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों के आधार पर देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। मन की बात कार्यक्रम भारत का लघु रूप प्रस्तुत करती है।

विविधता से भरे देश के विभिन्न राज्यों में क्या नया हो रहा है, यह इस कार्यक्रम से संक्षेप में ज्ञात होता है। राज्यों के कई नवाचार अनुकरणीय और प्रेरक होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में प्रधानमंत्री मोदी द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं की बढ़ती रूचि का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर गुजरात में केवड़िया धाम पर्यटन के सुंदर और आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### मन की बात कार्यक्रम-विविधता से भरे भारत का प्रस्तुत करती है लघु रूप

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के कार्यक्रम 'मन की बात' का किया श्रवण



### सीएम ने दी छठ पूजा की बधाई

मुख्यमंत्री ने छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय परिवार परम्परा की सशक्त अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि मप्र स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा। यह भोपाल में उस युग को पुनः जीवंत करने का प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से लेकर उनके राज्यारोहण तक की सभी गाथाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित जनसमुदाय से स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह के साथ सहभागिता करने का आहवान किया।

### वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा कार्यक्रम

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम में देश राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इस अवसर पर देशभर में वृहद स्तर पर राष्ट्रभक्ति से प्रेरित आयोजन किए जाएंगे। उन्होंने 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती का उल्लेख करते हुए कहा कि इसे जनजाति गौरव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं से भारतीय जनजाति गौरव के प्रतीक रहे महापुरुषों के जीवन पर आधारित साहित्य और पुस्तकों का अध्ययन कर उनके संघर्षों को जानने समझने का आहवान किया। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत में संस्कृत को प्रोत्साहित करने वाले अनेक सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर का उल्लेख करते हुए उनके कार्यों की सराहना की।*

## मप्र के 82 प्रतिशत बूथों पर सुनी गई 'मन की बात'



भोपाल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि मेरे लिए बड़े सौभाग्य की बात है कि आज मैं ऐसे गांव व क्षेत्र में आया हूं, जहां जनसंघ के जमाने से हमारी विचारधारा और पार्टी बहुत मजबूत स्थिति में रही है। आज भी भाजपा संगठन मप्र में बहुत मजबूत स्थिति में है। संगठन की मजबूती का पूरा श्रेय कार्यकर्ताओं को जाता है। भाजपा में हम किसी भी पद पर रहें, लेकिन हमारे अंदर कार्यकर्ता भाव हमेशा जाग्रत रहना चाहिए। भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल रविवार को रायसेन पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि पार्टी में दायित्व बदलते रहते हैं, लेकिन कार्यकर्ता भाव रहता है, तो हम संगठन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में ऐसे सभी विषयों पर बात करते हैं, जो आम लोगों से जुड़ी होती हैं।

### कांग्रेस ने देश-प्रदेश में 50 वर्षों तक शासन किया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक खण्डेलवाल ने कहा कि देश की आजादी के बाद देश और मप्र में लगभग 50 वर्षों तक शासन करने वाली कांग्रेस पार्टी ने कभी गरीबों के हक और भलाई के लिए कार्य नहीं किया। कांग्रेस पार्टी और उसके नेता सिर्फ वोटों की राजनीति करते रहे। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीबों के साथ सभी समाज वर्ग के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण को ध्यान में रखकर जनहितैषी योजनाएं बनाकर लोगों की गरीबी दूर कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार प्रदेश में औद्योगीकरण करके लोगों को रोजगार देने का कार्य कर रही है। उद्योगों की स्थापना से जहां मप्र में रोजगार के अवसर पैदा होंगे, वहीं लोगों की आय में वृद्धि होगी और मप्र आत्मनिर्भर बनेगा।

## शाहपुरा में रहवासियों के बीच महापौर ने सुनी "मन की बात"



**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की "मन की बात" महापौर मालती राय ने रविवार को शाहपुरा में स्थानीय रहवासियों व जनप्रतिनिधियों के साथ सुनी। इस अवसर पर जोन अध्यक्ष स्नेहलता रघुवंशी, पूर्व सांसद आलोक संजर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ने किया महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय के नए भवन का लोकार्पण

### जबलपुर को मिली 28.33 करोड़ रुपए के 4 बड़े विकास कार्यों की सौगात

# जहां हर दिशा में कौशल की नर्मदा बहे, वही है महाकौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि जबलपुर संस्कृति, संस्कार और शिक्षा की त्रिवेणी है। यह संस्कारधानी भी है और न्यायधानी भी। जहां हर दिशा में कौशल ही कौशल की नर्मदा बहती है, वही महाकौशल है। उन्होंने कहा कि महाकौशल को निसर्ग ने अप्रतिम सौंदर्य से नवाजा है। महाकौशल पर मां नर्मदा की अद्भुत कृपा है। हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट जबलपुर में कर यहीं से विकास प्राथमिकताएं तय की थीं।

जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा एलीवेटेड कॉरीडोर बना कर लोकार्पित कर दिया गया है। इससे जबलपुर के व्यापार-व्यवसाय के विकास को नए पंख लग गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर के महाकौशल ऑटोनॉमस कॉलेज के सभागार में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास के लिए प्रदेश के सभी शैक्षणिक केंद्र अध्ययन और अध्यापन का एक मजबूत आधार तैयार करें। स्कूल और कॉलेज केवल डिग्री देने वाले न बनकर शिक्षा के मंदिर और देवालय बनें। स्कूल-कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा दी जाए। इससे हमारे विद्यार्थी अध्ययन करते हुए ही रोजगार के क्षेत्र में दक्षता हासिल कर सकेंगे।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेन्स शासकीय महाकौशल महाविद्यालय के नए भवन का हुआ भूमिपूजन



### बहुमुखी प्रतिभाओं और समाजसेवियों का सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जबलपुर के स्कूल और कॉलेजेस के 22 टॉपर्स बच्चों और बहुमुखी प्रतिभाओ को सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे अपनी शिक्षा को इस दिशा में लगाये, जो नए मध्यप्रदेश का निर्माण करें। मुख्यमंत्री ने शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि पाने वाले 5 शिक्षकों और शिक्षाविदों, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले 13 समाजसेवियों और संस्था श्रेणी में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 3 संस्थाओं को सम्मानित किया। महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में प्रेरणास्त्रोत बनी 5 महिलाओं, खेल जगत की 6 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आर्वार्ड के लिए चयनित 5 युवाओं को भी सम्मानित किया।

### युवा शक्ति और टेक्नोलॉजी का अनूठा संगम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आज भारत के पास युवा शक्ति और टेक्नोलॉजी का अनूठा संगम है। दुनिया के बाकी देश यूथ पॉवर के लिए तरस रहे हैं। वर्ष 2047 में विकसित और आत्मनिर्भर भारत बनाने का सबसे बड़ा दायित्व युवाओं के कंधों पर है। युवा साथी अपने परिश्रम, अपनी बुद्धि और अपने बल से भारत की काया पलटे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज के समय में सिर्फ टेलेंटेड होना काफी नहीं है, अब आपको टेक फ्रेंडली और एआई इनेबल भी होना पड़ेगा। अपने आपको इंडस्ट्री और जॉब मार्केट के लिए रेडी रखिए। एआई, मशीन लर्निंग, क्लाइड कंप्यूटिंग, डेटा एनालिसिस, बिग डेटा सीखिए, यही भविष्य की स्किल्स हैं।

### 28 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमि-पूजन



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समारोह में जबलपुर में 28 करोड़ 33 लाख रुपए की लागत वाले 4 विकास कार्यों का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 23 करोड़ 28 लाख रुपए की लागत से 2 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। इसमें 13 करोड़ 38 लाख रुपए की लागत से पीएम एक्सीलेंस शासकीय महाकौशल स्वशासी अग्रणी महाविद्यालय का नवीन भवन का लोकार्पण शामिल है।

### राजस्व वसूली को लेकर निगम ने तैयार किया प्लान

## 23 सप्ताह में 186 करोड़ रुपए टैक्स वसूली के लिए निगम ने हर सप्ताह का टारगेट किया तय

*वित्तीय वर्ष समाप्ति के शेष 23 सप्ताह, 13 दिसंबर को लोक अदालत तक संपत्ति व जलकर की राशि 89 करोड़ की वसूली जोन व वार्ड स्तर पर करना होगी*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजस्व वसूली में पिछड़ रहे नगर निगम प्रशासन ने वित्तीय वर्ष समाप्ति होने में बाकी बचे 23 सप्ताह में 186 करोड़ रुपए से ज्यादा की टैक्स वसूली के लिए साप्ताहिक टारगेट तय कर दिया है। निगम के 21 जोन और 84 वार्डों को लक्ष्य वसूली के लिए टारगेट दे दिया गया है। जबकि आगामी 13 दिसंबर को होने वाली लोक अदालत तक 89 ड़ रुपए टैक्स वसूली के लिए सभी वार्डों को लक्ष्य दिया गया है। 31 मार्च 2026 तक 186 करोड़ रुपए से ज्यादा की वसूली राजस्व के रूप में निगम को करना है। शहर के बड़े बकायादारों को लेकर भी निगम सख्ती करेगा ताकि अधिक से अधिक राजस्व वसूली की जा सके।

### एक करोड़ से ज्यादा की वसूली का लक्ष्य

*किसी जोन में एक करोड़ तो कहीं 80 लाख से ज्यादा की होना है वसूली नगर निगम के 21 जोन में कई जोन ऐसे हैं जिन्हें एक सप्ताह में एक करोड़ से ज्यादा की वसूली का लक्ष्य दिया गया है जबकि अधिकांश वार्डों को 13 से 15 लाख तक का टारगेट दिया गया है।*

### सोमवार से वसूली में जुटेंगे वार्ड प्रभारी

*वार्ड स्तर पर बकायादारों को नोटिस देकर वसूली का काम तेजी से होगा। निगम में पंजीकृत भवन स्वामी के मोबाइल नंबर पर मैसेज भी भेजे जा रहे हैं।*

### निर्धारित लक्ष्य का आंकड़ा जारी

निगम ने शहर के सभी वार्डों और जोन को निर्धारित लक्ष्य का आंकड़ा जारी कर तेजी से वसूली करने को कहा गया है। वार्ड स्तर पर बकायादारों से टैक्स की वसूली के लिए मैदानी कर्मचारियों को किसी भी तरह की लापरवाही नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं।

## मालगाड़ी के इंजन पर पथराव, पायलट घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



बालको रेलवे लाइन पर रविवार की देर रात मालगाड़ी के इंजन पर डेंगूरनाला पुल से सीएसईबी चौक के बीच कुछ लोगों ने पथराव किया। घटना के समय मालगाड़ी बालको प्लांट से वापस स्टेशन लौट रही थी। पथराव के कारण धमाके की आवाज के साथ इंजन की खिड़की का कांच टूटकर अंदर लोको पायलट के सिर पर लगा। खिड़की का ग्लास लगे होने की वजह से लोको पायलट बाल-बाल गया, नहीं तो पत्थर सीधे लगता और बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मालगाड़ी के स्टेशन पहुंचने के बाद लोको पायलट ओपी आदिले और सहायक लोको पायलट सुनील कुमार ने स्टेशन मास्टर को घटना की लिखित सूचना दी। मामला प्रकाश में आने के बाद रेलवे के साइड इंचार्ज को बालको थाना पुलिस से शिकायत करने की बात कही जा रही है।

### लाखों की सब्जियां और कैरेट खाक

## थोक सब्जी मंडी बाजार में लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा



शहर के थोक सब्जी मंडी बाजार में सोमवार को भीषण आग लग गई, जिससे मंडी में रखी सब्जियां और सब्जी रखने के कैरेट जलकर राख हो गए। आग लगने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। घटना की सूचना मिलते ही नगर पालिका अध्यक्ष अश्विनी शर्मा और पूर्व विधायक भाजपा नेता शिवरतन शर्मा मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। नगर पालिका की फायर ब्रिगेड और पानी टैंकरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी सक्रिय रहा। एसडीओपी सहित शहर थाना पुलिस मौके पर मौजूद रही और आग बुझाने व भीड़ नियंत्रण में सहयोग किया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

### परिजनों का हंगामा, गुस्साए लोगों ने आरोपी के घर को घेराव कर नाराजगी जताई

## बेकाबू वाहन से तीन की मौत, पांच गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा




रविवार देर रात छत्तीसगढ़ के बेमेतरा में रईसजादे की रफ्तार का कहर देखने को मिला है। आरोपी चालक ने तीन लोगों को अपने वाहन से रौंद दिया। इस घटना में तीन लोगों की मौत हुई है। वहीं, 5 लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को देर रात रायपुर रैफर किया गया है। दूसरी ओर इस घटनाक्रम के बाद लोग भड़क उठे व बिजनेसमैन के घर को अचानक घेराव कर दिया। घर में तोड़फोड़ व वाहन को नुकसान पहुंचाया गया है। वहीं दूसरी तरफ सोमवार को घटना के विरोध में बेमेतरा बंद का आह्वान किया गया था। इसके अलावा मृतक के परिजनों ने देर रात शव को शहर के सिग्नल चौक में रखकर प्रदर्शन किए। तनाव को देखते हुए मौके पर पुलिस बल तैनात किया गया। मिली जानकारी अनुसार फोर व्हीलर चालक ने भीड़ भरी सड़क पर बेकाबू होकर एक के बाद एक पांच वाहनों को टक्कर मार दी। तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि 5 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने स्थिति को अपने कंट्रोल में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है। बेमेतरा एसएसपी रामकृष्ण साहू ने कहा कि दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हरियाणा सरकार

Haryana Shehri Vikas Pradhikaran

## हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण लेकर आए हैं

व्यवसायिक, संस्थागत संपत्तियां और बहुमंजिला अपार्टमेंट ई-नीलामी

दिनांकः 4 नवम्बर से 8 नवम्बर, 2025



| स. न. | नीलामी की तिथि | साइटों का ब्यौरा | जोन |
|---|---|---|---|
| 01 | 4 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) | प्रमुख स्थल (व्यावसायिक संपत्तियां, होटल संपत्तियां,अस्पताल और संस्थागत स्थल) और बहुमंजिला अपार्टमेंट | सभी जोन |
| 02 | 6 नवम्बर, 2025 (गुरूवार) | व्यावसायिक संपत्तियां (प्रेफेरेंटिअल) / नर्सिंग होम, क्लिनिक संपत्तियां और स्कूल संपत्तियां | सभी जोन |
| 03 | 7 नवम्बर, 2025 (शुक्रवार) | व्यावसायिक संपत्तियां | फरीदाबाद और पंचकूला जोन |
| 04 | 8 नवम्बर, 2025 (शनिवार) | व्यावसायिक संपत्तियां | गुरुग्राम, रोहतक और हिसार जोन |

17.10.2025 को प्रकाशित विज्ञापन के क्रम में, प्रशासनिक कारणों से सभी ज़ोनों की सामान्य और प्रेफरेंशियल श्रेणी की आवासीय संपत्तियों और रोहतक ज़ोन (जी.एच-8, सैक्टर - 4 एक्सटेंशन, रोहतक) और पंचकूला (जी.एच-113, सैक्टर-20, पंचकूला) के बहु-मंजिला अपार्टमेंट की ई-नीलामी वापस ले ली गई है।

ई-नीलामी वर्ष 2025-26 की आवंटन दरों/संस्थागत दरों के आधार पर इस शर्त के साथ आयोजित की जाएगी कि यदि वर्ष 2025-26 के लिए आवंटन दरों/संस्थागत दरों को संशोधित किया जाता है तो तत्पश्चात बोली राशि को आनुपातिक आधार पर संशोधित किया जाएगा और बिडर अंतर राशि का भुगतान करने के लिए बाध्य होगा।

पंजीकरण ई-नीलामी की निर्धारित तिथि से एक दिन पूर्व बंद हो जाएगा।
ई-नीलामी सुबह 10 बजे शुरु की जाएगी

मुख्य बैंकों से ऋण की सुविधा उपलब्ध। *नियम एवं शर्तें लागू
*इस ई-नीलामी में कोई भी व्यक्ति, कंपनी व सोसाइटी/समिति भाग ले सकते है।

* ई-नीलामी में दर्शाई गई संपत्तियों को बिना नोटिस ई-नीलामी से हटाया जा सकता है।

EPABX - 0172-2567858, 2587185
हेल्पलाइन नंबर: 1800-180-3030

एच.एस.वी.पी. ई-ऑक्शन के पोर्टल के लिंक के लिए https://hsvphry.org.in पर जाएं

किसी भी जानकारी के लिए हमें ईमेल करें: eauctioncell.hsvp@gmail.com

*यदि ई.एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि के दिन बैंक अवकाश पड़ता है, तो उस स्थिति में, बैंक अवकाश से पूर्व पड़ने वाले बैंक कार्य दिवस को चालान द्वारा ई. एम.डी. जमा करवाने की अंतिम तिथि माना जाएगा

Chief Administrator
Haryana Shehri Vikas Pradhikaran
C-3, HSVP Complex, Sector 6, Panchkula 134 109, Haryana
hsvphry.org.in 1800-180-3030 Hsvphry

The detailed information of the sites and terms & conditions of e-auction will be available on https://hsvphry.org.in.

## चिंतन

# भारत के महायुद्ध अभ्यास से क्यों डर गया पाकिस्तान

बात-बात पर परमाणु बम की धमकी देने वाले पाकिस्तान को असल में पता है कि भारत के सामने उसकी औकात कितनी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान ही साफ हो गया कि वो दुनिया की सबसे तेज बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत के सामने युद्ध में 48 घंटे भी खड़ा नहीं रह सकता है, लेकिन उसके हुकूमरान हैं कि अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आते। ऑपरेशन सिंदूर में करारी हार मिलने के बावजूद पाक ने यह दिखाने का प्रयास किया कि वह जीत रहा था। भारत को युद्ध रोकने के लिए मनाने के लिए पहले अमेरिका के समक्ष गुहार लगाने और फिर भारतीय डीजीएमओ से युद्ध की प्रार्थना करने वाले पाक ने युद्ध खत्म होते ही सेना प्रमुख आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करके यह दर्शाने का प्रयास किया कि हम जीत रहे थे। असल में पाक नेताओं की ये मजबूरी भी है। वो आवाम को भ्रम में रखते हैं और हमेशा से यह प्रयास करते हैं कि किसी भी तरह से भारत विरोध के सहारे अपनी सियासत को जिंदा रखा जाए, लेकिन सच वो भली-भांति जानते हैं। तभी तो पाकिस्तान इन दिनों भारत के महायुद्धाभ्यास के ऐलान से इतना डरा हुआ है कि उसने कराची से लाहौर तक हवाई यातायात का पूरा रास्ता ही बदल दिया। कई रास्तों को उड़ानों के लिए बंद कर दिया और उनकी जगह पर नए रास्तों को खोला है, जो पहले की अपेक्षा काफी घुमावदार और लंबे हैं। माना जा रहा है कि पाकिस्तान को डर है कि भारत नागरिक हवाई यातायात की आड़ में उसके सैन्य ठिकानों पर हमले कर सकता है। हवाई मार्ग में बदलाव का यह ऐलान पाकिस्तान एयरपोर्ट अथॉरिटी ने किया है। कहा गया है कि हवाई यातायात की निरंतर सुरक्षा और प्रभावी प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए 28 अक्टूबर से कराची और लाहौर उड़ान क्षेत्रों के लिए कुछ मार्गों में बदलाव किया है। पीएए से जारी एक नोटम में बताया गया है कि 28 अक्टूबर को सुबह पांच बजकर एक मिनट पर पाकिस्तान के समयानुसार से प्रभावी होंगे और बुधवार, 29 अक्टूबर को सुबह नौ बजे पाकिस्तान समयानुसार तक लागू रहेंगे। राजस्थान में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर 12 दिन अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास होगा। आर्मी, एयरफोर्स और नौसेना के 30,000 जवान थार में संयुक्त अभ्यास करेंगे। अभ्यास की शुरुआत 30 अक्टूबर से होगी, जो 10 नवंबर तक चलेगी। इस युद्धाभ्यास के दौरान सीमा के कुछ क्षेत्र में वाणिज्यिक उड़ानों के मार्ग में बदलाव हो सकता है। युद्धाभ्यास जैसलमेर से लेकर गुजरात के सर क्रीक तक होगा। कहा तो यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान इस सैन्य अभ्यास के जवाब में जल्द ही कोई मिसाइल टेस्ट करने की तैयारी में है, ताकि पाक आवाम को दिखाया जा सके भी वो भी तैयारी कर रहे हैं, जबकि सच यह है कि पाक के आर्थिक हालात यह हैं कि विदेशी मुद्रा कोष खाली हो रहा है। लगातार आईएमएफ से उधार मांगकर देश को दिवालिया होने से बचाया जा रहा है। इसके बावजूद पाक हुकूमरान अपनी हरकतों से बाज नहीं आते। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 लोगों की हत्या के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच मई में संघर्ष हुआ था, जिसके बाद से पाक ने कई बार भारतीय एयरलाइनों के अपने हवाई क्षेत्र से उड़ान भरने पर प्रतिबंध का दायरा बढ़ाया, क्योंकि दोनों देश राजनीतिक तनाव के कारण एक-दूसरे की वाणिज्यिक उड़ानों को अवरुद्ध करते रहते हैं। अब पाक को लग रहा है कि अगर भारत के सामने किसी भी तरह का दुःसाहस किया जो उसके नतीजे खतरनाक होंगे।

## हालात

प्रशांत कुमार



# निर्भया के बाद भी अधूरी ही रही न्याय की लड़ाई

16 दिसंबर 2012 को देश की राजधानी दिल्ली की एक सर्द रात। एक चलती बस में हुई एक ऐसी दिल दहला देने वाली घटना, जिसने पूरे देश को हिला दिया। कुछ दरिंदों ने सामूहिक बलात्कार कर न केवल इंसानियत को शर्मसार किया, बल्कि देश की कानून-व्यवस्था और समाज की सोच पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए। यह मामला इतिहास में निर्भया कांड के नाम से दर्ज हुआ। इस शर्मनाक घटना के बाद भारत में यौन अपराधों की परिभाषा और कानूनी ढांचे में पूरी तरह बदलाव किया गया। 2012 तक देश में बलात्कार की परिभाषा काफी संकीर्ण थी। पहले के कानून के मुताबिक किसी भी महिला के साथ संबंध स्थापित न होने पर उसे रेप नहीं माना जाता था, लेकिन निर्भया केस के बाद ये साफ हो गया कि महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की परिभाषा को कहीं ज्यादा व्यापक बनाने की जरूरत है। देशभर से इसकी मांग भी उठने लगी। निर्भया को न्याय दिलाने और दोषियों को फांसी देने के लिए देशव्यापी जोरदार प्रदर्शन हुए। निर्भया केस के बाद सरकार और संसद ने भी माना कि कानून में बदलाव कर कठोर कदम उठाने की दरकार है। इसके लिए आपराधिक कानूनों में संशोधन किया गया और आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 2013 लाया गया। इस अधिनियम के तहत भारतीय दंड संहिता (आईपीसी), दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम में बदलाव किए। आईपीसी की कई धाराओं में संशोधन कर रेप की परिभाषा का दायरा बढ़ाया गया। किसी भी महिला के साथ गलत तरीके से छेड़छाड़, आपत्तिजनक स्पर्श, एसिड अटैक, पीछा करना और किसी भी रूप में यौन शोषण को भी रेप की श्रेणी में शामिल किया गया। दोषी को मृत्युदंड देने तक का प्रावधान किया गया, जिससे समाज में भय पैदा हो सके। निर्भया केस के बाद एक और बड़ी बहस शुरू हो गई, कि क्या नाबालिग अपराधियों को भी व्यस्क की तरह सज़ा मिलनी चाहिए? ये बहस इसलिए शुरू हुई, क्योंकि निर्भया कांड के दोषियों में एक नाबालिग था। जब बहस ने जोर पकड़ा, तो सरकार ने संसद में जुवेनाइल जस्टिस बिल पेश किया, जिसे 22 दिसंबर 2015 को संसद ने पारित कर दिया। इसके तहत, अगर कोई किशोर जो 16 से 18 साल की उम्र का है और कोई जघन्य अपराध करता है, तो उसे व्यस्क मानकर उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जाएगा। दोषी साबित होने पर उसे वयस्क की तरह ही सजा मिलेगी। तो आज भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों को लेकर बेहद ही कड़े कानून हैं, लेकिन आज भी अपराधों में कोई कमी नजर नहीं आती। दुष्कर्म के मामलों में कठोर कानूनी प्रावधानों के बावजूद आरोपियों को सजा दिलाने में न्याय व्यवस्था प्रभावी साबित नहीं हो रही है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की 2023 की रिपोर्ट इस सच्चाई की गवाही देती है। आंकड़ों के अनुसार, दुष्कर्म के मामलों में अदालत से पांच में से केवल एक आरोपी को ही सजा मिली, जबकि चार बरी हो गए। हालांकि हत्या जैसे गंभीर अपराधों में दोष साबित करने का प्रतिशत बेहतर रहा, जहां करीब तीन में से दो आरोपियों को सज़ा सुनाई गई।

अब सवाल उठता है कि क्या सिर्फ कठोर कानून बना देने से ही अपराध रुक जाएंगे? जब 96 फीसदी मामलों में आरोपी पहचान वाला होता है, तो समाज की सोच में बदलाव कैसे लाया जाए? न्यायिक प्रक्रिया इतनी धीमी क्यों है कि पीड़ित पक्ष वर्षों तक न्याय की राह देखता रह जाता है? क्या हमें कानून की सख़्ती से आगे बढ़कर न्यायिक व्यवस्था में सुधार और सामाजिक मानसिकता में बदलाव की दिशा में काम नहीं करना चाहिए? निर्भया कांड के बाद उम्मीद थी कि भारत में महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित होगी और अपराधियों में भय पैदा होगा, लेकिन आंकड़े बताते हैं कि हालात बहुत नहीं बदले हैं। हर 20 मिनट में एक महिला दुष्कर्म की शिकार होती है। यह समाज और सरकार दोनों के लिए बेहद शर्मनाक स्थिति है। देखा जाए तो कानून जरूरी है ही, लेकिन केवल कानून बना देना ही काफी नहीं है। आज ज़रूरत है तेज़ और प्रभावी न्यायिक प्रक्रिया की है, जिससे पीड़ित को जल्दी से जल्दी न्याय मिल सके। पीड़िता के प्रति संवेदनशील पुलिस तंत्र की व्यवस्था भी बेहद जरूरी है। सबसे अहम है, समाज की मानसिकता में बदलाव। महिलाओं की सुरक्षा केवल उनका मुद्दा नहीं, बल्कि पूरे समाज की गरिमा और सभ्यता का सवाल है। जब तक समाज अपराधी मानसिकता को ठुकराएगा नहीं, तब तक कठोर से कठोर कानून भी कारगर नहीं होंगे।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विचार

डॉ. संजय शुक्ला

# लोकतंत्र का मतलब सिर्फ चुनाव ही नहीं है

विडंबना यह कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदाता केवल चुनावी प्रक्रिया का अंग होता है, मतदान के बाद मतदाता की भूमिका इस व्यवस्था में शून्य परिलक्षित होता है। अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को 'जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन' परिभाषित किया है। इस लिहाज से लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होता है और उसकी अनुमति से शासन होता है, जनता की प्रगति ही शासन का एकमात्र लक्ष्य होता है परंतु हकीकत इससे कोसों दूर है।

देश के एक बड़े राज्य बिहार में विधानसभा चुनाव की रणभेरी बज चुकी है। विभिन्न राजनीतिक दल और उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने के लिए बड़े-बड़े वादे और दावे कर रहे हैं। लोकतांत्रिक व्यवस्था वाले देश में कोई भी बदलाव सिर्फ चुनाव के जरिए ही संभव है जिसके केंद्र में मतदाता यानि आम आदमी होता है। दरअसल चुनाव ही लोकतंत्र की आत्मा है जो सत्ता की दशा और दिशा तय करती है। इन चुनावों में मतदाता ही किसी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का भाग्य विधाता होते हैं। अमूमन हर राजनीतिक दल चुनावों के दौरान मतदाताओं को रिझाने के लिए मुफ्त चुनावी रेवड़ियां बांटते हैं। हालांकि इन रेवड़ियों का खामियाजा बाद में आम जनता को ही चुकाना पड़ता है। मुफ्त योजनाओं पर होने वाले भारी-भरकम खर्च के बोझ के चलते शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी कल्याणकारी योजनाएं ठंडे बस्ते में चली जाती है जिसका सर्वाधिक असर युवाओं और मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ता है। विडंबना यह कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत मतदाता केवल चुनावी प्रक्रिया का अंग होता है, मतदान के बाद मतदाता की भूमिका इस व्यवस्था में शून्य परिलक्षित होता है। अब्राहम लिंकन ने लोकतंत्र को 'जनता का, जनता के लिए और जनता द्वारा शासन' परिभाषित किया है। इस लिहाज से लोकतंत्र में जनता ही सत्ताधारी होता है और उसकी अनुमति से शासन होता है, जनता की प्रगति ही शासन का एकमात्र लक्ष्य होता है परंतु हकीकत इससे कोसों दूर है।

गौरतलब है कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र कहा जाता है जिसकी उम्र पचहत्तर बरस से ज्यादा हो चुकी है। आजादी के इस अमृतकाल में यह विचार मंथन जरूरी है कि क्या देश का लोकतंत्र अपने बुनियादी लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब हो पाया है? लोकतंत्र में लोक यानि आम आदमी की भूमिका कितनी है? क्या भारतीय लोकतंत्र बीते दशकों में आम आदमी को वह मौलिक अधिकार और समान अवसर उपलब्ध करा सका है जिसका जिक्र हमारे संविधान में है? क्या देश में अभिव्यक्ति और असहमति का मौलिक अधिकार अब सत्ता प्रतिष्ठान के मुट्ठियों में कैद होने लगा? इन सवालों का जवाब देश को ढूंढना ही होगा आखिरकार यह देश के भविष्य से जुड़ा मसला है। विचारणीय है कि भारत की चुनाव प्रक्रिया आज भी निष्पक्ष और पारदर्शी नहीं बन सकी है फलस्वरूप चुनावों के प्रति आम जनता का मोहभंग होने लगा है। हालांकि इसके लिए चुनाव आयोग, राजनीतिक दल और खुद मतदाता ही जिम्मेदार हैं।

चुनाव को लोकतंत्र का महापर्व कहा जाता है जिसमें जनता संसद और विधानसभाओं के लिए अपना प्रतिनिधि चुनती है। आज हर राजनीतिक दल ऐन-केन प्रकारेण सत्ता हासिल करने के तमाम हथकंडे अपना रही है जिससे लोकतंत्र के मंदिर यानि संसद और विधानसभाओं की मर्यादा खंडित हो रही है। सियासी दल और उम्मीदवार चुनावों का रुख



अपनी ओर मोड़ने धर्म, जाति, क्षेत्रवाद और भाषावाद का कार्ड खेल रहे हैं। राजनीति और चुनाव में परिवारवाद, धनबल और बाहुबल लोकतंत्र की साख पर बट्टा लगा रहे हैं इन परिस्थितियों के लिए जिम्मेदार वे मतदाता भी हैं जो मजहबी और जातिगत भावनाओं के ज्वार में अथवा मुफ्तखोरी के लालच या भय में उन्हें वोट कर रहे हैं। विडंबना यह कि चुनाव के समय राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों द्वारा किए गए अधिकांश वादे सत्ता पर काबिज होने के बाद या तो भूला दिए जाते हैं अथवा वे आश्वासन की भेंट चढ़ जाते हैं। इन परिस्थितियों में जनता अपने आपको छला हुआ महसूस करती है लेकिन तब सत्ता के नक्कारखाने में उनकी आवाज सुनने वाला कोई नहीं होता है। जबकि लोकतंत्र में नागरिकों की सहभागिता केवल चुनावों के दौरान ही नहीं होना चाहिए बल्कि उसका दखल सरकार के हर फ़ैसलों पर दृष्टिगोचर होना चाहिए।

लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों का दायित्व होता है कि वे संसद और विधानसभाओं में आम नागरिकों के आकांक्षाओं के अनुरूप नीतियां और योजनाएं बनाएं। विडंबना है कि हमारी राजनीतिक व्यवस्था पूरी तरह से धर्म और जाति पर निर्भर हो चुकी है तथा आम आदमी के बुनियादी मसले हाशिए पर हैं। संसद और विधानसभाएं जन-सरोकारों के प्रति उदासीन नजर आ रही हैं तथा इनकी बैठकें सिर्फ हंगामे की भेंट चढ़ रही है। विचारणीय है कि संसद और विधानसभाओं की बैठकों में होने वाला एक - एक मिनट का खर्च आम आदमी के जेब से व्यय हो रहा है। बेशक इन परिस्थितियों के लिए सत्ता और विपक्ष दोनों जवाबदेह हैं। देश का आम आदमी, मजदूर, किसान महंगाई, बेरोजगारी, अशिक्षा, भुखमरी,गरीबी, बीमारी और प्रदूषण जैसी त्रासदी से जूझ रहा है लेकिन लोकतंत्र के मंदिर में सत्ता और विपक्ष के पास इन मुद्दों पर बहस - मुबाहिसों के लिए समय ही नहीं है। सोचनीय है कि विपक्ष अपनी भूमिका सिर्फ विरोध, हंगामे और बहिर्गमन तक ही सीमित कर चुकी है जबकि उसका दायित्व सरकार को रचनात्मक सुझाव देना भी है। दूसरी ओर सत्ता पक्ष की भी जवाबदेही है कि वह सदन की कार्रवाई चलाने में विपक्ष की भी आवाज को तवज्जो दे।

बहरहाल वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में देखें तो लोकतंत्र में जनता की भूमिका सिर्फ चुनाव में वोट करने तक ही सिमटती नजर आ रही है जबकि इस व्यवस्था के केंद्र में 'लोक' यानि आम जनता की ही होना चाहिए। बीते कुछ दशकों के दौरान सत्ता प्रतिष्ठान जनसमस्याओं के प्रति उदासीन या निरंकुश नजर आ रहा है। इन परिस्थितियों में जनता के पास क्या विकल्प है? बेशक इसका विकल्प 'राइट टू रिकॉल' यानि जनप्रतिनिधियों को उनके कार्यकाल के बीच वापस बुलाने की व्यवस्था है। यह प्रक्रिया अभी देश के कुछ राज्यों के नगरीय निकायों और पंचायती राज व्यवस्था में ही है लेकिन संसद और विधानसभा में यह लागू नहीं है। निः संदेह इस व्यवस्था से जहां राजनीतिक दल और निर्वाचित जन प्रतिनिधि जनता के प्रति जवाबदेह बनेंगे वहीं भ्रष्टाचार पर अंकुश लगेगा तथा जनता भी अपने अधिकारों और शक्ति के प्रति जागरूक होंगे। हालांकि इस व्यवस्था में अभी अनेक राजनीतिक और कानूनी अड़चनें हैं वहीं इससे राजनीतिक अस्थिरता भी पैदा होने का खतरा बना रहेगा। बहरहाल वर्तमान समस्याओं के मद्देनजर हमारे राजनीतिक व्यवस्था को सही मायने में लोकतांत्रिक और समावेशी बनाना होगा तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत, जीवंत और जनोन्मुखी होगा।

## प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो




संकलित

दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए।

## प्रत्येक वस्तु पर हमारा ही अधिकार हो?



संकलित

प्रेरणा

एक राजा ने यह घोषणा करवा दिया कि कल सुबह जब मेरे महल का मुख्य दरवाज़ा खोला जायेगा तब जिस व्यक्ति ने भी महल में जिस वस्तु या जीव को हाथ लगा दिया वह वस्तु या जीव उसकी हो जाएगी। कुछ लोग कहने लगे मैं तो सोने को हाथ लगाऊंगा, कुछ लोग चांदी को तो कुछ लोग कीमती जेवरात को, कुछ लोग घोड़ों को तो कुछ लोग हाथी को, कुछ लोग दुधारू गाय को हाथ लगाने की बात कर रहे थे। जब सुबह महल का मुख्य दरवाजा खुला और सब लोग अपनी अपनी मनपसंद वस्तु या जीवों के लिये दौड़ने लगे। सबको इस बात की जल्दी थी कि पहले मैं अपनी मनपसंद वस्तु या जीव को हाथ लगा दूँ ताकि वह वस्तु या जीव हमेशा के लिए मेरी हो जाऐ। राजा अपनी जगह पर बैठा सबको देख रहा था और अपने आस-पास हो रही भाग दौड़ को देखकर मुस्कुरा रहा था। उसी समय उस भीड़ में से एक व्यक्ति राजा की तरफ बढ़ने लगा और धीरे-धीरे चलता हुआ राजा के पास पहुंच कर उसने राजा को छू लिया। राजा को हाथ लगाते ही राजा उसका हो गया और राजा की हर वस्तु भी उसकी हो गयी। जिस तरह राजा ने उन लोगों को मौका दिया और उन लोगों ने गलतियां की। ठीक इसी प्रकार सारी दुनियाँ के कर्ता प्रभु भी हम सबको प्रत्येक दिन अवसर देते हैं, लेकिन हम लोग भी प्रत्येक दिन वही गलतियां करते रहिते हैं। हम प्रभु को पाने की बजाए उस परमपिता की बनाई हुई दुनियां की चीजों की कामना करते हैं। लेकिन कभी भी हम लोग इस बात पर गौर नहीं करते कि क्यों न दुनियां के बनाने वाले प्रभु को पा लिया जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आपत्तिजनक कंटेंट नहीं देख पाएंगे किशोर

डिजिटल युग में सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं किशोर, जिनकी सोच, मनोवृत्ति और व्यवहार अभी विकसित हो ही रहे हैं। सोशल मीडिया की चकाचौंध में खोए किशोरों के लिए यह प्लेटफॉर्म कभी-कभी सीख का माध्यम तो बनता है, परंतु कई बार यह मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक असंतुलन का कारण भी बन जाता है। इन्हीं चिंताओं को देखते हुए इंस्टाग्राम की मूल कंपनी मेटा ने एक बड़ा कदम उठाया है। कंपनी ने घोषणा की है कि अब 18 वर्ष से कम आयु के किशोर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर आपत्तिजनक या अनुचित कंटेंट नहीं देख पाएंगे। यह फैसला केवल तकनीकी नहीं बल्कि सामाजिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

*-संदीप शुक्ला, बिलासपुर*

## ट्रेंड

### उपासना का अवसर



महापर्व छठ पूजा के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई देती हूं। यह त्योहार सूर्यदेव और छठी मैया की उपासना करने का अवसर है। यह पर्व सभी के जीवन में सुख-समृद्धि का संचार करे तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करे।

-द्रोपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### नया सीड एक्ट



घटिया बीज, खाद और कीटनाशक देने वालों के खिलाफ कड़ा कानून जरूरी है। हम नया सीड एक्ट ला रहे हैं, ताकि हर किसान तक गुणवत्तापूर्ण बीज पहुंच सके। यह उन लोगों को खिलाफ होगा जो किसानों को घटिया बीज देकर अपनी जेब भर रहे हैं।

-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री

### बैलगाड़ी वाली एंबुलेंस



एंबुलेंस को 'बुल'ऐंस बना दिया है। उप्र में एंबुलेंस की जगह बैलगाड़ी चलने लगी हैं। क्या ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बैलगाड़ी खींचेगी। अगर न दिखाई दे तो दिल्ली की दूरबीन का सदुपयोग कर लें। स्वास्थ्य मंत्री महोदय नामपट्टिका तक सीमित हैं।

-अखिलेश यादव, सपा नेता

### स्वस्थ करती प्रकृति



प्रकृति हमेशा स्वस्थ करती है, तरोताज़ा करती है, पुनर्जीवित करती है और आपके दिलो-दिमाग में बजते कुछ पुराने हिंदी फिल्मी गाने दुनिया की सबसे जादुई गली में और भी जादू भर देते हैं।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर


# माली में ईंधन संकट के कारण स्कूल बंद



माली सरकार ने देशभर के स्कूलों और विश्वविद्यालयों को रविवार से बंद करने की घोषणा की है। यह फैसला ईंधन की कमी के कारण लिया गया है, जो जिहादी उग्रवादियों द्वारा राजधानी में ईंधन आयात पर नाकेबंदी के चलते उत्पन्न हुई है। शिक्षा मंत्री अमादू सई सवाने ने सरकारी टेलीविजन पर बताया कि ईंधन आपूर्ति बाधित होने से स्कूल कर्मचारियों के आवागमन पर असर पड़ा है। उन्होंने कहा कि कक्षाएं दो सप्ताह के लिए निलंबित रहेंगी। अल-कायदा समर्थित संगठन जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने सितंबर की शुरुआत में पड़ोसी देशों से माली में ईंधन आयात पर रोक लगाने की घोषणा की थी। इस प्रतिबंध से माली की नाजुक अर्थव्यवस्था पर भारी असर पड़ा है और सैकड़ों ईंधन ट्रक सीमाओं पर फंसे हुए हैं। माली, बुर्किना फासो और नाइजर पिछले कई वर्षों से सशस्त्र समूहों की हिंसा से जूझ रहे हैं जिनमें अल-कायदा और इस्लामिक स्टेट से जुड़े गुटों के साथ-साथ स्थानीय विद्रोही भी शामिल हैं। हाल के वर्षों में तीनों देशों में सैन्य तख्तापलट के बाद फ्रांसीसी बलों को निष्कासित कर दिया गया और सुरक्षा सहयोग के लिए रूस के भाड़े के सैनिकों की मदद ली गई। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि इससे स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है।

## ऑफ बीट

# क्या आप किसी चीज को खत्म करने के लिए परेशान हैं?



हम सभी जीवन में हर काम का समापन या उसका समय पर पूरा होना (क्लोजर) चाहते हैं। किसी रिश्ते का अंत, अचानक नौकरी छूटना या किसी प्रियजन की मृत्यु हमारे मन में कई सवाल पैदा कर देती हैं जिनके जवाब पाने के लिए हम बेचैन हो जाते हैं। युद्ध, प्राकृतिक आपदाएं या सामूहिक त्रासदियां भी इसी तरह की भावना जगाती हैं। हमारी 'क्लोजर' पाने की चाह इतनी गहरी है कि यह फिल्मों, उपन्यासों, गीतों और हमारे रोजमर्रा के वाक्यों जैसे 'आगे बढ़ना' या 'भूल जाना' में झलकती है। लेकिन वास्तव में किसी चीज का अंत इतना आसान नहीं है। कई बार यह कभी पूरी तरह नहीं होता। जब ऐसा होता है, तो अधूरे अनुभव हमारे भीतर बोझ बन जाते हैं, जिससे हमारा मूड, स्वास्थ्य, पहचान और रिश्ते प्रभावित होते हैं। ऐसे अनिश्चित समय में यह सीखना जरूरी है कि अधूरे या अनसुलझे अनुभवों के साथ कैसे जिया जाए।'क्लोजर' क्या है और यह क्यों जरूरी है? 'क्लोजर' वह मानसिक शांति है जब कोई पीड़ादायक या उलझन भरा अनुभव इतना सुलझ जाता है कि वह अब हमें उस पर मानसिक या भावनात्मक ऊर्जा लगाने की जरूरत नहीं पड़ती। यह वह बिंदु है जब कोई घटना समझ में आ चुकी होती है और अब हमें परेशान नहीं करती।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।




# इधर जननायक को लेकर हो रही छीनाझपटी, उधर अपने भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे तेजस्वी!

**200** यूनिट फ्री बिजली, पांच सौ में सिलेंडर को भी प्रमुखता दी महागठबंधन ने | चर्चित विधायक गोपाल मंडल समेत कई नेताओं को पार्टी से निकाला | बिहार विधानसभा चुनाव में नेता एक दूसरे पर साध रहे निशाना, आरोप-प्रत्यारोप चरम पर

## बिहार विधानसभा चुनाव में बढ़ी सियासी रार, आज जारी होगा महागठबंधन का घोषणा पत्र

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में सियासी गर्मी तेज हो गई है। यहां खुद को मुख्यमंत्री के तौर पर देख रहे तेजस्वी यादव अपने ही भाई तेजप्रताप के चक्रव्यूह में फंसे दिखाई दे रहे हैं। तेजप्रताप लगातार हमला बोल रहे हैं। इसके अलावा बिहार में जननायक के पदवी को लेकर छीनाझपटी होती दिखाई दे रही है। कांग्रेस द्वारा विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'जन-नायक' कहे जाने पर हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेक्युलर) के प्रमुख जीतन राम मांझी ने आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 'जन-नायक' की उपाधि जनता देती है, इसे कोई स्वयं नहीं ले सकता। मांझी ने यह भी कहा कि उन्हें जानकारी मिली है कि कुछ लोग तेजस्वी यादव को भी 'जन-नायक' कहते हैं, जो इस शब्द का अपमान है। उन्होंने स्पष्ट किया कि 'जन-नायक' की पहचान कर्पूरी ठाकुर जैसे जनसेवकों से होती है और सवाल उठाया कि तेजस्वी यादव ने राज्य के लिए ऐसा क्या किया है जो उन्हें यह उपाधि दी जाए। तेजस्वी के ऐलान पर हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) के सुप्रीमो जीतन राम मांझी ने कहा,यह आदमी कुछ नहीं कर सकता और हमेशा से लोगों को गुमराह करता रहा है। लोकसभा चुनावों के दौरान, उन्होंने यह कहानी गढ़ी कि संविधान खतरे में है, और यह रणनीति काम कर गई, जिसके कारण एनडीए को कम सीटें मिलीं। वे फिर से ऐसी कहानी गढ़ रहे हैं। ये लोग जीतने वाले नहीं हैं और सिर्फ दिखावे के लिए बातें कर रहे हैं। एनडीए सरकार बनाएगा, लेकिन अगर कुछ अप्रत्याशित परिस्थितियों में वे सरकार बना भी लेते हैं, तो वे अपने वादे पूरे नहीं करेंगे और कहेंगे कि केंद्र सरकार ने सारा पैसा खर्च कर दिया और उन्हें कुछ नहीं दिए। बिहार के लोग राजनीतिक रूप से जागरूक हैं और इस बार उनके जाल में नहीं फंसेंगे।



### तेज प्रताप ने तेजस्वी के खिलाफ खोला मोर्चा

लालू प्रसाद यादव के बेटे और बिहार की महुआ विधानसभा सीट से उम्मीदवार तेज प्रताप यादव ने अपने भाई तेजस्वी यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा और कौन नहीं बनेगा, यह बिहार की जनता तय करेगी। उन्होंने तेजस्वी यादव की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। तेज प्रताप यादव अपनी राजनैतिक कर्मभूमि महुआ में बाइक पर चुनाव प्रचार कर रहे थे। उन्होंने मीडिया से बातचीत में कहा कि महुआ में रोड नहीं बना है। स्थानीय लोग बेहद परेशान हैं। तेज प्रताप ने कहा, जिस तरह हमने महुआ में मेडिकल कॉलेज बनवाने का काम किया। इसी तरह वे यहां सड़कों का निर्माण कराएंगे। जनता से किया गया वादा पूरा करेंगे। वहीं दूसरी तरफ चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए पटना जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है। निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिलाधिकारी डॉ. त्यागराजन एसएम के निर्देशानुसार आचार संहिता के पालन और प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर निगरानी रखी है। अब तक 11 करोड़ 43 लाख रुपए से अधिक मूल्य की नकदी, कीमती धातु, शराब, मादक पदार्थ और अन्य वस्तुओं की जब्ती की।

### 29 को राहुल गांधी का बिहार दौरा



नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के तहत 29 अक्टूबर को अपना पहला चुनावी दौरा करेंगे। इस दिन वे दो चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे, जिनमें उनके साथ राजद नेता तेजस्वी यादव भी मौजूद रहेंगे। दोनों नेता साझा मंच से मुजफ्फरपुर की सकरा (एससी) विधानसभा सीट और दरभंगा जिले की एक अन्य विधानसभा क्षेत्र में जनसभा करेंगे। इस संयुक्त रैली के जरिए कांग्रेस और राजद महागठबंधन की एकजुटता का संदेश देने की कोशिश करेंगे।

### घोषणा पत्र में सभी वादों को किया गया है समाहित

महागठबंधन की ओर से चुनावी घोषणा पत्र का ऐलान मंगलवार 28 अक्तूबर को होगा। कांग्रेस की नेता प्रियंका गांधी, नेता प्रतिपक्ष और महागठबंधन के मुख्यमंत्री उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव घटक दलों के अन्य वरीय नेताओं की मौजूदगी में घोषणा पत्र को आम लोगों के बीच प्रस्तुत करेंगे। राजद नेताओं के अनुसार अब तक नेता प्रतिपक्ष ने जो-जो घोषणाएं की है, उसको घोषणा पत्र में समाहित किया गया है। हर परिवार से एक को सरकारी नौकरी देने की घोषणा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है।

### गोपाल मंडल के साथ कई नेताओं को भी किया बाहर

जदयू ने गोपाल मंडल के साथ ही साथ कदवा कटिहार से पूर्व मंत्री हिमराज सिंह, बिहार विधान परिषद के पूर्व पार्षद संजीव श्याम सिंह, बिहार विधानसभा के पूर्व सदस्य महेश्वर प्रसाद यादव और मुजफ्फरपुर के प्रभात किरण को भी पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी के प्रदेश महासचिव और मुख्यालय प्रभारी की तरफ से जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि बिहार विधानसभा आम चुनाव 2025 में पार्टी की विचारधारा, पार्टी विरोधी गतिविधियों एवं संगठनात्मक आचरण के विरुद्ध कार्य करने में संलिप्त पाए जाने पर इन लोगों को पार्टी से निष्कासित किया गया है।



### चर्चित विधायक हैं गोपाल

बता दें कि गोपाल मंडल बराबर किसी न किसी कारण से पार्टी में बने रहते हैं। कुछ दिन पहले ही गोपाल मंडल ने राजधानी के एक अणे मार्ग स्थित सीएम आवास के सामने घंटों धरने पर बैठे रहे थे। तब गोपाल मंडल ने सीएम नीतीश कुमार से मिलने की मांग की थी। हालांकि ये बात अलग है कि धरने पर कुछ घंटे बैठे रहने के बाद पुलिस ने उनको वहां से हटा दिया था। पूर्व विधान पार्षद संजय प्रसाद, बड़हरिया से पार्टी के पूर्व विधायक श्याम बहादुर सिंह, भोजपुरी के बरहरा से पूर्व विधान पार्षद रणविजय सिंह, बरबीघा से पार्टी के पूर्व विधायक सुदर्शन कुमार के साथ-साथ बेगूसराय के अमर कुमार सिंह, वैशाली से डॉक्टर आसमा परवीन, औरंगाबाद के नवीन नगर से लव कुमार, कटिहार से आशा सुमन, मोतिहारी से दिव्यांशु भारद्वाज और सिवान के जिरादेई से विवेक शुक्ला निकाल दिया था।

---

चौहान ने किया राष्ट्रीय बीज निगम के बीज प्रसंस्करण संयंत्र का उद्घाटन



## छोटे किसानों तक अच्छी क्वॉलिटी के बीज पहुंचने चाहिए, रोड़मेप बनाकर काम करे एनएससीः शिवराज

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को पूसा परिसर, नई दिल्ली में राष्ट्रीय बीज निगम (एनएससी) के नव-स्थापित अत्याधुनिक सब्जी एवं पुष्प बीज प्रसंस्करण संयंत्र और पैकिंग इकाई का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने बरेली, धारवाड़, हसन, सूरतगढ़ और रायचूर स्थित एनएससी के पांच बीज प्रसंस्करण संयंत्रों का वर्चुअल उद्घाटन भी किया।

पूसा, नई दिल्ली स्थित बीज भवन में स्थापित सब्जी बीज प्रसंस्करण संयंत्र की क्षमता 1 टन प्रति घंटा है, जबकि एनएससी के अन्य पांचों संयंत्रों की क्षमता 4 टन प्रति घंटा रखी गई है। ये संयंत्र अत्याधुनिक तकनीक से सुसज्जित हैं, जिससे किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की उपलब्धता सुनिश्चित होगी और बीज उत्पादन की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के दौरान चौहान ने किसानों के लिए 'बीज प्रबंधन 2.0' प्रणाली और ऑनलाइन बीज बुकिंग प्लेटफॉर्म का भी शुभारंभ किया। इस प्रणाली के माध्यम से किसान अब अपनी बीज आवश्यकताओं की बुकिंग ऑनलाइन कर सकेंगे, जिससे पारदर्शिता और उपलब्धता दोनों में सुधार होगा। छोटे किसानों तक अच्छी क्वॉलिटी के बीज पहुंचना जरूरी है। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि इन संयंत्रों से किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले बीजों की सहज उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे कृषि उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। ये नए प्लांट किसानों की जरूरतें पूरी करेंगे, जो कि बहुत महत्वपूर्ण है। पिछले दिनों चलाए गए विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान सबसे ज्यादा शिकायतें नकली और घटिया बीज के संबंध में आई थी, ऐसे में गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध होना आवश्यक है, राष्ट्रीय बीज निगम की टीम का अभिनंदन करते हुए कहा कि यह पहल आत्मनिर्भर कृषि प्रणाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

निगम का काम केवल आजीविका चलाना नहीं, बल्कि देश के अन्न के भंडार भरना है। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी, एनएससी की सीएमडी और मंत्रालय की अतिरिक्त सचिव मनिंदर कौर द्विवेदी, संयुक्त सचिव अजीत कुमार साहू सहित एनएससी तथा कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

---

## शाह ने कहा- भाजपा बैसाखियों पर नहीं खुद के बल पर चलती है

# कार्यकर्ता इतनी मेहनत करें कि विपक्ष का सफाया हो जाए, वो दूरबीन से भी नहीं दिखे

शाह ने दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखी, कार्यकर्ताओं को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में भाजपा को बैसाखियों की जरूरत नहीं है और वह अपने बल पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से आगामी स्थानीय निकाय चुनावों में विपक्ष का सफाया सुनिश्चित करने का आह्वान किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि जनसंघ की स्थापना के बाद से हमने हमेशा संगठन की अवधारणा के आधार पर अपनी पार्टी के कामकाज को स्वीकार किया है। हमने हमेशा सिद्धांतों के आधार पर अपनी नीतियां बनाई हैं। हमने देश और इसके लोगों के सर्वोत्तम हित में सबसे कठिन लड़ाई लड़ी है। दक्षिण मुंबई में चर्चगेट स्टेशन के पास महाराष्ट्र भाजपा के नए कार्यालय भवन की आधारशिला रखने के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा, हमने साबित कर दिया है कि परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी। काम की राजनीति ही देश को आगे ले जाएगी। मोदी जी इसका सबसे अच्छा उदाहरण हैं। एक साधारण चायवाले के घर में जन्मा एक बच्चा अपने समर्पण, त्याग और कड़ी मेहनत से भारत का प्रधानमंत्री बना।

**परिवार द्वारा संचालित पार्टियों की राजनीति अब इस देश में नहीं चलेगी**




शाह ने निकाय चुनावों में जीत दिलाने की अपील की

**भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है भाजपा**

उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर चलती है और मेहनती और प्रदर्शन-उन्मुख कार्यकर्ता पार्टी पदानुक्रम में आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, मैं बूथ अध्यक्ष था और राष्ट्रीय अध्यक्ष बना, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, जो एक गरीब परिवार से हैं, अपनी प्रतिबद्धता और त्याग के कारण तीन बार देश का नेतृत्व कर पाए।

### 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैला भाजपा कार्यालय

शाह ने 55,000 वर्ग फुट क्षेत्र में फैले नए राज्य भाजपा कार्यालय पर प्रसन्नता व्यक्त की, जिसमें एक पुस्तकालय, बैठक कक्ष, सम्मेलन कक्ष, 400 सीटों वाला एक सभागार और राज्य भाजपा अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के कार्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री को याद रहेगा कि वे पार्टी की बदौलत इस पद पर पहुंचे हैं। शाह ने कहा कि पार्किंग के लिए बहु-स्तरीय बेसमेंट होगा। उन्होंने आगे कहा, मैंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से कहा है कि मेरे जैसे पार्टी कार्यकर्ताओं के रहने के लिए तीन-चार कमरे होने चाहिए।

**विपक्ष ने उठाए सवाल**

विपक्ष ने राज्य भाजपा के नए कार्यालय के लिए भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाए हैं। शाह को लिखे एक पत्र में, शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने भूमि अधिग्रहण पर सवाल उठाते हुए दावा किया कि यह भूमि आवासीय उद्देश्यों के लिए आरक्षित थी।

---

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का हुआ सार्थक संवाद

## बेहतर कृषि शिक्षा के लिए सभी खाली पद शीघ्र भरने की जरूरत, मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजेंगे : चौहान


हरिभूमि ब्यूरो :नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस बात पर चिंता जताई है कि कृषि शिक्षा से जुड़े कई पद खाली पड़े है।

उन्होंने बेहतर कृषि शिक्षा के लिए सभी खाली पद शीघ्र भरने के निर्देश आईसीएआर के महानिदेशक को दिए, साथ ही कहा कि सुचारू कृषि शिक्षा और राज्यों में विश्वविद्यालयों तथा कॉलेजों में खाली पड़े सभी पद शीघ्र भरने के लिए वे सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भी भेजेंगे और वहां के कृषि मंत्रियों से भी चर्चा करेंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में सोमवार को पूसा, दिल्ली में राष्ट्रीय कृषि छात्र सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे, जिसमें देशभर के कृषि छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं हजारों विद्यार्थी वर्चुअल भी जुड़े थे। साथ ही, कृषि वैज्ञानिक, प्राध्यापक और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद तथा कृषि विश्वविद्यालयों के पदाधिकारी भी शामिल हुए और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी वर्चुअल शामिल हुए। इस महत्वपूर्ण सम्मेलन का उद्देश्य कृषि क्षेत्र में नवाचार, रिसर्च, आधुनिक तकनीकों व ज्ञान का आदान-प्रदान सुनिश्चित करना था। इसमें विद्यार्थियों को कृषि विज्ञान के आधुनिक आयाम और सरकार की नीतियों से अवगत कराया गया, वहीं इस मंच के माध्यम से कृषि शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने, युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करने और कृषि में शोध कार्य को गति देने का प्रयास किया गया। शिवराज सिंह ने स्पष्ट रूप से कहा कि कृषि के छात्र-छात्राओं के भविष्य से किसी भी कीमत पर खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय और कॉलेजों की ग्रेडिंग के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होना चाहिए। दुनिया में हो रहे बेहतर प्रयोगों का अध्ययन कर अपने देश में भी लागू करने के उपाय आईसीएआर करें। उन्होंने कहा कि खेती और गांव हमने मिलकर विकसित कर दिए तो पलायन भी रुकेगा, यह भी देशसेवा हैं। उन्होंने कहा कि हम आत्मनिर्भर बनें, ताकि किसी भी देश पर हमारी निर्भरता नहीं रहे। विकसित और आत्मनिर्भर भारत, खेती के विकास के बिना नहीं हो सकता। यह भी देखें कि कृषि निर्यात और कैसे बढ़ सकता है। सालभर में कम से कम एक बार कृषि के विद्यार्थियों को किसानों के खेतों पर जाना ही चाहिए।

---

### स्टालिनः राहुल कहते हैं मुझे 'बड़ा भाई'



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एवं डीएमके अध्यक्ष एमके स्टालिन ने सोमवार को विरुधुनगर में कहा कि डीएमके और कांग्रेस भले अतीत में अलग-अलग रास्तों पर चलीं, लेकिन अब देशहित, तमिलनाडु के विकास और भारत की एकता के लिए दोनों एकजुट हैं।

### कंगना ने माफी मांगी बोलीं- गलती हुई



**बठिंडा।** भाजपा सांसद एवं अभिनेत्री कंगना रनोट बठिंडा कोर्ट में मानहानि मामले में पेश हुईं। किसान आंदोलन के दौरान बुजुर्ग किसान महिंदर कौर को शाहीन बाग की बिलकिस बानो बताकर किए ट्वीट पर उन्होंने माफी मांगी। कोर्ट ने उन्हें जमानत दी, अगली सुनवाई 24 नवंबर को। मीडिया से कंगना ने कहा, 'मिसअंडरस्टैंडिंग हुई है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प, हिसार | हिसार जिले में नलवा निर्वाचन क्षेत्र में हिसार-बालसमंद रोड एमडीआर 107 आरडी 3.700 से 11.00 तक 4-लेनिंग (स्थल से मैकेनिकल वर्कशॉप लोनिवि (भ व प) शाखा, हिसार तक बैले ब्रिज का विखंडन/शिफ्टिंग और बैले ब्रिज की मरम्मत)। | 24.10.2025 03.11.2025 | 4.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225133 pwd-eemd-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प, नारायणगढ़ | यमुनानगर जिले में लोहगढ़ में बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल का निर्माण। | 25.10.2025 14.11.2025 | 3536.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1734284035 pwd-eepd-naraingarh@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प, पलवल | पलवल जिले में (हैड-5054-ग्रुप 14 के तहत) कार्यक्रम 2025-26 के तहत प्रांतीय मंडल लोनिवि भ व प शाखा, पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में आरडी 0 से 3.08 किमी. तक गुलवाड (नागला करीमपुर) मच्छीपुरा रोड) (आइडी 12143) पर 80 मिमी. आईपीबी और चौड़ा करने/मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (जीएसटी के बिना) | बंद होने की तिथि 30.10.2025 | 215.69 लाख | https://hartrans.gov.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प, गुरुग्राम | गुरुग्राम में नए ज्युडिशियल कॉम्प्लेक्स (टावर ऑफ जस्टिस) में मुख्य भवन के फायर डोर्स की स्थापना और मल्टी लेवल बेसमेंट पार्किंग में अग्नि शमन प्रणाली। | बंद होने की तिथि 01.11.2025 | 608.39 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प, जींद | जींद जिले में जुलाना में बागनवाला से पोंकेरी खेड़ी तक नए रोड का निर्माण (रोड आइडी 12483) (बकाया कार्य)। | बंद होने की तिथि 03.11.2025 | 20.87 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8398098075 pwdeepdjind@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | गांव शिमली, ब्लॉक रोहतक, जिला रोहतक में ग्रामीण तालाब 'सरसोदी तालाब' का पुनरोद्धार + 1 कार्य। | बंद होने की तिथि 06.11.2025 | 118.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |
| 7 | पंचायती राज, पंचकूला | पंचकूला जिले के विभिन्न गांवों (शाहजहापुर, रत्ता टिब्बी, थाने की सैर, खेड़ावाली लेही, खेरवाली, जोहलुवाल, नयागांव, बाडोना कलां, हरयोली, बाजिदपुर निकट राजकीय विद्यालय, भानवली और बागवाली निकट एनएच रोड) तालाब पर बैंचेज की स्थापना। | 23.10.2025 29.10.2025 | 12.85 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416915374 prexeeng.pkl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज, भिवानी | गांव डांग कलां ब्लॉक तोशाम में ग्रे वाटर मैनेजमेंट का निर्माण + 4 कार्य। | 24.10.2025 29.10.2025 | 63.94 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 9 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव नग्गल में बीसी धर्मधाला में जीआई शेड का निर्माण और गांव खैरा ब्लॉक अंबाला-1 में सामान्य चौपाल शौचालय और चार दीवारी का निर्माण। | 24.10.2025 30.10.2025 | 9.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in` |
| 10 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव धनकौर में गुगा मडी के निकट तालाब से शमशान घाट के निकट तालाब तक आरसी नाला का निर्माण और गांव भिलपुरा ब्लॉक अंबाला-II में रामकरण के मकान से कपूरी के टर्न तक आईपीबी गली का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 10.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | पंचायती राज, अंबाला | एमपीएलएडी-गांव शहजादपुर ब्लॉक शहजादपुर में पुस्तकालय भवन का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 10.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज, अंबाला | डी-प्लान-गांव शमरू ब्लॉक शहजादपुर में शमशान घाट में सिटिंग शेड (बरामदा) और आईपीबी पथ (खुला क्षेत्र) का निर्माण। | 23.10.2025 29.10.2025 | 7.55 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज, अंबाला | भगवानपुर-गांव भगवानपुर ब्लॉक बाबैन कुरुक्षेत्र में मेन रोड से शमशान घाट तक आईपीबी गली का निर्माण + 3 कार्य। | 25.10.2025 10.11.2025 | 89.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 14 | सिविल हॉस्पिटल, जगाधरी | कैंटीन सेवाएं निविदा और पार्किंग निविदा | 24.10.2025 30.10.2025 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in/nicgep/app | 8396873550 anujm1245@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/280/39773/I/88/7 दि. 27.10.25

**उत्तर रेलवे**

निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता (निर्माण) उत्तर रेलवे, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली निम्न लिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बिजवासन में कोचिंग एवं फ्रेट टर्मिनल के विकास के संबंध में रनिंग रूम, कार्यालय ब्लॉक, सिक लाइन शेड, वाशिंग लाइन, व्हील शेड, पावर कार शेड और अन्य सेवा भवनों का विद्युतीकरण तथा सबस्टेशन कार्य सहित अन्य संबद्ध विद्युत कार्य। |
| 2 | कार्य समापन अवधि | 12 महीने |
| 3 | अनुमानित लागत | ₹ 7,90,77,151.73/- |
| 4 | धरोहर राशि | ₹ 5,45,400/- |
| 5 | ई-निविदा जमा करने एवं निविदा खुलने की तिथि व समय | निविदा दिनांक **19.11.2025** समय **11:30** बजे तक **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर सकते हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। निविदा दिनांक **19.11.2025** समय **11:30** बजे खोली जाएगी। |
| 6 | निविदा सूचना एवं निविदा प्रपत्र की जानकारी | विस्तृत निविदा सूचना उत्तर रेलवे वैबसाइट **www.nr.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध है और निविदा पत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर **05.11.2025** से **19.11.2025** तक जमा करने के लिए उपलब्ध रहेगी। उपरोक्त निविदा के अन्य सभी नियम एवं शर्तें निविदा पत्र में दिये गये हैं। विस्तृत निविदा सूचना उपरोक्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। |

संख्याः 17-वि०/उप मु० वि० अभि०/सी०/टी०/160C दिनांक : 27.10.2025 3333/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया है अभियुक्त नामः **रोहित, पुत्रः रणबीर, निवासीः 12ए, बेगमपुर एक्सटेंशन, मेहता ज्वैलर्स वाली गली के पास, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.450/2025 दिनांक 30.07.2025 U/S 20 (B) एनडीपीएस एक्ट** के तहत एक मामला **थाना राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया है कि अभियुक्त **रोहित** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि अभियुक्त **रोहित** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा कि **FIR No.450/2025 दिनांक 30.07.2025 U/S 20 (B) एनडीपीएस एक्ट, थाना राज पार्क, बाहरी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **रोहित** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **02.12.2025** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

आदेशानुसार, श्री शिवाजी आनंद
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-02,
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस),
कमरा नं.-409, रोहिणी न्यायालय, दिल्ली

DP/14492/OD/2025
(अदालती मामला)

# इस सप्ताह कमाई का निवेशकों को मौका, पांच कंपनियों के आएंगे आईपीओ

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स और क्योरफूड्स इंडिया समेत पांच कंपनियों को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के माध्यम से पूंजी जुटाने की मंजूरी दे दी है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचना के मुताबिक, नियामकीय मंजूरी पाने वाली कंपनियों में स्टीमहाउस इंडिया, गजा अल्टरनेटिव एसेट मैनेजमेंट (गजा कैपिटल) और कनोडिया सीमेंट भी शामिल हैं।

## सेबी ने मिल्की मिस्ट, क्योरफूड्स को दी आईपीओ लाने की मंजूरी

### लेंसकार्ट भी अपना आईपीओ ला रही

चालू वित्त वर्ष में अब तक 84 कंपनियां आईपीओ के जरिये बाजार में पूंजी जुटा चुकी हैं। इस सप्ताह लेंसकार्ट सॉल्यूशंस भी अपना आईपीओ लाने वाली है। तमिलनाडु की डेयरी उत्पाद कंपनी मिल्की मिस्ट डेयरी फूड्स 2,035 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बना रही है। इसमें 1,785 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 250 करोड़ रुपये का शेयर बिक्री प्रस्ताव (ऑफर फॉर सेल) शामिल है।




**अब तक 84 कंपनियां आईपीओ के जरिए बाजार में पूंजी जुटा चुकी**

### क्योरफूड्स 800 करोड़ का निर्गम लाएगी

केकज़ोन और नोमैड पिज्जा जैसे ब्रांड संचालित करने वाली क्योरफूड्स इंडिया करीब 800 करोड़ रुपये का नया निर्गम लाएगी। इसके अलावा मौजूदा निवेशक 4.85 करोड़ शेयरों की बिक्री करेंगे। स्टीमहाउस इंडिया और गजा कैपिटल ने अपने आईपीओ के लिए गोपनीय मार्ग चुना है, जिसमें शुरुआती चरण में निर्गम संबंधी ब्योरा सार्वजनिक नहीं किया जाता है।

# घरेलू बाजार में मजबूत वैश्विक संकेतों से उछाल



- अमेरिका में खुदरा मुद्रास्फीति के बेहतर आंकड़ों ने उम्मीदें जगाई
- निफ्टी भी 25,900 अंक के पार चला गया

**मुंबई।** वैश्विक बाजारों में तेजी के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजार खासी बढ़त के साथ बंद हुए। मानक सूचकांक सेंसेक्स में करीब 567 अंक का उछाल रहा जबकि निफ्टी 25,900 अंक के पार चला गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 566.96 अंक चढ़कर 84,778.84 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 720.2 अंक बढ़कर 84,932.08 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 170.90 अंक यानी 0.66 प्रतिशत चढ़कर 25,966.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इटर्नल, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और एचडीएफसी बैंक प्रमुख रूप से लाभान्वित हुए।

# टाटा इन्वेस्टमेंट के लाभ में 19.8 फीसदी का इजाफा

**नई दिल्ली।** टाटा इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में एकीकृत शुद्ध लाभ 19.8 प्रतिशत बढ़कर 148.16 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने सोमवार को शेयर बाजार को दी सूचना में यह जानकारी दी। टीआईसीएल को वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 123.69 का शुद्ध लाभ हुआ था। वित्त वर्ष 2025-26 की समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी की एकीकृत परिचालन आय 153.98 करोड़ रुपये रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 142.48 करोड़ रुपये थी। टीआईसीएल ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में उसकी लाभांश आय 116.44 करोड़ रही, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 102.14 करोड़ रुपये थी।

## सेबी 5000 करोड़ की कर्ज वाली कंपनियों को एचवीडीएलई की सूची में करेगी शामिल

# कर्ज में डूबी कंपनियों का बोझ कम करने का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने अधिक कर्ज में डूबी कंपनियों के अनुपालन बोझ को कम करने के लिए नई रूपरेखा का प्रस्ताव किया है। सेबी ने अपने परामर्श पत्र में कहा कि इसके तहत अब किसी कंपनी पर एक हजार करोड़ रुपये के बजाय पांच हजार करोड़ रुपये का कर्ज होने पर उच्च मूल्य कर्ज वाली सूचीबद्ध इकाइयों (एचवीडीएलई) में शामिल करने का प्रस्ताव है। इसमें कहा गया कि इस कदम से एचवीडीएलई के रूप में वर्गीकृत इकाइयों की संख्या वर्तमान के 137 से 64 प्रतिशत घटकर 48 हो जाएगी।

- उद्देश्य कंपनियों के अनुपालन बोझ को कम करना

### समयसीमा को लचीला करने का प्रावधान

सेबी ने आवधिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्धारित 21-दिवसीय समयसीमा को अधिक लचीले प्रावधान से बदलने का भी सुझाव दिया है जिससे बोर्ड को आवश्यकतानुसार समयसीमा निर्धारित करने की अनुमति मिल सके। इसने एचवीडीएलई के लिए अपने आवधिक अनुपालन रिपोर्ट के साथ संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) का खुलासा करने की आवश्यकता को हटाने का भी प्रस्ताव रखा है।




### मानदंड 1000 करोड़ से ऊपर सूचीबद्ध वाली कंपनियों पर

प्रस्ताव का उद्देश्य अनुपालन बोझ को कम करना तथा कारोबार सुगमता को बढ़ावा देना है। एचवीडीएलई के लिए कॉरपोरेट प्रशासन मानदंड पहली बार सितंबर, 2021 से 31 मार्च, 2025 तक अनुपालन-या-स्पष्टीकरण के आधार पर पेश किए गए थे। अप्रैल, 2025 से ये अनिवार्य हो गए। ये मानदंड 1,000 करोड़ रुपये या उससे अधिक की सूचीबद्ध बकाया गैर-परिवर्तनीय ऋण प्रतिभूतियों वाली सभी इकाइयों पर लागू होते हैं।

### संरचना मानदंडों का पालन करना होगा

इन नियमों के लागू होने के बाद कई बाजार सहभागियों ने वर्गीकरण के लिए उच्च सीमा बढ़ाने के लिए सेबी से संपर्क किया। एक बार एचवीडीएलई के रूप में नामित होने के बाद किसी कंपनी को सूचीबद्ध कंपनियों के समान कामकाज के मानकों का पालन करना पड़ता है जिसमें तिमाही रिपोर्ट एवं वार्षिक अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करना और निदेशक मंडल की संरचना मानदंडों का पालन करना शामिल है।

# हार्मन ने पुणे प्लांट में 345 करोड़ का निवेश कर बढ़ाई क्षमता

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी और कनेक्टेड ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजीज में ग्लोबल लीडर हार्मन ने आज भारत के पुणे, चाकण में अपनी ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सुविधा के विस्तार के लिए 345 करोड़ रुपये (42 मिलियन डॉलर) के नए निवेश की घोषणा की। निवेश में तत्काल विस्तार के लिए 45 करोड़ रुपये (5.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) और अगले तीन वर्षों में एडवांस्ड टेलीमैटिक्स और नेक्स्ट-जनरेशन ऑटोमोटिव कनेक्टिविटी प्रोग्राम्स के समर्थन के लिए अतिरिक्त 300 करोड़ रुपये (36.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर) शामिल हैं। इन नई प्रतिबद्धताओं के साथ, हार्मन का पुणे प्लांट में 2014 से कुल निवेश अब 554 करोड़ रुपये (67 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक पहुंच गया है। यह विस्तार 2027 तक पुणे में 300 नई नौकरियां सृजित करेगा।

- भारत में कनेक्टेड और सस्टेनेबल मोबिलिटी को मिलेगा बढ़ावा

यह विस्तार भारत सरकार के "मेक इन इंडिया, फॉर द वर्ल्ड" विजन को मजबूत करता है और देश को कनेक्टेड और सस्टेनेबल मोबिलिटी सॉल्यूशंस के उन्नत ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग का प्रमुख वैश्विक हब बनाने की पोजीशन को मजबूत करता है।

पुणे ऑटोमोटिव मैन्युफैक्चरिंग प्लांट के विस्तार के लिए 345 करोड़ रुपये (42 मिलियन अमेरिकी डॉलर) नया निवेश उत्पादन क्षमता 50% बढ़ी विस्तार के तहत 300 नई नौकरियां सृजित होंगी हार्मन रेडी कनेक्ट, नेक्स्ट-जनरेशन टेलीमैटिक्स कंट्रोल यूनिट, मेक इन इंडिया ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस, 2030 तक 100% ग्रीन एनर्जीट्रांजिशनक्रिश्चियन सोबोटका, ऑटोमोटिव हार्मन के सीईओ और प्रेसिडेंट ने कहा, "यह निवेश भारत को लेकर हमारी प्रतिबद्धता को दिखाता है। पुणे केवल क्षमता नहीं जोड़ रहा - यह कनेक्टेड कारों का भविष्य बना रहा है। 5जी टेलीमैटिक्स से लेकर सस्टेनेबल मैन्युफैक्चरिंग तक, भारत की प्रतिभा और इनोवेशन की ताकत हार्मन को वैश्विक ऑटोमोटिव वृद्धि का केंद्र बनाती है।" हार्मन की पुणे सुविधा कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजीज के लिए वैश्विक मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में कार्य करती है - जिसमें कॉकपिट्स, टेलीमैटिक्स यूनिट्स और कार ऑडियो सिस्टम शामिल हैं।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहम्मद अली, पुत्रः मोहम्मद सलीम, निवासीः प्लॉट नंबर–33, गली नंबर–17, शिवानी एन्क्लेव, ककरोला, द्वारका उत्तर दिल्ली** ने **FIR No.:550/23, U/s: 279/338 IPC & 185/3/181 MV Act, पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहम्मद अली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना द्वारका उत्तर, दिल्ली** के अभियुक्त **मोहम्मद अली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 28.11.2025** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री नीतिका कपूर
जेएमएफसी–06, दक्षिण–पश्चिम जिला, कमरा संख्या 514,
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली
DP/14463/DW/2025

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सबीर सैजी पुत्र जियालुद्दीन पताः ई–44/ए–348, झुग्गी न्यू सीमापुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 764/2016 धारा 454/880/411/34 भा.द.स. के तहत** थानाः सीमापुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सबीर सैजी** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सबीर सैजी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 764/2016 धारा 454/880/411/34 भा.द.स. के तहत थाना सीमापुरी, दिल्ली के उक्त सबीर सैजी** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **27.11.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
ऐशवर्या सिंह कश्यप
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–06
कमरा नं.25, प्रथम तल,
शाहदरा जिला,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/14432/SHD/2025


# एजीआर पर वोडाफोन आइडिया को 'सुप्रीम' राहत, केंद्र को पुनर्विचार की अनुमति

**नई दिल्ली।** वित्तीय संकट से जूझ रही टेलीकॉम कंपनी वोडाफोन आइडिया (वीआई) के लिए सोमवार का दिन एक बड़ी राहत लेकर आया। सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के एडजस्टेड ग्रॉस रेवेन्यू (एजीआर) बकाये से जुड़े एक अहम मामले में केंद्र सरकार को पुनर्विचार की अनुमति दे दी है। अदालत ने माना कि यह मामला सरकार के 'नीतिगत अधिकार क्षेत्र' में आता है। यह फैसला वोडाफोन आइडिया के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, जो लंबे समय से अपनी देनदारियों को लेकर संघर्ष कर रही है। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को स्पष्ट किया कि एजीआर बकाये का पुनर्मूल्यांकन एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर अंतिम निर्णय लेना केंद्र सरकार का काम है। अदालत की इस टिप्पणी ने केंद्र के लिए एक महत्वपूर्ण 'पॉलिसी विंडो' खोल दी है।




## सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


# सोना 700 रुपये टूटा और चांदी 4250 रुपये कमजोर



**नई दिल्ली।** अमेरिका-चीन व्यापार तनाव घटने के बीच सुरक्षित निवेश की मांग कम होने से कमजोर वैश्विक रुझानों के चलते सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,900 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को सोने की कीमत 1,000 रुपये बढ़कर 1,26,600 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 700 रुपये की गिरावट के साथ 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया। पिछले सत्र में यह 1,26,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, "अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने के संकेतों के कारण जोखिम भरी संपत्तियों में निवेशकों की रुचि बढ़ी है, जिससे सोमवार को सोने में कमजोरी के साथ कारोबार शुरू हुआ। तनाव घटने से कीमती धातुओं पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। स्थानीय सराफा बाजार में, सोमवार को चांदी की कीमतें 4,250 रुपये की भारी गिरावट के साथ 1,51,250 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गईं। शनिवार को चांदी 2,900 रुपये की तेजी के साथ 1,55,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

# जेके टायर का लाभ 62% बढ़कर 227 करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** जेके टायर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 62.33 प्रतिशत बढ़कर 226.86 करोड़ रुपये हो गया।


## भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा, जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

टेली फैक्स : 07740-252273 email: bssukm1@gmail.com
Contact No. - 09454221467, 08305143251, 09893404589, 08889088255

### ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

निविदा विज्ञप्ति क्र.-10 दिनांक- 27/10 /2025

3500 टी.सी.डी. के भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित, कवर्धा, जिला - कबीरधाम में विभिन्न इंजीनियरिंग/मेन्युफैक्चरिंग सामग्री क्रय हेतु ई-टेण्डर आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मो / निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर पृथक-पृथक ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रू. (1000/-रू. + 311/- रू. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज ) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (E-Procurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) से फार्म Upload किया जाना है। निम्नलिखित तिथि अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | विवरण | निविदा प्रपत्र विक्रय / जमा तिथि एवं समय | निविदा खोलने तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | ई-निविदा सूचना क्रमांक— 178181 (OEM / Authorized Dealer ) Roller Reshelling, Roller with New Shaft, Double Helical Gear Box, Sugar Mill Cane Crusher Gear Box, Swing Type Cane Leveler Etc. **विभिन्न इंजीनियरिंग सामग्री** | दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 12:00 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 03/11/2025 समय दोपहर 12:30 बजे से |
| 2 | ई-निविदा सूचना क्रमांक-178182 (OEM & Authorized Dealer ) As Per Specification of IS 14968-2015 Textiles, Amendment No.5, February 2025, High Density Poly Ethelene (HDPE) / Poly Propelene (PP) Woven Sacks for Packaging Sugar **मेन्युफैक्चरिंग सामग्री** | दिनांक 28/10/2025 समय रात्रि 08:00 बजे से 03/11/2025 को समय दोपहर 01:30 बजे तक फार्म भर कर / अपलोड करने पर मान्य होगा। | निविदा 03/11/2025 समय दोपहर 02:00 बजे से |

निविदा की नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र एवं कारखाने के वेब साइट WWW.bssukm.co.in में भी अवलोकन कर सकते है।

प्रबंध संचालक
भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्या. कवर्धा,
जिला - कबीरधाम (छ.ग.)


## राशिफल


**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।


**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।


**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।


**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।



**तुला** — मन में उतार–चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।


**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर–परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।


**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।


**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।


**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# बीएचईएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया




**नई दिल्ली।** बीएचईएल के निदेशक (पावर) श्री तजिंदर गुप्ता ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 के उद्घाटन दिवस पर कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली में कार्यकारी निदेशकों और मुख्य सतर्कता अधिकारी की उपस्थिति में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। इस अवसर पर भारत के माननीय राष्ट्रपति, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति, भारत के माननीय प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश भी पढ़े गए।


## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा


**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्रीमती माला उर्फ माया पत्नी राम बहादुर निवासी मकान नं. बी-1920, फेस-2, मेट्रो विहार, होलांबी कलां, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1373/2015 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती माला उर्फ माया** मिल नहीं रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **श्रीमती माला उर्फ माया** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 1373/2015 धारा 33 दिल्ली एक्साइज एक्ट, थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्रीमती माला उर्फ माया** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री सार्थक पंवार
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-05, कोर्ट कमरा नं. 114
प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/14409/ON/2025


## शब्द पहेली - 6030




**बाएँ से दाए-**
1. सुरक्षित-4
4. माहुर, आलता-4
7. कार्य, काज-2
8. रांझे की प्रेमिका-2
9. स्याही, कालिख-2
10. भूमि, धरा-2
12. ठाठ-बाट-2
14. अधर, होठ-2
16. विशाल, श्रेष्ठ-3
18. आदेश, आज्ञा-4
20. कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23. काका की पत्नी-2
24. कामदेव की पत्नी-2
25. जनवासा, हरम-4
28. हमसफर-4
30. कपड़े धोने वाला-3
33. आनंद, मौज-2
35. संदेह-2
37. सरूर, खुमार-2
39. मृत्यु का देवता-2
41. पुण्य का विलोम-2
42. परछाई, छाया-2
43. शिव, रुद्र, शंकर-4
44. सराबोर, सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**
1. समान, एक जैसा-2
2. बारीक-3
3. भीगा हुआ-2
4. मेरा (संस्कृत-2)
5. पाना, प्राप्त-3
6. घोड़ागाड़ी, गाड़ी-2
7. कहवा-2
11. उद्देश्य-2
12. गजल लिखनेवाला-3
13. उस जगह-2
15. बारिश, वर्षा-3
16. जी, चित-2
17. मर्द, आदमी-2
18. दरवेश-3
19. मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21. साजन, प्रेमी-3
22. मुलायम-3
26. कायदा, कानून-3
27. महोदय (अंग्रेजी)-2
28. अधिकार-2
29. खटखटाना-3
31. जगत, दुनिया-2
32. प्राण, जीव-2
34. स्वाद-3
35. प्रतिज्ञा-3
36. शरीर, तन-2
38. संध्या, सांझ-2
40. अपशिष्ट पदार्थ-2
41. मस्तूल, नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42. संग, संगत-2

### शब्द पहेली -6029 का हल





# हाइलो ओपन में भारत के सामने कड़ी चुनौती

एजेंसी ▶▶| मसारब्रूकेन (जर्मनी)

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों को मंगलवार से शुरू हो रहे 475,000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पहले दौर में ही कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पुरुष एकल में 2021 के विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य सेन का मुकाबला फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव से, जबकि आयुष शेट्टी का डेनमार्क के विक्टर लाई से होगा। किदाम्बी श्रीकांत हमवतन किरण जॉर्ज से भिड़ेंगे, जबकि एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यन का सामना मलेशिया के लियोंग जुन हाओ से और मकाऊ ओपन सुपर 300 के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली का मुकाबला इंडोनेशिया के दूसरे वरीय जोनाथन क्रिस्टी से होगा।




### महिला एकल में अनमोल का सामना जूली डावाल से

महिला एकल में अनमोल खरब का सामना डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन से जबकि उभरती हुई शटलर उन्नति हुड्डा का मुकाबला ब्राज़ील की जुलियाना वियाना विएरा से होगा। अनुपमा उपाध्याय का मुकाबला यूक्रेन की पोलिना बुहरोवा से जबकि रक्षिता श्री संतोष रामराज का सामना स्पेन की क्लारा अजुरमेंडी से होगा। इस महीने की शुरुआत में अल ऐन मास्टर्स सुपर 100 का खिताब जीतने वाली श्रेयांशी वलीशेट्टी का पहला मुकाबला डेनमार्क की तीसरी वरीयता प्राप्त लाइन होजमार्क केजर्सफेल्ड से होगा। आकर्षि कश्यप अपने अभियान की शुरुआत तुर्की की नेस्लिहान एरिन के खिलाफ करेंगी। तान्या हेमंत का सामना चीनी ताइपे की चौथी वरीयता प्राप्त लिन हिसयांग ती से होगा। पुरुष युगल में पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के की भारतीय जोड़ी अपने पहले दौर में क्रिस्टो और टोमा जूनियर पोपोव की फ्रांसीसी जोड़ी से भिड़ेगी। मिश्रित युगल में रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गाडे का सामना पहले दौर में कनाडा के जोनाथन बिंग त्सान लाइ और क्रिस्टल लाइ से होगा।

# मौजूदा सत्र के किसी टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगी सिंधू

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू ने यूरोपीय चरण से पहले पैर में लगी चोट से पूरी तरह उबरने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए 2025 के सत्र की बाकी बची बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटने का फैसला किया है। हैदराबाद की 30 वर्षीय शटलर ने कहा कि यह निर्णय उनकी सहयोगी टीम और चिकित्सा विशेषज्ञों से परामर्श करने के बाद लिया गया। इन चिकित्सा विशेषज्ञों में प्रसिद्ध खेल हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनशॉ पारदीवाला भी शामिल हैं।




### बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना अच्छा होगा

सिंधू ने कहा, 'अपनी टीम के साथ विचार विमर्श करने और डॉक्टर पारदीवाला से सलाह लेने के बाद हमने महसूस किया कि मेरे लिए 2025 में शेष सभी बीडब्ल्यूएफ टूर प्रतियोगिताओं से हटना सबसे अच्छा होगा।' उन्होंने कहा, 'यूरोपीय चरण से पहले मेरे पैर में जो चोट लगी थी वह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है। चोट लगना किसी भी खिलाड़ी के करियर का अहम हिस्सा होता है हालांकि इसे स्वीकार करना आसान नहीं होता है। इस तरह की परिस्थितियां आपके धैर्य की परीक्षा लेती हैं और आपको मजबूत होकर वापसी करने के लिए प्रेरित भी करती हैं।' पिछले साल पेरिस ओलंपिक में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद यह साल भी सिंधू के लिए अच्छा नहीं रहा। वह कई प्रतियोगिताओं के पहले दौर में बाहर हो गई और इस दौरान एक भी खिताब नहीं जीत सकी।

## खबर संक्षेप



### भारत को झटका, महिला विश्व कप से बाहर प्रतिका

**नवी मुंबई।** फॉर्म में चल रही सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल घुटने और टखने की चोट के कारण आईसीसी महिला वनडे विश्व कप के बाकी मैचों से बाहर हो गईं, जिससे भारतीय टीम को करारा झटका लगा है। बांग्लादेश के खिलाफ डीवाई पाटिल स्टेडियम में भारत के अंतिम लीग मैच के दौरान प्रतिका का दाहिना टखना मुड़ गया था। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया, 'वह जिस तरह से गिरीं थीं, उससे साफ हो गया था कि वह नॉकआउट मैचों के लिए उपलब्ध नहीं होंगी। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।' 21वें ओवर की आखिरी गेंद पर जब प्रतिका गेंद रोकने के लिए डीप मिडविकेट से दौड़ीं तो उनका दाहिना पैर गीले मैदान में फंस गया और वह दर्द से कराहते हुए गिर पड़ीं।

### आंतरिक रक्तस्राव के कारण आईसीयू में भर्ती अय्यर



**नई दिल्ली।** भारत की वनडे टीम के उप कप्तान श्रेयस अय्यर को सिडनी के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच के दौरान पसलियों में लगी चोट के कारण आंतरिक रक्तस्राव के बाद वह फिलहाल गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में हैं। अय्यर ने बैकवर्ड प्वाइंट से पीछे की ओर दौड़ते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया था। ऐसा लगता है कि इस दौरान उनकी बाईं पसली में चोट लग गई थी और शनिवार को ड्रेसिंग रूम में लौटने के तुरंत बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के अनुसार स्कैन से पता चला कि उनकी 'तिल्ली में चोट' लगी है।

### कनाडा ओपन के क्वार्टर फाइनल में अनाहत



**नई दिल्ली।** मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने अपना प्रभावशाली प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी फ्रांस की मेलिसा अल्वेस को हराकर टोरंटो में चल रहे कनाडा ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज दिल्ली की 17 वर्षीय खिलाड़ी अनाहत ने छठी वरीयता प्राप्त अल्वेस को 41 मिनट तक चले मुकाबले में 12-10, 12-10, 8-11, 11-2 से हराया। अनाहत का इस 96,250 अमेरिकी डॉलर इनामी पीएसए सिल्वर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अगला मुकाबला बेल्जियम की दूसरी वरीयता प्राप्त टिने गिलिस से होगा। इस बीच टोरंटो एथलेटिक क्लब ओपन में छठी वरीयता प्राप्त वीर चोटरानी इंग्लैंड के पेरी मलिक से हार कर बाहर हो गए। मलिक ने 11-7, 11-5, 9-11, 5-11, 11-5 से जीत हासिल की।

## एशियाई यूथ खेल

# प्रीतिस्मिता ने बनाया विश्व रिकॉर्ड, जीता गोल्ड मेडल




एजेंसी ▶▶| मनामा

भारतीय भारोत्तोलक प्रीतिस्मिता भोई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई यूथ खेलों में विश्व रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने इन खेलों में देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया है।

प्रीतिस्मिता ने क्लीन एंड जर्क और कुल वजन में यूथ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 44 किलो भार वर्ग में 158 किलो वजन उठाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उन्होंने स्नैच में 66 और और क्लीन एंड जर्क में 92 किलो वजन उठाया। राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली प्रीतिस्मिता ने 150 किलो वजन उठाया।

प्रीतिस्मिता की स्नैच की दो लिफ्ट अगर विफल नहीं हुई होतीं तो उनका कुल वजन ज्यादा होता। स्नैच में वह पहली ही लिफ्ट में सफल हो सकीं, उन्होंने इसकी भरपाई क्लीन एंड जर्क में पूरी कर ली और 87, 90 और 92 की तीन लिफ्ट उठाईं।

### दो वर्ष की आयु में पिता को खोया

मोदीनगर में भारतीय टीम के मुख्य प्रशिक्षक विजय शर्मा के संरक्षण में तैयारियां कर रहीं प्रीतिस्मिता जब दो वर्ष की थीं तब उनके पिता का निधन हो गया था। उनका और उनकी बड़ी बहन का लालन-पालन उनकी मां ने किया। दोनों एथलेटिक्स करती थीं। वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल दास ने दोनों को मां से वेटलिफ्टिंग में उतारने का अनुरोध किया। मां तैयार नहीं थीं, लेकिन कोच के समझाने पर वह राजी हुईं। प्रीतिस्मिता बीते वर्ष 40 भार वर्ग में विश्व यूथ चैंपियनशिप में भी स्वर्ण जीत चुकी हैं।

## रणजी ट्रॉफी के इतिहास का छठी सबसे तेज सेंचुरी

# पृथ्वी ने ठोका सबसे तेज दोहरा शतक पारी में लगाए 5 छक्के और 29 चौके

एजेंसी ▶▶| मुंबई

पृथ्वी शॉ ने रणजी ट्रॉफी में बल्ले से धमाका कर दिया है। इस बैटर ने महाराष्ट्र के लिए पहले शतक ठोका और फिर उसे दोहरे शतक में तब्दील कर दिया। शॉ ने चंडीगढ़ के खिलाफ ये कमाल किया। पहली पारी में शॉ सिर्फ 8 रन बनाकर आउट हो गए थे।

इस दौरान महाराष्ट्र के पास 104 रन की लीड थी। लेकिन फिर दूसरी पारी में उन्होंने 72 गेंदों पर ये कमाल किया। इस तरह उन्होंने रणजी ट्रॉफी इतिहास का छठा सबसे तेज शतक ठोका। पृथ्वा शॉ हालांकि 156 गेंदों पर 222 रन बनाकर आउट हुए। पारी में उन्होंने 5 छक्के और 29 चौके लगाए। उनका विकेट अर्जुन आजाद ने लिया।

### दूसरा सबसे तेज दोहरा

इसके बाद कुछ समय के भीतर ही उन्होंने अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया। शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा किया। रवि शास्त्री इस लिस्ट में सबसे आगे हैं, जिन्होंने 123 गेंदों पर दोहरा शतक लगाया है। वहीं 200 से भी कम गेंदों में दोहरा शतक लगाने वाले वो दूसरे बैटर हैं। पहले नंबर पर वीरेंद्र सहवाग हैं। शॉ ने शतक के बाद अगले 80 रन सिर्फ 54 गेंदों पर बना दिए। लंच तक वो 126 गेंदों पर 180 रन बनाकर खेल रहे थे और फिर 141 गेंदों पर अपना दोहरा शतक पूरा कर लिया।

### शॉ ने सिर्फ 141 गेंदों पर पूरा की डबल सेंचुरी



### डक के साथ की थी शुरुआत

शॉ पिछले हफ्ते केरल के खिलाफ पहली पारी में बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। लेकिन इसके बाद उन्होंने महाराष्ट्र के खिलाफ फिफ्टी ठोकी। शॉ ने 20 महीने बाद शतक का सूखा खत्म किया। इससे पहले उन्होंने मुंबई के लिए फरवरी 2024 में शतक ठोका था। शॉ टीम इंडिया में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रहे हैं। पिछले साल फिटनेस और अनुशासन की दिक्कतों के चलते उन्हें मुंबई की टीम से ड्रॉप कर दिया गया था।

### यश धुल और दोसेजा के अर्धशतक दिल्ली की कुल बढ़त 329 रन की

**नई दिल्ली।** दिल्ली ने यश धुल की 59 गेंद में 70 रन की आकर्षक पारी और आयुष दोसेजा की 62 रन की नाबाद पारी से हिमाचल प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच के तीसरे दिन सोमवार को अपनी कुल बढ़त 329 रन तक पहुंचा दी। खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म कर दिया गया। दिल्ली ने धुल और दोसेजा के बीच 19.3 ओवर में 125 रन की साझेदारी की बदौलत दूसरी पारी में 32 ओवर में चार विकेट पर 196 रन बना लिए। दिल्ली ने इससे पहले हिमाचल प्रदेश को पहली पारी में 297 रन पर समेट कर पहली पारी में 133 रन की बढ़त हासिल कर ली थी।



### सैनी ने 52 रन देकर लिए तीन विकेट

अनुभवी तेज गेंदबाज नवदीप सैनी ने 52 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि युवा मनी ग्रेवाल ने 47 रन देकर दो विकेट झटके। दिल्ली छह अंक हासिल करने की कोशिश में जुटी है, जिससे हो सकता है कि आखिरी दिन जीत दर्ज करने के लिए वह रात के स्कोर पर ही पारी घोषित कर दे। दूसरे सत्र में बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने तेजी से रन जुटाने के प्रयास में 53 रन तक तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद धुल और दोसेजा ने अच्छी साझेदारी निभाई।

# एशेज टेस्ट में स्मिथ करेंगे ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस पीठ की चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले एशेज टेस्ट से बाहर हो गए हैं और उनकी अनुपस्थिति में स्टीव स्मिथ टीम की कमान संभालेंगे।



कमिंस जुलाई से पीठ की चोट के कारण मैदान से बाहर हैं। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में कहा था कि 21 नवंबर से पर्थ में इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच में उनके खेलने की संभावना कम है। ऑस्ट्रेलिया के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, 'हमने उनके फिट होने के लिए जितना समय तय किया था, वह समाप्त हो गया है। हमने एक सप्ताह पहले ही यह संकेत दे दिया था कि उन्हें फिट होने में चार सप्ताह से अधिक का समय लगेगा और दुर्भाग्यवश हमारे पास समय नहीं बचा है, लेकिन हमें पूरी उम्मीद है कि वह दूसरे टेस्ट मैच में वापसी करेंगे।' उन्होंने कहा, 'वह पिछले कुछ समय से इससे जूझ रहे हैं।

## युवा एशियाई खेल

# भारतीय बैडमिंटन और टेबल टेनिस खिलाड़ी आगे बढ़े, तैराकों ने निराश किया

**बहरीन (भाषा)।** भारतीय खिलाड़ियों ने युवा एशियाई खेलों (एवाईजी) में बैडमिंटन और टेबल टेनिस स्पर्धाओं में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की जिनमें से कई प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए जबकि तीन गुणा तीन बास्केटबॉल टीम को सोमवार को ईरान के हाथों क्वार्टर फाइनल में 10-15 से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन में लड़कियों के एकल वर्ग में वेन्नाला कलागोटला ने राउंड 32 में श्रीलंका की नेथमी रत्नायके को 23-21, 21-10 से हराया जबकि लड़कों के एकल वर्ग में टंकारा तलासिला ने सिंगापुर के टी काई को 21-15, 21-15 से हराकर प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई। परम चौधरी और आन्या बिष्ट की मिश्रित युगल जोड़ी पहले दौर में दक्षिण कोरिया की ना सियोन जे और किम बोहये से 8-21, 15-21 से हार गईं। भारतीय मुक्केबाजों के लिए दिन मिला-जुला रहा जिसमें लैचेनबा सिंह मोइबुंगखोंगबाम ने 50 किग्रा लड़कियों के क्वार्टर फाइनल में फिलीपींस की आम्या जेफरसन को 4-1 से हराया जबकि देवेंद्र चौधरी 75 किग्रा क्वार्टर फाइनल में चीन की गुआन यिवेन से 5-0 से हार गए। उधम सिंह राघव को 54 किग्रा क्वार्टर फाइनल में हार मिली। लड़कों के साइकिलिंग व्यक्तिगत टाइम ट्रायल फाइनल में आदित्य जाखड़ 22:41.54 सेकेंड के समय के साथ छठे स्थान पर रहे जबकि हैंडबॉल में भारतीय लड़कियों ने ग्रुप ए में हांगकांग-चीन को आसानी से 22-12 से हरा दिया। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ियों के लिए दिन अच्छा रहा जिसमें सार्थक आर्य और सिंड्रेला दास ने मालदीव के नफीज ऐशथ और मोहम्मद रफीउ को 11-6, 11-3, 11-4 से हराकर मिश्रित युगल के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दिव्यांशी भौमिक और रित्विक गुप्ता की मिश्रित युगल जोड़ी ने अंतिम 16 में प्रवेश किया।

# भारत के खिलाफ शुरुआती मैच नहीं खेल पाएंगे जंपा

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जंपा निजी कारणों से भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में नहीं खेल पाएंगे। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनकी जगह तनवीर संघा को टीम में शामिल किया है।



यह श्रृंखला 29 अक्टूबर से कैनबरा में शुरू होगी। रिपोर्ट के अनुसार जंपा अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण इस मैच में नहीं खेल पाएंगे। तेईस वर्षीय संघा ने ऑस्ट्रेलिया के लिए सात टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और अपनी लेग स्पिन से 10 विकेट लिए हैं। संघा इस वर्ष की शुरुआत में भारत दौरे पर आई ऑस्ट्रेलिया ए टीम का भी हिस्सा थे। उन्होंने भारत ए के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैचों में सात विकेट लिए थे। जंपा पर्थ में भारत के खिलाफ पहले वनडे में नहीं खेल पाए थे, लेकिन अगले दो मैच में खेले थे। पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच कैनबरा (29 अक्टूबर), मेलबर्न (31 अक्टूबर), होबार्ट (दो नवंबर), गोल्ड कोस्ट (छह नवंबर) और ब्रिस्बेन (आठ नवंबर) में खेले जाएंगे।

## क्रिकेट

# भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम ऐलान

एजेंसी ▶▶| जोहानिसबर्ग

कप्तान तेम्बा बावुमा पिंडली की चोट से उबर गए हैं और उन्हें भारत के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम में शामिल किया गया। यह श्रृंखला 14 नवंबर से शुरू होगी और इसके मैच गुवाहाटी और कोलकाता में खेले जाएंगे। बावुमा हाल ही में पाकिस्तान में हुई दो मैचों की श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। उस श्रृंखला में भाग लेने वाले अधिकतर खिलाड़ियों को टीम में बरकरार रखा गया है। बावुमा मैच अभ्यास की कमी पूरा करने के लिए दो नवंबर से दक्षिण अफ्रीका ए और भारत ए के बीच बेंगलुरु में होने वाले चार दिवसीय मैच में भाग ले सकते हैं। इस मैच से ऋषभ पंत भी चोट से वापसी करेंगे।



### टेस्ट श्रृंखला के लिए दक्षिण अफ्रीका की टीम

तेम्बा बावुमा (कप्तान), एडेन मार्करम, रेयान रिकेल्टन, ट्रिस्टन स्टब्स, काइल वेरिन, डेवाल्ड ब्रेविस, जुबैर हमजा, टोनी डी ज़ोरज़ी, कॉर्बिन बॉश, वियान मुल्डर, मार्को यानसन, केशव महाराज, सेनुरन मुथुसामी, कागिसो रबाडा, साइमन हार्मर।


## स्पेनिश फुटबॉल लीग में मैड्रिड ने बार्सिलोना को 2-1 से हराया

# मैदान में भिड़े रियाल मैड्रिड और बार्सिलोना के खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

रियाल मैड्रिड ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लीगा के एक मैच में बार्सिलोना को 2-1 से हराकर अपने इस चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ पिछले कुछ समय से चला आ रहा हार का सिलसिला तोड़ दिया। इस मैच के बाद हालांकि दोनों टीम के खिलाड़ी एक-दूसरे से भिड़ गए।

ला लीगा के वर्तमान सत्र में यह पहला अवसर था जबकि दोनों टीम एक दूसरे के आमने-सामने थी। काइलियन एमबाप्पे और जूड बेलिंगहैम के गोल की मदद से रियाल मैड्रिड ने जीत हासिल की,जिससे इस प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उसका चार मैचों से चला आ रहा हार का सिलसिला टूट गया। इस जीत से 10 राउंड के बाद रियाल मैड्रिड की बार्सिलोना पर लीग में बढ़त पांच अंक की हो गई।



### खिलाड़ियों के बीच हुई हाथापाई

बार्सिलोना के पेड्री को अंतिम सीटी बजने से ठीक पहले मैदान से बाहर भेजे जाने के बाद दोनों टीमों के बेंच पर मौजूद खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हो गई। यह विवाद मैच खत्म होने के बाद भी जारी रहा, जिसमें मैड्रिड के फॉरवर्ड विनिसियस जूनियर और बार्सिलोना के स्टार फॉरवर्ड लामिन यामल भी शामिल थे। विनिसियस और यामल के बीच मैच के दौरान भी कई बार बहस हुई। विनिसियस ने यामल की ओर इशारा किया कि बार्सिलोना का यह स्टार बहुत ज़्यादा बोल रहा है। मैच के बाद यामल और मैड्रिड के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस और डिफेंडर दानी कार्वाजल के बीच भी बहस हो गई। मैच के बाद हुई झड़प के बाद मैड्रिड के रिजर्व गोलकीपर एंड्री लुनिन को मैदान से बाहर भेज दिया गया तथा विनिसियस उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्हें पीला कार्ड दिखाया गया।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 सीआरपीसी देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अनिल उर्फ टोनी, पुत्र श्री दलीप कुमार निवासी ए-43, राजीव नगर बेगमपुर, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 292/2016 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ टोनी** मिल नही रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ टोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 292/2016 धारा 25/54/59 आर्म्स एक्ट, थाना बेगमपुर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अनिल उर्फ टोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **28.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री दीपक वत्स**
**अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, कमरा नं.101**
**प्रथम तल, रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

**DP/14509/RD/2025**

Divisa
# आँखों को दीजिए कुदरती आई मंत्रा
100% Ayurvedic
Helps In :
• Eye Strain • Eye Dryness
• Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness
असर पहले दिन से
Dr. Juneja's EYE Mantra
12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।
प्रयोग विधि: 2 से 3 ड्रॉप्स दिन में तीन बार या चिकित्सकीय परामर्शानुसार इस्तेमाल करें।
Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 8196822222 • www.eyemantra.com • Available at all leading medical stores




# अमेरिका से 50 युवकों को डिपोर्ट कर भेजा भारत, हाथ में हथकड़ी और पैरों में थीं बेड़ियां

## सभी डंकी रूट से गए, किसी ने जमीन बेची, किसी ने लिया था कर्ज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यह सभी डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें सबसे ज्यादा कैथल जिले के 14 युवक हैं। इससे पहले फरवरी 2025 में कैथल के 12 युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए थे। तीन नवंबर को भी अमेरिका से एक जहाज आएगा। जो युवक डिपोर्ट होकर आए हैं उनके पास सामान का एक-एक बैग ही था। इनको अमेरिका के कैंपों में रखा गया था। ज्यादातर युवक पनामा के जंगलों, निकारो, ग्वाटेमाला से होते हुए अमेरिका पहुंचे थे। कुछ युवक ऐसे थे जो पहले छोटे देशों में गए और वहां से डंकी के रास्ते अमेरिका गए थे। युवकों ने डंकी से अमेरिका जाने के लिए 50 से 70 लाख रुपए खर्च किए थे। किसी ने जमीन बेची तो किसी ने लोन पर पैसे लिए थे। डिपोर्ट होकर कैथल लौटे नरेश कुमार ने बताया कि गांव की अपनी करीब एक एकड़ जमीन बेच कर 42 लाख रुपए और बकाया पैसे ब्याज पर उठाए थे। पैसे लेने के बाद भी एजेंटों ने दूसरे बॉर्डर से अमेरिका भेजा और वहां पहुंचते ही पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद से मैं जेल में ही था। अमेरिका की जेलों और कैंपों में काफी संख्या में भारतीय बंद हैं। अभी बहुत से जहाज भारत आने हैं। मैं तो युवाओं को यही कहूंगा कि कोई भी युवा डंकी के रास्ते से अमेरिका न जाए।

*तीन नवंबर को आ सकता है दूसरा जहाज*

*पहले भी अमेरिका से डिपोर्ट किए गए थे कई भारतीय*

### डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे



*पुलिस ने करीब एक बजे सभी लोगों से अपराधिक व अन्य रिकॉर्ड संबंधित जानकारी एकत्रित कर परिजनों को सौंप दिया। ये सभी युवा डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें से लगभग लोग डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे। इन युवाओं को वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध प्रवास के कारण जेल में भी बंद किया हुआ था।*

### अभी तक किसी ने नहीं दी शिकायत

*हरियाणा के कैथल के डीएसपी ललित यादव ने बताया कि कागजी कार्रवाई और पूछताछ करने के बाद 14 में से 13 युवकों को परिजनों के हवाले कर दिया गया। एक युवक पर राजौंद थाना में शराब तस्करी का केस दर्ज था। उसे किठाना चौकी पुलिस अपने साथ ले गई थी। कागजी प्रक्रिया के बाद नरेश को भी छोड़ दिया गया था। अभी तक किसी युवक ने एजेंट के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज नहीं करवाई है। अगर कोई युवक एजेंट के विरुद्ध शिकायत देता है तो कार्रवाई की जाएगी।*

### 3766 भारतीय किए गए डिपोर्ट

*2009 से 2014 के बीच अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 3766 भारतीयों को वापस भेजा गया। इसकी जानकारी खुद विदेश मंत्री ने पिछले दिनों संसद में दी थी। भारतीयों को जंजीरों में जकड़े जाने का वीडियो देखने के बाद अगर लग रहा है कि ऐसा पहली बार किया गया है, तो आप गलत हैं। सच्चाई ये है कि अवैध भारतीय प्रवासियों को 2012 से ही ऐसे ही भेजा जा रहा है। दरअसल 2012 में यूएस इमिग्रेशन और कस्टम्स एनफोर्समेंट ने एसओपी बनाई, जिसके तहत अवैध प्रवासियों को ऐसे ही उनके देश भेजा जाता है।*

### बेड़ियों में बांधकर दिल्ली लाए गए

डिपोर्ट किए गए सभी युवाओं को जहाज में बेड़ियां पहनाकर बैठाया गया था। हरियाणा कैथल के डीएसपी ललित यादव ने बताया कि पुलिस शनिवार को सभी युवाओं को दिल्ली एयरपोर्ट से कैथल लाई है। उन्हें कैथल में ही रखा गया।

### 2011 में भी हुई थी ऐसी ही कार्रवाई

2011 में कैलिफोर्निया की ट्रि वैली यूनिवर्सिटी स्कैम का पर्दाफाश हुआ था। उस दौरान पता चला कि इस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा था। नतीजतन अमेरिकी प्रशासन ने कई भारतीय स्टूडेंट से पूछताछ की।

### पहले भी डिपोर्ट हुए थे 604 लोग

हरियाणा के 50 और युवक अमेरिका की ट्रंप सरकार ने डिपोर्ट कर दिए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 16 युवक करनाल जिले के हैं। कैथल के 14, कुरुक्षेत्र के 5, पानीपत का एक युवक शामिल है। इससे पहले जनवरी से जुलाई तक भी हरियाणा के 604 युवा डिपोर्ट हुए थे।

## मलेशिया में आसियान सम्मेलन का दूसरा दिन

# जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से की मुलाकात, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई

एजेंसी ▶▶ कुआलालंपुर

भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश सचिव मार्को रुबियो से मुलाकात की। विदेश मंत्री ने इस मुलाकात की तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की। भारत के विदेश मंत्री आसियान शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए मलेशिया पहुंचे हुए हैं। वह भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। वहीं समिट से इतर उन्होंने अन्य देशों के विदेश मंत्रियों से मुलाकात की।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने एक्स पर लिखा कि कुआलालंपुर में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से मुलाकात कर द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई अमेरिकी विदेश मंत्री से मुलाकात को लेकर एस जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज सुबह कुआलालंपुर में मार्को रुबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की सराहना की।

विदेश मंत्री ने कहा-मार्को रुबियो से मिलकर खुशी हुई | द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया बल

### भारत अपने तेल आयात के सोर्स में परिवर्तन चाहता है



एस जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से की मुलाकात

भारत अधिक लाभ के लिए कई देशों से तेल खरीदने की रणनीति पर काम कर रहा है, जिसकी तैयारी पहले से शुरू हो चुकी है अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बीते कुछ दिनों से लगातार दावा कर रहे हैं कि भारत रूस से तेल खरीदना बंद कर देगा या कम कर देगा। इसे लेकर मार्को रुबियो ने कहा कि भारत अपने तेल आयात के सोर्स में परिवर्तन चाहता है। भारत एक देश से ही नहीं, बल्कि अलग-अलग देशों से तेल खरीदने की तैयारी कर रहा है, जिससे उसे ज्यादा फायदा हो और यह तैयारी भारत ने पहले से ही शुरू कर दी थी।

### सिंगापुर और थाईलैंड के समकक्षों से भी मुलाकात हुई

जब अमेरिका के साथ ट्रेड और टैरिफ विवाद शुरू भी नहीं हुआ था, तब से भारत अपनी योजना पर काम कर रहा था। वहीं दूसरी ओर विदेश मंत्री जयशंकर ने रविवार को आसियान शिखर सम्मेलन के दौरान सिंगापुर और थाईलैंड के अपने समकक्षों से मुलाकात की। बैठक के दौरान, जयशंकर और सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन ने दोनों देशों के बीच सहयोग को मजबूत करने के अवसरों पर चर्चा की।

### मुलाकात सकारात्मक रही

### भारत और न्यूजीलैंड मुक्त होकर मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध हैं: जयशंकर



न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात की।

आसियान शिखर सम्मेलन के मौके पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन से भी मुलाकात की। इन बैठकों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। कुआलालंपुर में आयोजित दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के वार्षिक सम्मेलन के दौरान जयशंकर ने यह बैठकें कीं। उन्होंने बताया कि न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन से उनकी मुलाकात बेहद सकारात्मक रही, जयशंकर ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड एक मुक्त और खुले इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के लिए मिलकर काम करने को प्रतिबद्ध हैं।

### मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हसन से मुलाकात की द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की



जयशंकर ने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद हाजी हसन के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की

*वही विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने मलेशियाई समकक्ष मोहम्मद हाजी हसन के साथ गर्मजोशी से मुलाकात की और द्विपक्षीय सहयोग एवं क्षेत्रीय विकास पर चर्चा की। कुआलालंपुर में आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों से इतर जयशंकर की मलेशियाई विदेश मंत्री के साथ कई राजनयिक बैठकों के तहत यह मुलाकात हुई। जयशंकर ने कहा, मलेशिया के विदेश मंत्री मोहम्मद हाजी हसन के साथ गर्मजोशी से मुलाकात हुई। आसियान और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलनों की सफलता के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोमवार को रोम में ब्रिटेन के विदेश सचिव डेविड लैमी के साथ चर्चा की। यह बैठक इटली की मेजबानी में आयोजित जी 7 विदेश मंत्रियों की मीटिंग के आउटरीच सेशन से पहले हुई। इसमें भारत को एक अतिथि देश के रूप में आमंत्रित किया गया है।*

## पाक-तालिबान वार्ता पर संकट

# तालिबान बोला- टीटीपी पर कार्रवाई नहीं करेंगे पाक बोला... तो हम सीजफायर को तोड़ देंगे



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीजफायर पर बातचीत जारी होने के बावजूद तनाव बढ़ता जा रहा है। तुर्की में सीजफायर पर दूसरे दौर की वार्ता के दौरान पाकिस्तान ने सख्ती से अपनी बात रखी है और तालिबान को धमकाने की कोशिश की है।

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में टीटीपी को पनाह मिलने की सूरत में सीजफायर तोड़ने और फिर से हमले करने की चेतावनी दी है। अफगानिस्तान की सत्ता पर काबिज तालिबान भी पाकिस्तान के सामने झुकता नहीं दिख रहा है। इससे दोनों मुल्कों में तनातनी बढ़ती जा रही है। मीडिया को मिली जानकारी के अनुसार पाकिस्तान ने दूसरे दौर की वार्ता के दौरान इंताबुल में अफगान तालिबान शासन के सामने अपना रुख साफ किया है।

### वार्ता में टकराव

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तुर्की और कतर की मध्यस्थता में वार्ता हो रही है। कतर के बाद तुर्की में दोनों पक्षों ने वार्ता की है। कतर में दोनों पक्ष सीजफायर पर राजी हुए थे लेकिन तुर्क में चीजें अच्छी नहीं रही। इस्लामाबाद ने सीमा पार आतंकवाद को खत्म करने के लिए काबुल से ठोस कदमउठाने की मांग इस तनाव की वजह बनी है। पाक सुरक्षा अधिकारियों ने अफगान में पनाह मिलते रहने पर तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की बात कही है। उन्होंने तालिबान पर भड़ते हुए कहा कि अगर पाकिस्तानी सेना टीटीपी पर हमले को मजबूर हुई तो इसकी दोनों देशों को भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। एक सूत्र ने कहा, अफगानिस्तान को भी गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

### पाक-अफगान सीमा पर 5 सैनिकों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर फिर से हिंसा भड़क उठी। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि उसकी कार्रवाई में कम से कम 25 उग्रवादी मारे गए हैं, जबकि संघर्ष में उसके पांच पाकिस्तानी जवान भी मारे हो गए। यह झड़प ऐसे वक्त हुई है जब दोनों देशों के प्रतिनिधि इस्तांबुल में चल रही वार्ता में सीमा तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के अनुसार, शुक्रवार और शनिवार यानी 25 और 26 अक्टूबर को अफगानिस्तान की तरफ से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश की गई।

Blend of 8 effective Ayurvedic Oils
WORLD'S GREATEST BRANDS 2015-16 IUA
Dr. Juneja's डा.ऑर्थो®
Ayurvedic Oil, Capsules, Spray & Ointment
SELECTED NO.1 BRAND INDIA 2014
ज्योतिष्मती तेल ① जोड़ों में सूजन की समस्या को कम करने में मदद करता है।
गन्धपुरा तेल ② जोड़ों के दर्द, मांसपेशियों के दर्द और गठिया में सहायक।
निर्गुण्डी तेल ③ नसों के दर्द और जोड़ों के दर्द में फायदेमंद है।
तारपीन तेल ④ जोड़ों में सूजन और दर्द के लिए सबसे अच्छा विकल्प है।
पुदीना तेल ⑤ पुराने जोड़ों के दर्द की स्थिति में अत्यधिक फायदेमंद है।
कपूर तेल ⑥ विभिन्न जोड़ों के दर्द में बहुत उपयोगी है।
तिल तेल ⑦ मांसपेशियों और जोड़ों के दर्द को कम करने में मदद करता है।
अलसी तेल ⑧ जोड़ों और मांसपेशियों में सूजन को कम करता है।




Clinically Tested* *For efficacy and safety.
24x7 Helpline: 7876977777
www.drorthooil.com
Joints Pain · Back Pain · Shoulder Pain · Wrist Pain
8 गुणकारी आयुर्वेदिक तेलों के योग से निर्मित डा. ऑर्थो तेल अंदर तक समाकर दर्द को जड़ से कम करने में सहायता करता है। आयुर्वेदिक होने के कारण इसका प्रभाव अल्पकालिक नहीं लंबे समय तक बना रहता है। मिलते जुलते नामों, विज्ञापन से सावधान



### वायुसेना ने लद्दाख में गंभीर रूप से बीमार व्यक्ति को पहुंचाया दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने लद्दाख में गंभीर रूप से बीमार एक व्यक्ति को सही समय पर अस्पताल पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। बीमार व्यक्ति को अविलंब एयरलिफ्ट किया गया और चिकित्सा सहायता के लिए दिल्ली लाया गया। लद्दाख से मिली इस आपातकालीन चिकित्सा सहायता की कॉल पर भारतीय वायुसेना ने एक पूरी तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया है। वायुसेना के इस मिशन का उद्देश्य एक 38 वर्षीय लद्दाखी नागरिक को, जो गंभीर स्थिति में था, लेह से दिल्ली पहुंचाकर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना था। वायुसेना के मुताबिक, केंद्रीय शासित प्रदेश लद्दाख प्रशासन के अनुरोध पर भारतीय वायुसेना के सी-130 हरक्यूलिस विमान को अत्यंत कम समय में आपातकालीन मेडिकल इवैक्युएशन मिशन के लिए तैनात किया गया।

## अब दुश्मनों पर कहर बनकर टूटेगी भारतीय नौसेना

# इसरो लॉन्च करने जा रहा खास सैटेलाइट, एलवीएम-3 रॉकेट लॉन्चपैड पर पहुंचा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय नौसेना के लिए इसरो 2 नवंबर को सीएमएस-03, जीसैट-7आर उपग्रह लॉन्च करेगा। यह उपग्रह नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों के बीच संचार को बेहतर बनाएगा, जिससे भारत की समुद्री रक्षा क्षमताएं मजबूत होंगी। इसे श्रीहरिकोटा से एलव्हीएम-3 प्रक्षेपण यान द्वारा प्रक्षेपित किया जाएगा।*

इसरो भारतीय नौसेना के लिए 2 नवंबर को दो खास सैटेलाइट लॉन्च करने जा रहा है। इसका नाम सीएमएस-03 है, जिसे जीसैट-7आर सैटेलाइट भी कहा जाता है। इसकी लॉन्चिंग से भारतीय नौसेना और ताकतवर हो जाएगी और समुद्र में दुश्मनों की साजिश पर नजर रखना आसान हो जाएगा। इसे प्रक्षेपित करने के लिए निर्धारित एलवीएम-3 प्रक्षेपण यान को श्रीहरिकोटा स्थित लॉन्चपैड पर पहुंचा दिया है। इस उपग्रह को पहले 2024 के अंत में प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसमें देरी हो गई।

*इसरो पहली बार रचने जा रहा इतिहास*

*अब समुद्र में चीन की दादागीरी होगी खत्म*

### बढ़ेगी समुद्री ताकत

नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों और विमानों के बीच ध्वनि, वीडियो और डेटा संचारित करने के लिए कई बैंडों का उपयोग करने वाले इस उपग्रह से भारत की समुद्री रक्षा क्षमताओं को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अपनी पांचवीं परिचालन उड़ान में, रॉकेट एलवीएम-3 सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) से 4,400 किलोग्राम वजनी उपग्रह को लेकर उड़ान भरेगा।

### इसरो ने प्रक्षेपण की तैयारी तेज की



एलवीएम-3 को लॉन्चपैड पर स्थापित करने के साथ ही इसरो ने मिशन के लिए प्रक्षेपण-पूर्व कार्य शुरू कर दिया है, जिसके प्रक्षेपण पर पिछले कुछ दिनों से चक्रवात की भविष्यवाणी के कारण कड़ी नजर रखी जा रही थी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109